हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 24 जुलाई, 2025 वर्ष : 13 अंक : 65 मूल्य : 3 रुपए

www.koylanchalsamvad.com

YouTube Subscribe Koylanchal samvad news

गाजियाबाद में नकली दूतावास खोला, 4 फर्जी देश बनाए:आरोपी लंदन... | मस्जिद पर सपा सांसदों का जाना आस्था बनाम राजनीतिक... | मिंत्रा पर 1654 करोड़ की गड़बड़ी का केस: इंडी ने विदेशी...

## पूर्व सांसद कड़िया मुंडा व हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मिलने पहुंचे सीएम हेमंत

# सीएम ने की घोषणा, कहा- झारखंड में बनेगा न्यूरो रिहैबिलिटेशन सेंटर

**रांची:** रांची के मेडिका अस्पताल में इलाजरत पूर्व सांसद सह भाजपा के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा से मिलने सीएम हेमंत सोरेन पहुंचे. मुख्यमंत्री ने कड़िया मुंडा से उनका हालचाल जाना. साथ ही अस्पताल के चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. मालूम हो कल मंगलवार को सांस लेने में तकलीफ होने की शिकायत के बाद पूर्व सांसद को रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया.

### जनवरी में भी बिगड़ी थी तबीयत

पूर्व सांसद पद्म विभूषण कड़िया मुंडा की तबीयत दो साल पहले भी न्यूमोनिया के कारण खराब हुई थी. इसके बाद उनकी तबीयत फिर जनवरी 2025 में भी बिगड़ी थी. इसके कुछ दिन बाद ब्लड शुगर लेवल गिरने और बेचैनी महसूस होने के बाद उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया था. उस समय मेडिका में इलाज के बाद वह ठीक होकर घर चले गये थे.





### सीएम हेमंत क्यूरेस्टा अस्पताल पहुंचकर विमल लकड़ा का जाना हालचाल

सीएम हेमंत सोरेन ने आज क्यूरेस्टा अस्पताल पहुंचकर पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना. उन्होंने डॉक्टर्स से उन्हें दी जा रही चिकित्सा सुविधा के बारे में जानकारी ली. हेमंत सोरेन ने मरांग बुरु से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की. मौके पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि झारखंड में जल्द ही न्यूरो रिहैबिलिटेशन की स्थापना की जाएगी, ताकि न्यूरोलॉजिकल समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों में न जाना पड़े. इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि हम सभी उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं. उन्होंने विश्वास जताया कि दिशोम गुरु जल्द हमारे बीच स्वस्थ लौटेंगे. डॉ संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विमल लकड़ा की हालत में लगातार सुधार हो रहा है और अगले तीन से चार दिनों में उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है. उन्होंने कहा कि फिलहाल वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं, लेकिन उनकी स्थिति संतोषजनक है. डॉ संजय कुमार ने सीएम की सराहना करते हुए कहा कि वे स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बेहद संवेदनशील हैं और राज्य के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं. बता दें कि विमल लकड़ा करीब एक माह से अस्पताल में भर्ती है. जानकारी के अनुसार, वे सिमडेगा स्थित अपने पैतृक गांव में खेत में काम करने के दौरान गिरकर बेहोश हो गये थे. जिसके बाद उन्हें सिमडेगा सदर अस्पताल ले जाया गया था. जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया. इसके बाद रांची के क्यूरेस्टा अस्पताल में उनको भर्ती किया गया.

# जस्टिस तरलोक सिंह चौहान बने झारखंड के मुख्य न्यायाधीश

## राज्यपाल संतोष गंगवार ने दिलाई शपथ



**रांची:** जस्टिस तरलोक सिंह चौहान झारखंड हाइकोर्ट के नये मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं. आज 23 जुलाई को राजभवन में सुबह 10 बजे से आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नये मुख्य न्यायाधीश को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. शपथ ग्रहण समारोह में जस्टिस तरलोक सिंह चौहान के परिजनों के साथ-साथ राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े नामचीन हस्ती के अलावे न्यायपालिका से जुड़े बड़ी संख्या में न्यायविद मौजूद रहे. शपथग्रहण के बाद राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पुष्पगुच्छ भेंटकर नये मुख्य न्यायाधीश को बधाई दी. शपथग्रहण समारोह में मौजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी नये मुख्य न्यायाधीश को बधाई दी. शपथग्रहण समारोह में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के अलावे विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, राज्य सरकार के कई मंत्री और झारखंड हाईकोर्ट के कई न्यायाधीश मौजूद रहे. गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश के शिमला जिला के रोहड़ू से संबंध रखने वाले जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को झारखंड के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्रन के त्रिपुरा हाईकोर्ट में तबादले के बाद चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है.

**झारखंड के 17वें मुख्य न्यायाधीश बने तरलोक सिंह चौहान**

जस्टिस तरलोक सिंह चौहान झारखंड हाईकोर्ट के 17वें मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं. राजभवन स्थित बिरसा मंडप में आयोजित शपथग्रहण स्थल को इस मौके पर विशेष रूप से सजाया गया. कार्यक्रम के बाद वे सीधे हाईकोर्ट के लिए रवाना हुए और मुख्य न्यायाधीश के रुप में कार्यभार संभाला. जस्टिस तरलोक सिंह चौहान हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में वरिष्ठतम न्यायाधीश थे. उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा शिमला से पूरी की थी. इसके बाद पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से कानून की पढ़ाई की. वर्ष 1989 में उन्होंने हिमाचल प्रदेश स्टेट बार काउंसिल में बतौर अधिवक्ता नामांकन कराया और वकालत शुरू की.

# संक्षिप्त खबरें

## भारत और ब्रिटेन सीमा पार आतंकवाद पर करेंगे चर्चा: विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली,(ईएमएस)। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने आज से शुरू होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय ब्रिटेन यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच सीमा पार आतंकवाद जैसे मुद्दों और इस तरह की चुनौतियों का दृढ़ता से जवाब देने की आवश्यकता के बारे में विचार साझा किए जाएंगे। पाकिस्तान का आतंकवादी संगठन टीआरएफ कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल रहा है। जिसमें इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में नागरिकों पर हुआ जघन्य हमला भी शामिल है। हमले की जिम्मेदारी इस संगठन ने दो बार ली है। संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश विभाग ने हाल ही में टीआरएफ को एक विदेशी आतंकवादी संगठन, एक विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी और पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा का प्रतिनिधि घोषित किया है। मुझे यकीन है कि हमारे ब्रिटिश सहयोगियों को इस घटनाक्रम की जानकारी है, लेकिन इससे हमें सीमा पार आतंकवाद जैसे मुद्दों और ऐसी चुनौतियों का दृढ़ता से जवाब देने की आवश्यकता पर आगे विचार साझा करने का अवसर मिलेगा। पिछले सप्ताह टीआरएफ को आतंकवादी संगठन घोषित करते हुए अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था कि यह कार्रवाई हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा, आतंकवाद का मुकाबला करने और पहलगाम हमले के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के न्याय के आह्वान को लागू करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का मुखौटा और प्रतिनिधि संगठन, टीआरएफ ने 22 अप्रैल, 2025 को हुए पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। यह 2008 में लश्कर द्वारा किए गए मुंबई हमलों के बाद भारत में नागरिकों पर किया गया सबसे घातक हमला था। भारत ने वाशिंगटन के इस फैसले का स्वागत किया था और इसे समय पर उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया था।

## स्पाइसजेट को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, कलानिधि मारन का 1323 करोड़ का दावा खारिज

नई दिल्ली,(ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को स्पाइसजेट और उसके चेयरमैन अजय सिंह के पक्ष में बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने कलानिधि मारन और उनकी कंपनी केएएल एयरवेज की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने स्पाइसजेट से 1323 करोड़ रुपये हर्जाना मांगा था। यह याचिका दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने के लिए दाखिल की गई थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसमें जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस अतुल चंदूरकर शामिल थे, ने यह कहते हुए हस्तक्षेप से इनकार किया कि याचिकाएं समय पर दाखिल नहीं की गईं और कोर्ट से जानबूझकर तथ्य छिपाए गए। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के बाद स्पाइसजेट के शेयरों में तेजी देखने को मिली। बीएसई पर कंपनी के शेयर 6.51फीसदी की बढ़त के साथ 40.58रुपये पर पहुंच गए। यह विवाद 2015 में शुरू हुआ, जब स्पाइसजेट गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रही थी। तब मारन और उनकी कंपनी केएएल एयरवेज ने अपनी पूरी हिस्सेदारी सिर्फ 2 रुपये में अजय सिंह को सौंप दी थी।

## जस्टिस वर्मा केस से हटे सीजेआई गवई: कहा- मैं सुनवाई नहीं कर सकता, क्योंकि पहले भी इसका हिस्सा रहा

जस्टिस यशवंत वर्मा के कैश कांड की सुनवाई से चीफ जस्टिस बीआर गवई ने खुद को अलग कर लिया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा,' मेरे लिए इस केस की सुनवाई में शामिल होना उचित नहीं होगा, क्योंकि मैं पहले भी इसका हिस्सा रहा हूं।' दरअसल, 19 जुलाई जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें उन्होंने इन-हाउस कमेटी की रिपोर्ट और महाभियोग की सिफारिश रद्द करने की अपील की थी। रिपोर्ट में घर में कैश मिलने के मामले में जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस वर्मा की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने दलील रखी। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ संवैधानिक मुद्दे हैं। कृपया जल्द से जल्द बेंच गठित करें। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले पर सुनवाई के लिए नई बेंच गठित करेंगे। दूसरी तरफ, संसद में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही भी शुरू हो गई है। जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए 152 सांसदों ने 21 जुलाई को लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन सौंपा।

# आईआरसीटीसी मामले में लालू-राबड़ी और अन्य के खिलाफ आरोप तय करने पर फैसला 5 अगस्त को

**भारतीय** रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक मामले में दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, उनके बेटे तेजस्वी यादव और अन्य के खिलाफ आरोप तय करने का फैसला 5 अगस्त तक के लिए टाल दिया. आरोपों पर 29 मई को बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. लालू प्रसाद यादव उनकी पत्नी राबड़ी देवी और उनके बेटे तेजस्वी यादव ने इस मामले में सीबीआई द्वारा उन पर लगाये गये भ्रष्टाचार और अन्य आरोपों का खंडन किया है. इन आरोपों में आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी भी शामिल है. इस केस में आरोपियों को अधिकतम 7 साल की जेल की



सजा का प्रावधान है. लालू परिवार के तीनों प्रमुख सदस्यों ने अपने वकील के माध्यम से कोर्ट में दावा किया है कि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई के पास पर्याप्त सबूत नहीं हैं. कांग्रेस की अगुवाई वाली यूपीए की पहली सरकार में लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री थे. मंत्री के रूप में उन्होंने सीबीआई द्वारा उन पर मुकदमा चलाने के लिए प्राप्त मंजूरी की वैधता पर सवाल उठाया था. केंद्रीय जांच एजेंसी ने 28 फरवरी को अदालत को बताया कि आरोपियों पर मुकदमा चलाने के लिए उसके पास पर्याप्त सबूत मौजूद हैं. यह मामला आईआरसीटीसी के 2 होटलों के संचालन का ठेका एक निजी कंपनी को देने में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है.

**रांची के बीएनआर समेत 2 होटलों के रख-रखाव का निजी कंपनी को दिया पट्टा**

सीबीआई के आरोपपत्र में कहा गया है कि वर्ष 2004 और वर्ष 2014 के बीच एक साजिश रची गयी थी, जिसके तहत ओडिशा के पुरी और झारखंड की राजधानी रांची स्थित भारतीय रेलवे के बीएनआर (बंगाल नागपुर रेलवे) होटलों को पहले आईआरसीटीसी को ट्रांसफर किया गया. बाद में इनके संचालन और रख-रखाव के लिए दोनों होटलों को पटना स्थित सुजाता होटल्स प्राइवेट लिमिटेड को पट्टे पर दे दिया गया.

# तेतुलिया लैंड स्कैम: पुनीत अग्रवाल की जमानत याचका पर अब 26 जुलाई को होगी सुनवाई

**रांची:** बोकारो जिला के तेतुलिया मौजा स्थित करीब 100 एकड़ से अधिक वन भूमि की अवैध खरीद-बिक्री के आरोपी राजवीर कंस्ट्रक्शन के मालिक पुनीत अग्रवाल की जमानत याचिका पर सीआईडी की विशेष अदालत में सुनवाई हुई. बुधवार की सुनवाई के दौरान सीआईडी की ओर से डायरी पेश नहीं की जा सकी. जिसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए शनिवार की तिथि निर्धारित की है. वहीं इसी केस के दो अन्य आरोपियों वीर अग्रवाल और विमल अग्रवाल की अग्रिम जमानत याचिका पर भी शनिवार को सुनवाई होगी, क्योंकि इस मामले में भी एजेंसी ने अब तक केस डायरी पेश नहीं की है. पुनीत अग्रवाल को सीआईडी ने पिछले सोमवार को गिरफ्तार किया था. पुनीत, वीर अग्रवाल और विमल अग्रवाल पर आरोप है कि राजवीर कंस्ट्रक्शन कंपनी के माध्यम से तेतुलिया मौजा के उस वनभूमि के लिए उमायुष कंपनी को तीन करोड़ चालीस लाख रुपए उक्त जमीन के एवज में भुगतान किया था. आरोपों के मुताबिक, बोकारो के तेतुलिया में 100 एकड़ से ज्यादा वन भूमि को फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दिया गया. इसमें भू-माफिया, अंचल कर्मी और बोकारो स्टील प्लांट के अफसरों की मिली भगत है. यह वो जमीन है, जिसे बोकारो स्टील प्लांट के द्वारा वन विभाग को वापस लौटाया गया.

# झारखंड में फिर दिखेगा मानसून का रौद्र रूप, 24 से 28 जुलाई को भारी बारिश का अलर्ट

**रांची :** झारखंड में एक बार फिर भारी बारिश का दौर शुरू होनेवाला है. इस दौरान मानसून अपना रौद्र रूप दिखा सकता है. 24, 25, 26, 27 और 28 जुलाई को राज्य में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है. 25, 26 और 27 जुलाई को भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. तेज हवाएं भी चल सकती हैं. गरज के साथ वज्रपात की भी आशंका है. मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.



### तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की चेतावनी

झारखंड के पूर्वी एवं निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर 24 जुलाई को भारी बारिश हो सकती है. गरज के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं. 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं. वज्रपात भी हो सकता है. मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है.

### भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट

25 जुलाई को राज्य के दक्षिण पूर्वी भागों में कहीं-कहीं पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है. मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. उत्तर-पश्चिम भाग में कुछ जिलों को छोड़कर शेष भागों में कहीं-कहीं पर भारी बारिश हो सकती है. गरज के साथ वज्रपात भी हो सकता है. तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है.

### कहीं-कहीं पर हो सकती है बहुत भारी बारिश

झारखंड के दक्षिण एवं मध्यवर्ती भागों में कुछ स्थानों पर 26 जुलाई को कहीं-कहीं पर भारी बारिश और कहीं-कहीं पर बहुत भारी बारिश हो सकती है. ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. राज्य के उत्तर-पश्चिम भागों में कहीं-कहीं पर भारी बारिश हो सकती है. गरज के साथ वज्रपात भी हो सकता है. इस बाबत येलो अलर्ट जारी किया गया है.

### भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

झारखंड के दक्षिण-पश्चिमी भागों में 27 जुलाई को कहीं-कहीं पर भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है. ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. राज्य के पश्चिमी एवं निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर भारी बारिश हो सकती है. इस दौरान गरज के साथ वज्रपात की भी आशंका है. मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है. 28 जुलाई को भी कहीं-कहीं पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है.

# 52 लाख मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाएंगे, चुनाव आयोग ने जारी किए आंकड़े

**पटना:** बिहार में जारी वोटर लिस्ट रिवीजन के तहत मतदाता सूची से 52 लाख से ज्यादा वोटर्स के नाम कट सकते हैं. जिसमें वो मतदाता शामिल है, जो मृत बताए जा रहे हैं, जो दूसरी जगह शिफ्ट हो गए हैं और जिनके एक से ज्यादा जगह पर नामांकन है. बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत वोटर लिस्ट से 52 लाख मतदाताओं का नाम कटना तय माना जा रहा है. चुनाव आयोग ने एसआईआर के ताजा आंकड़े जारी किए हैं. आयोग ने 52.30 लाख मतदाताओं की लिस्ट साझा की है, जो कथित तौर पर मृत हैं या स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं या कई स्थानों पर नामंकित हैं. जिसमें 18 लाख 66 हजार 869 मतदाताओं के मृत होने की सूचना है.

26 लाख 11031 इसतरह के मतदाता हैं जो दूसरी जगह शिफ्त हो गए हैं. 7 लाख 50 हजार 742 इस तरह के वोटर हैं, जो एक से ज्यादा जगह नामांकित हैं. 11 हजार 484 इसतरह के मतदाता है. जिनका कोई पता नहीं है. अपने पते पर नहीं मिलने वाले इसतरह के मतदाता कुल 6.62 फीसदी हैं.




24 जून 2025 तक कुल वोटर 7.89,69,844 में 90 फीसदी से ज्यादा मतदाताओं को गणना पपत्र मिल चुके हैं. जिनकी संख्या 7,16.04102 है, वहीं 90.37 फीसदी यानी 7.13.65,460 रिवीजन फार्म आनलाइन जमा हो चुके हैं. सिर्फ 2.70 फीसदी लोगों के ही फार्म जमा नहीं हुए हैं. कुल 97.30 फीसदी वोटर एसआईआर में कवर हुए हैं.

### 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक मसौदा मतदाता सूची पर आपत्तियाँ दर्ज की जा सकेंगी

बिहार में चल रहे एसआईआर में यह सुनिश्चित करने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं कि सभी पात्र मतदाताओं को 1 अगस्त, 2025 को प्रकाशित होने वाली मसौदा मतदाता सूची में शामिल किया जाए. बिहार के सभी 12 प्रमुख राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों द्वारा नियुक्त लगभग 1 लाख बीएलओ, 4 लाख स्वयंसेवक और 1.5 लाख बीएलए सहित पूरी चुनाव मशीनरी उन मतदाताओं की तलाश में एक साथ काम कर रही है. जिन्होंने अभी तक अपने गणना प्रपत्र (ईएफ) जमा नहीं किए हैं या अपने पते पर नहीं पाए गए हैं. सीईओ/डीईओ/ईआरओ/बीएलओ ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें की हैं और उन 21.36 लाख मतदाताओं की विस्तृत सूची साझा की है जिनके प्रपत्र अभी तक प्राप्त नहीं हुए 24 जून 2025 के एसआईआर आदेश के अनुसार, 1 अगस्त से 1 सितंबर, 2025 तक, किसी भी आम आदमी को ड्राफ्ट मतदाता सूची में आपत्ति दर्ज कराने के लिए एक महीना का समय उपलब्ध होगा.

# 8वां वेतन आयोग एक जनवरी 2026 से लागू हो रहा: कर्मचारियों की मांग- पुरानी पेंशन स्कीम बहाल हो

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार 8वें वेतन आयोग को 1 जनवरी 2026 से लागू करेगी। इस बीच स्टाफ रिप्रेजेंटेटिव ने हाल ही में आयोग को कई जरूरी सिफारिशें सौंपी हैं। इन सिफारिशों में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने और हेल्थ-एजुकेशन से जुड़े लाभों को बढ़ाने की मांग शामिल है। केंद्र सरकार ने इस वेतन आयोग को 16 जनवरी 2025 को मंजूरी दी थी, जो देश भर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के वेतन और लाभों की समीक्षा करेगा।

कर्मचारी प्रतिनिधियों ने 2004 के बाद नौकरी शुरू करने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करने की मांग की है। यह मांग लंबे समय से कर्मचारियों की एक बड़ी चिंता रही है। इसके अलावा कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए कैशलेस मेडिकल फैसिलिटी लागू करने का प्रस्ताव भी दिया गया है, जिससे हेल्थ सर्विसेज तक पहुंच आसान होगी और प्रशासनिक परेशानियां कम होंगी।

### चाइल्ड एजुकेशन अलाउंस देने की मांग

प्रतिनिधियों ने कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा के लिए चाइल्ड एजुकेशन अलाउंस देने की मांग की है। साथ ही हॉस्टल सब्सिडी को पोस्ट ग्रेजुएट लेवल तक बढ़ाने का प्रस्ताव भी रखा गया है, ताकि हायर एजुकेशन की बढ़ती लागत को देखते हुए कर्मचारियों को आर्थिक राहत मिल सके। ये कदम सरकारी कर्मचारियों के लिए उनके बच्चों की पढ़ाई के खर्च को संभालने में मददगार साबित होंगे। सैलरी, पेंशन और अलाउंस (भत्ते) को रिवाइज किए जाने से 50 लाख से ज्यादा केंद्र सरकार के कर्मचारियों और लगभग 65 लाख पेंशनर्स को फायदा मिलेगा, जिनमें रक्षा कर्मी भी शामिल हैं।

### कर्मचारियों की बेसिक सैलरी 51,000 हो सकती है

उम्मीद लगाई जा रही है कि 8वें वेतन आयोग के लागू होने के बाद लेवल-1 के केंद्रीय कर्मचारियों की बेसिक सैलरी 18,000 रुपए से बढ़कर 51,000 रुपए तक हो सकती है। आयोग 2.86 तक का फिटमेंट फैक्टर लागू कर सकता है। इसी कारण सैलरी में ये बढ़ोतरी होगी। फिटमेंट फैक्टर के आधार पर इसी तरह अन्य लेवल्स के कर्मचारियों की सैलरी में भी बढ़ोतरी होगी। सरकार को सुझाव दिया गया था कि कर्मचारियों के लेवल को भी मर्ज किया जाए। यानी, 6 लेवल को मर्ज कर 3 कर दिया जाए।

## संक्षिप्त खबरें...

### मुखिया के प्रयास से सब्जी मंडी को मिला कचरा उठाने के लिए रिक्शा



बड़कागांव(हजारीबाग)। बड़कागांव मुखिया संघ के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार के प्रयास से बड़कागांव डेली सब्जी मंडी से निकलने वाले सूखें कचरें से निपटारा के लिए रिक्शा उपलब्ध कराया गया। रंजीत कुमार ने बताया कि सूखें कचरों को ले जाने के लिए रिक्शा नहीं होने के कारण डेली सब्जी मंडी में जहां- तहां कचरा का ढेर लगा रहता था जिस कारण प्रदूषण फैलने की प्रबल संभावना बनी रहती थी। ग्रामीण एवं सब्जी खरीदने के लिए आने वाले लोगों के द्वारा इसकी शिकायत मिलते रहती थी जिसे देखते हुए मैं प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल से बात किया तो उन्होंने कचरे से निपटने के लिए रिक्शा मुहैया कराया। उपस्थित ग्रामीणों ने रंजीत कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी की इस कार्य के लिए सराहना की।

### शशि बागे ने कांवरियों को अंग वस्त्र देकर देवघर के लिए किया रवाना



बड़कागांव(हजारीबाग)।बड़कागांव सूर्य मंदिर कुशवाहा समाज के युवाओं ने बाबा बैजनाथ धाम देवघर में जलाभिषेक को लेकर जत्था रवाना हुआ। इसके पूर्व काली मंदिर प्रांगण में बड़कागांव केनरा बैंक शाखा प्रबंधक शशि कुमार बागे ,दिनेश सिन्हा एवं वीरेंद्र मेहता के द्वारा शिव भक्तों को अंग वस्त्र एवं कुछ आर्थिक सहयोग देकर मंगल कामना के साथ रवाना किया। मौके पर केनरा बैंक प्रबंधक शशि कुमार बागे श्मशान घाट सेवा समिति अध्यक्ष दिनेश सिन्हा, देवी मंडप मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता, शिक्षक कमलेश प्रसाद,शिव भक्तों,रौशन कुमार, संदीप कुमार, सरोज मेहता ,नीरज कुमार ,राकेश कुमार,अश्वनी कुमार, सुजीत कुमार, प्रकाश कुमार, सत्री कुमार ,धीरज कुमार ,दीपक कुमार ,पिंटू कुमार, तुलसी राणा, कृष्णा कुमार, विपिन कुमार, दीपक कुमार ,रुपेश कुमार रवाना हुए।

### उपायुक्त को पत्र लिखकर मुखिया नीलम मिंज ने पुलिया एवं सड़क निर्माण की किया मांग

बड़कागांव(हजारीबाग)।बड़कागांव प्रखंड के अति सुदरवर्ती पंचायत आंगों अंतर्गत के कई गांव टोला अब तक मुख्य सड़क से नहीं जुड़ पाई है।ग्रामीणों का कहना है कि वोट के समय कई जनप्रतिनिधि आते हैं। वोट मांगते हैं।वोट लेते हैं और फिर वादे नहीं निभाते हैं।मामले को लेकर पंचायत की मुखिया नीलम मिंज ने हजारीबाग उपायुक्त को पत्र लिखकर पंचायत की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया है।पत्र उप विकास आयुक्त हजारीबाग को सौंपा गया।मुखिया नीलम मिंज ने बताया कि आंगो पंचायत आदिवासी बहुलक क्षेत्र में निम्नलिखित मूलभूत आवश्यकताएं है :- जिसमें मुख्य रूप से ग्राम सिमराजरा में जगदीश मांझी के घर से पथलकुदवा फुटबॉल मैदान मुख्य सड़क तक सड़क निर्माण , ग्राम बरतुआ टोला हेंदा में महावीर करमाली के घर से ग्राम सोहादी मुख्य सड़क तक कालीकरण सड़क एवं नाला में पुलिया का निर्माण एवं ग्राम गुड़कुआ में सुधीर मिंज के घर से समीम खान के दुकान तक मुख्य सड़क निर्माण की समस्या से हजारीबाग उपायुक्त को अवगत कराया।

### नीलाम पत्र वादों के सत्यापन में तेजी लाने को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

हजारीबाग। हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में नीलाम पत्र वादों के सत्यापन और लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी संबंधित पदाधिकारी लक्ष्य के अनुरूप राजस्व हासिल करना सुनिश्चित करें और सप्ताह में कम-से-कम दो दिन नीलाम पत्र वादों की सुनवाई करें। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि नोटिस वितरण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए नोटिस करने वाले व्यक्ति को प्रशिक्षित किया जाए, ताकि नोटिस सही स्थान पर समय पर पहुंचे। उन्होंने बैंकों को भी सर्टिफिकेट केस के लिए नोटिस जारी करने का निर्देश दिया और संबंधित विभागों को राजस्व वसूली की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त के अलावे अपर समाहर्ता, डीआरडीए निदेशक, बरही अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह आज,शामिल होंगे राज्यपाल,तैयारी पूरी



संवाददाता विश्रामपुर ( पलामू ) : विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह गुरुवार को होगा। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उपस्थित रहेंगे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ• ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। मालूम हो कि पलामू उपयुक्त समीरा एस सहित जिला प्रशासन के कई आलाधिकारियों ने मंगलवार को ही कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया था। उपयुक्त ने सुरक्षा व व्यवस्था को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया था। इधर राज्यपाल के आगमन को लेकर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

### बाघमारा के केसरगढ़ा में चाल धंसने की घटना पर आजसू पार्टी हमलावर



रांचीः आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि धनबाद जिले के बाघमारा थाना क्षेत्र के केसरगढ़ा क्षेत्र में अवैध कोयला खनन के दौरान चाल धंसने की घटना में राज्य सरकार और पुलिस–प्रशासन कोयला माफिया आगे नतमस्तक दिखे। आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के घटना स्थल पर पहुंचने और फिर बाघमारा थाना में धरना पर बैठ जाने पर दुर्घटना के 24 घंटे बाद बचाव कार्य शुरू हो पाया, नहीं तो पुलिस–प्रशासन मामला दबाने की फिराक में था। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री प्रभाकर ने कहा कि पुलिस–प्रशासन कोयला माफिया के दबाव में चाल धंसने की घटना से ही इनकार करता रहा। लेकिन आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी बाघमारा थाना में जाकर यह कहते हुए बैठ गए कि जब तक रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू नहीं होगा तब तक वह थाना से नहीं उठेंगे। तब जाकर दुर्घटना के 24 घंटे बाद रेस्क्यू शुरू हुआ।

# दिन के व्यस्तम समय में ऑफलाइन पर्ची बंद होने पर सुप्रिटेंडेंट से मिले सांसद मीडिया प्रतिनिधि

**बिना मोबाइल के इलाज कराने आने वाले जरूरतमंद मरीजों के लिए ऑफलाइन पर्ची काउंटर संचालन का किया आग्रह**



हज़ारीबाग। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) का क्रियान्वयन जहां एक सराहनीय पहल है, वहीं हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को ऑनलाइन पर्ची बनवाने में आ रही समस्याओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। इन दिनों यहां कई जरूरतमंद मरीजों को इस नई व्यवस्था के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। फिलहाल रात 10:00 बजे से अहले सुबह 8:00 बजे तक के अवधि के लिए ही ऑफलाइन पर्ची काटा जाता है और दिन के पिक आवर में सिर्फ़ ऑनलाइन पर्ची ही दिया जाता है। जिसके कारण बिना मोबाइल के यहां इलाज़ कराने आने वाले जरूरतमंद मरीजों या तो रात का इंतजार करना पड़ता है या बिना इलाज के ही लौटना पड़ता है।इस गंभीर समस्या को पिछले कई दिनों से करीब से महसूस करने के उपरांत बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इसे लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुप्रिटेंडेंट डॉ.अनुकरण पूर्ति से मुलाक़ात की और उनसे आग्रह किया कि ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन पर्ची की सुविधा भी यथावत रखी जाए, ताकि जिनके पास मोबाइल नहीं है या जीवन-रक्षा की स्थिति में अविलंब ऑफलाइन पर्ची देकर इलाज शुरू किया जा सके। सुदूरवर्ती क्षेत्र से कई ऐसे मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं जिनके पास मोबाइल नहीं होता है उनके लिए ऑनलाइन पर्ची बनवाना संभव नहीं हो सकता है। जरूरतमंद मरीजों का ऑफलाइन पर्ची से चिकित्सक भी इलाज इसे भी सुनिश्चित करवाने की कृपया करें। साथ ही पूर्णतः ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लागू करने से पहले लोगों में विशेष जागरुकता अभियान चलाकर इसके प्रति जागृति लाई जाय, यहां रजिस्ट्रेशन काउंटर की संख्या बढ़ाई जाए। मरीजों और उनके परिजनों को ऑनलाइन पर्ची बनवाने में मदद करने के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मचारी रजिस्ट्रेशन काउंटर के समीप उपलब्ध हों और उन्हें हरसंभव सहयोग करें।सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी की मांग पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुप्रिटेंडेंट डॉ. अनुकरण पूर्ति ने उन्हें आश्वस्त किया कि ऐसे जरूरतमंद मरीजों के लिए जल्द ही ट्रामा सेंटर में एक ऑफलाइन पर्ची काउंटर की सुविधा शुरू की जाएगी और इसका निर्देश भी मैंने वहां के इंचार्ज स्टॉफ को दे दिया है।सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने जरूरतमंद मरीजों की सुविधा और त्वरित इलाज हमसभी की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और इस दिशा में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देशानुसार हमारा प्रयास जारी सदैव जारी रहेगा।

# मुन्ना सिंह ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज की अव्यवस्थाओं पर लिया संज्ञान

**निजी मीडिया प्रतिनिधि विक्की कुमार धान को अस्पताल भेजकर जमीनी स्थिति का कराया अवलोकन**



हज़ारीबाग। कांग्रेस पार्टी के पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने बुधवार को जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सक्रिय पहल की। उन्होंने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग में व्याप्त समस्याओं की जानकारी मिलते ही अपने निजी मीडिया प्रतिनिधि विक्की कुमार धान को निर्देशित किया कि वे अस्पताल जाकर वहां की वास्तविक स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन करें और जनता की समस्याओं को अस्पताल प्रशासन के समक्ष रखें। विक्की कुमार धान ने मौके पर अस्पताल के अधीक्षक एवं प्रथम अपीलीय पदाधिकारी प्रो. अनुकरण पूर्ति से शिष्टाचार मुलाकात की और अस्पताल में व्याप्त प्रमुख समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में 22 जुलाई से 27 जुलाई तक बंद पड़ी अल्ट्रासाउंड सेवा को पुनः शुरू कराने, सभी वार्डों में शुद्ध पेयजल (आरओ) की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने,अस्पताल परिसर में सुव्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था करने, शिशु वार्ड में खराब पड़े पंखों जैसी बुनियादी सुविधाओं की मरम्मत एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा पूरे परिसर में स्वच्छता एवं सफ़ाई की नियमित निगरानी करने की आवश्यकता को रेखांकित किया।प्रो.पूर्ति ने आश्वस्त किया कि सभी बिंदुओं पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस पूरी पहल के संबंध में मुन्ना सिंह ने स्पष्ट कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका कर्तव्य है,और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अस्वीकार्य है। उन्होंने यह भी कहा कि वे केवल नारों पर विश्वास नहीं करते,बल्कि ज़मीनी स्तर पर वास्तविक काम करना ही उनका उद्देश्य है।

# पुलिस ने की बड़ी सफलता हासिल,आतंक फैलाने वाला कुख्यात अपराधी को किया गिरफ्तार



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग जिला अंतर्गत केरेडारी थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। हजारीबाग,चतरा एवं लातेहार जिले में आतंक फैलाने वाला कुख्यात अपराधी लातेहार बालूमाथ थाना क्षेत्र के ग्राम भगिया बरवा टोला निवासी कुख्यात अपराधी राहुल गंझू पिता नारायण गंझू को केरेडारी पुलिस ने मनातू गांव से गिरफ्तार किया है।छापामारी का नेतृत्व केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार कर रहे थे।जिनके साथ पुअनी अनूप कुमार, टिंकू कुमार, हेमराज कुमार एवं पुलिस जवान शामिल थे।केरेडारी पुलिस ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर सफलता हासिल की है।पुलिस ने उसके पास एक बजाज कम्पनी के डोमिनार मोटरसाकिल एवं एक मोबाइल फोन बरामद की है।पुलिस को इसकी तलाश थी जिसने 01 जून 2025 को केरेडारी के पाण्डु गांव स्थित बीजीआर कंपनी में रात दो स्कैनिया वाहन पर फायरिंग कर आग के हवाले किया था।साथ ही 2024 में बुकरु मोड़ स्थित पीएनएम कंपनी में फायरिंग करने का आरोप उसपर है।इसके ऊपर केरेडारी थाना में 01 पगार ओपी में 06 मामले दर्ज है।इसके अलावे बालूमाथ थाना में 03, टंडवा थाना में 06, लातेहार समेत कुल 16 मामले दर्ज है।

# वन क्षेत्र पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन,खेल की मैदान के लिए सामुदायिक वन पट्टा निर्गत की मांग



बड़कागांव(हज़ारीबाग)। बड़कागांव प्रखंड के अति सुंदरवर्ती पंचायत आंगो अंतर्गत में खेल की मैदान के लिए सामुदायिक वन पट्टा निर्गत करने की मांग मुखिया नीलम मिंज द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है।पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि ग्राम आंगों पत्थर कुदुवा में वर्षों से गांव के लोग खेल मैदान के रूप में उपयोग करते आ रहे हैं और इसी खेल मैदान में गांव की सामूहिक कार्यक्रम भी होती है।जैसे डायर जत्रा मेला भी इसी स्थान पर करते आ रहे हैं।खेल का मैदान का खाता नंबर 99 प्लॉट नंबर 1107 कुल रकबा 2.75 एकड़ है।वन क्षेत्र पदाधिकारी हजारीबाग को पत्र देखकर अपील किया गया है कि उक्त स्थान का निरीक्षण करते हुए वन कानून 2006 नियम 2006 के तहत सामुदायिक पत्ता निर्गत करने की कृपा प्रदान की जाए ताकि गांव के बच्चे खेल कूद कर अपनी प्रतिभा निखार सके और दौड़ धूप कर देश सेवा के लिए कई कार्यक्रमों में शामिल हो सके मांग करने वालों में मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया नीलम मिंज , पूर्व प्रमुख राजमुनि देवी , समाजसेवी कालेश्वर गंझू, वन अधिकार समिति आंगों अध्यक्ष मणिलाल मुंडा , सचिव सुनील तिग्गा , पूर्व मुखिया रमन गंझू , ग्राम प्रधान सीता मरांडी, बाबूलाल महतो , लालो कुमार , जागेश्वर गंझू , महेश कुमार महतो , एतवा गंझू , महादेव हंसदा , जागेश्वर गंझू सहित समस्त ग्रामीण जनता ने मांग किया है।

## आकाशीय बिजली गिरने से मकान हुआ क्षतिग्रस्त

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बसारिया निवासी भीखन मंडल पिता स्व भूपत महतो के पक्का मकान में आकाशीय बिजली गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया। मंगलवार की शाम को जोरदार बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी थी। जिसके कारण मकान को नुक़सान होने के साथ साथ घर के आंगन में लगे बजरंगबली के झंडा बांस के परखच्चे उड़ गये। घटना में दो वर्षीय बच्ची रितिका कुमारी तेज आवाज सुनकर बेहोश हो गई।जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को होश में लाया गया।वहीं घर के अंदर रखें इनवर्टर और स्टेबलाइजर खराब हो गये।संयोग से घटना के वक्त कोई भी व्यक्ति घर के बाहर नहीं थे।जिससे एक बड़ी घटना होने से टल गया।

## हजारीबाग रेलवे स्टेशन परिसर में दर्दनाक हादसा, निर्माणाधीन वॉशिंग पिट में डूबने से व्यक्ति की मृत्यु

हज़ारीबाग। हज़ारीबाग रेलवे स्टेशन परिसर में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें कूद निवासी मुकेश राम की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, स्टेशन क्षेत्र में निर्माणाधीन वॉशिंग पिट के गहरे गड्ढे में पानी भरा हुआ था, जिसमें गिरने से मुकेश राम की मौत हो गई। इस हादसे ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है। मुकेश राम अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय लोगों ने हादसे के लिए निर्माण कार्य में लगी कंपनी और रेलवे प्रबंधन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है।घटना की जानकारी मिलते ही विधायक प्रदीप प्रसाद ने गंभीरता दिखाई और तत्काल अपनी टीम को घटनास्थल पर भेजा। टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और रेलवे प्रबंधक एवं निर्माण कार्य में लगी कंपनी के प्रतिनिधियों से संपर्क साधा। विधायक के निर्देश पर मृतक के परिजनों को त्वरित सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा की यह एक अत्यंत पीड़ादायक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, जो कंस्ट्रक्शन कंपनी और रेलवे प्रबंधन की घोर लापरवाही का परिणाम है। मैंने साफ निर्देश दिया है की ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सभी सुरक्षा मानकों और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर पंकज ठाकुर, मसरातु मुखिया धीरज कुमार,उमेश साव प्रल्हाद ठाकुर, राजेश साव, राजेश ठाकुर, चंदन सिंह, मोनू प्रसाद, राहूल मंडल, बादल कुमार, प्रेम राम, सतीश राम, सुभाष राम,सूरज , मनीष राम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हज़ारीबाग में चला सघन वाहन जांच अभियान, 55 वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग में बुधवार को सड़क सुरक्षा एवं मोटर वाहन अधिनियम के प्रभावी अनुपालन हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती एवं मोटर यान निरीक्षक के नेतृत्व में चानो पुल के निकट सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों के हेलमेट प्रयोग एवं ड्राइविंग लाइसेंस, ऑटो व टोटो चालकों के बीमा एवं टैक्स दस्तावेजों, तथा भारी वाहनों की भार सीमा की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर मोटर वाहन अधिनियम की संगत धाराओं के तहत चालान किया गया।अभियान के दौरान कुल 55 वाहनों का चालान किया गया, जिससे 5 लाख रुपए की राजस्व वसूली की गई।मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती ने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपने वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे लाइसेंस, बीमा, फिटनेस प्रमाण पत्र, टैक्स इत्यादि अद्यतन एवं विधिसम्मत रखें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसे ही जांच अभियान लगातार चलाए जाएंगे और नियमों की अवहेलना करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# छड़वा डैम से वृद्ध व्यक्ति का शव हुआ बरामद



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग जिला अंतर्गत कटकमसांडी थाना क्षेत्र के ग्राम लुपुंग निवासी 82 वर्षीय मुंशी राम का शव बुधवार को छड़वा डैम से बरामद किया गया। मुंशी राम पिछले 21 जुलाई सोमवार से लापता थे।उनके शव के मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुट गई है। परिजनों ने 22 जुलाई को कटकमसांडी थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। मृतक के पुत्र राजकुमार रविदास ने आवेदन में बताया था कि उनके पिता 21 जुलाई की दोपहर 2 बजे रोज की तरह टहलने के लिए घर से निकले थे। अंतिम बार उन्हें जैलमा चौक पर शाम करीब 6 बजे देखा गया जिसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिला।काफी खोजबीन के बाद भी जब मुंशी राम का पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी गई।बुधवार की सुबह छड़वा डैम में स्थानीय लोगों ने एक शव को पानी में तैरते देखा और तुरंत पुलिस को खबर दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त मुंशी राम के रूप में की और शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। बताया जा रहा है कि मुंशी राम सर्वे ऑफ इंडिया से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे और क्षेत्र में सम्मानित व्यक्ति माने जाते थे। अब उनकी रहस्यमय मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजन गहरे सदमे में हैं और घटना की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की सभी संभावनाओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उनकी मौत दुर्घटनावश हुई है या इसके पीछे कोई साजिश है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच के बाद ही वास्तविक कारणों का खुलासा किया जाएगा।


अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी–सह–पीठासीन पदाधिकारी, कोर्ट नं0–01, औरंगाबाद

बिहार सरकार

**(मद्यनिषेध एवं उत्पाद शाखा)**

अतिआवश्यक सूचना

प्रेस विज्ञप्ति

एतद द्वारा निम्नलिखित वाहन मालिकों / भूमि मालिकों / संबंधितों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत पुलिस / उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है। वादी नोटिस प्राप्त करने के बावजुद उपस्थित नहीं हुए है जिसके कारण उत्पाद अधिहरण वाद में अग्रेत्तर कार्रवाई में विलम्ब हो रहा है साथ ही साथ सभी वाहन मालिकों को मद्यनिषेध अधिनियम 2022 की नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र IV में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति / वाहन का नवीनतम बीमाकृत मूल्य का 10% या पाँच लाख के अन्दर पेनाल्टी के भुगतान पर जप्त वाहन एवं नियम 12(ख)के तहत भू–स्वामी से प्रपत्र V में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त / सिल परिसर को छोड़ने का प्रावधान है, जिसकी सुनवाई की तिथि 11.08.2025 में निर्धारित की गई है।

अधिहरण हेतु वाहन की सूची निम्न प्रकार है :–

| क्र0 सं0 | उत्पाद अधिहरण वाद संख्या | थाना काण्ड सं0 / उत्पाद संख्या | वाहन स्वामी / भूमि स्वामी का पूर्ण पता | जप्त वाहन का निबंधन सं0 / भूमि का खाता, प्लॉट संख्या | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वाद सं0– 90 / 2024 | माली थाना काण्ड संख्या 164 / 24 | वाहन मालिक चद्रमणी देवी, पिता–लखन लाल शर्मा, सा0–सरायकेला मेन रोड, थाना–सरायेला, जिला–सरायकेला खरसवार (झारखण्ड) | बोलेरो Reg no-JH22A-0171 Chassis no- MAIXA2GAK52F27264 Engine no- GA54F33920 | 11.08.2025 |
| 2 | वाद सं0– 97 / 2024 | माली थाना काण्ड संख्या 164 / 24 | वाहन मालिक चद्रमणी देवी, पिता–लखन लाल शर्मा, सा0–सरायकेला मेन रोड, थाना–सरायेला, जिला–सरायकेला खरसवार (झारखण्ड) | बोलेरो Reg no-JH22A-0171 Chassis no- MAIXA2GAK52F27264 Engine no- GA54F33920 | 11.08.2025 |

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय मे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा अपने उपस्थित नही होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जायेगा।

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी
–सह–
पीठासीन पदाधिकारी, उत्पाद न्या0 कोर्ट नं0–1, औरंगाबाद।

PR- 009356 (Excise) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार


## आर एस बुद्धिजम इवनिंग डिग्री कॉलेज बड़कागांव की भवन ढलाई संपन्न



बड़कागांव(हज़ारीबाग)। बड़कागांव पश्चिमी पंचायत में 23 जुलाई 2025 को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में आर एस बुद्धिजम इवनिंग डिग्री कॉलेज की स्थापना की गई है।इस महाविद्यालय के भवन का छत ढलाई कार्य विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ, जो इस क्षेत्र के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक अहम कदम है।ढलाई का शुभारंभ मुख्य अतिथि पचरा पंचायत के मुखिया सह कांग्रेस जिला महासचिव महेश प्रसाद साव एडवोकेट अनिरुद्ध कुमार, युवा नेता सोनू इराकी, जिला परिषद प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, सिविल सोसाइटी अध्यक्ष मनोज गुप्ता, समाजसेवी धनु साव तथा प्लस टू हाई स्कूल के पूर्व अध्यक्ष संदीप सिंह द्वारा कड़ाही से सीमेंट डालकर संयुक्त रूप से किया।कॉलेज की स्थापना प्रोफेसर रामसेवक के अथक प्रयासों का परिणाम है,जिन्होंने वर्ष 1983 में कर्णपुरा कॉलेज की नींव इंटर कॉलेज के रूप में रखी थी।वर्ष 1988 में डिग्री कॉलेज की मान्यता प्राप्त कर उन्होंने इस क्षेत्र को उच्च शिक्षा का मजबूत आधार प्रदान किया।इस अवसर पर हनी कुमार, प्रो. आशा कुमारी, अंकिता कुमारी, सुषमा हेंब्रम, टेकलाल महतो, प्रदीप महतो समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।


**कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनिर्यस हॉस्टल, धुर्वा, रॉंची**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 36/25–26 .**

मान्नीय राष्ट्रपति महोदया के आगमन के अवसर पर राजभवन रॉंची में अस्थायी विद्युतीकरण के कार्यो हेतु अनुभवी, विभाग में निबंधित विद्युत अनुज्ञापत्रधारी सम्वेदक से मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित तिथि एवं शर्त के साथ निविदा आमंत्रित किया जाता है:–

1. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– 28.07.25 को 12.00 बजे अपराह्‌न तक।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, विद्युत कार्य अंचल, रॉंची एवं विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक– 28.07.25 को 12.30 बजे अपराहण तक, विद्युत कार्य प्रण्डल, रॉंची में
4. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 28.07.25 को 1.00 बजे अपराहण में।, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
5. परिमाण विपत्र का मूल्य :– नियमानुसार रू0 500 / –, 750 / –,1250 / –
6. अग्रधन राशि :– प्राक्कलित राशि का दो प्रतिशत।

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 358024 Energy(25-26)#D

## संक्षिप्त खबरें...

### सभी जिलों और झारखंड राज्य हज समिति के कार्यालय में हज 2026 के लिए निःशुल्क भरे जाएंगे ऑनलाइन आवेदन

रांचीः हज कमिटी ऑफ इंडिया, मुंबई द्वारा हज 2026 की आधिकारिक घोषणा कर दी गयी है. इसके लिए ऑनलाइन आवेदन हज कमिटी ऑफ इंडिया की निर्धारित वेबसाइट पर या एंड्रॉयड मोबाइल ऐप 'Haj Suvidha' के माध्यम से 31 जुलाई 2025 तक जमा किये जा सकते हैं. झारखंड राज्य हज समिति, रांची के कार्यपालक पदाधिकारी आफताब अहमद के मुताबिक, झारखंड में ऑनलाइन आवेदन सभी जिलों में जिला के खादिमुलहुज्जाजों द्वारा एवं हज समिति, रांची के कार्यालय में निःशुल्क भरा जायेगा. हज 2026 की तैयारी के लिए आवेदकों को कुछ तैयारियों का ध्यान रखना होगा. हज 2026 हेतु पासपोर्ट मशीन पठित होना आवश्यक है. हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नहीं होगा. आवेदन हेतु पासपोर्ट दिनांक आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 या उससे पूर्व तक जारी होना चाहिए. इसकी वैधता 31-12-2026 तक होना आवश्यक है. आवेदन करने के बाद केवल मृत्यु या गंभीर बीमारी के कारण से ही आवेदन निरस्त किये जा सकेंगे. अन्य स्थिति में अर्थदंड के रूप में जमा धनराशि काटी जा सकती है. आवेदन से पहले हज गाइडलाइंस को अच्छी तरह से पढा जाए

### पुरानी अरगोड़ा चौक से नयासराय होते हुए रिंग रोड तक फोरलेन बनेगी सड़क, टेंडर निकला

रांचीः अरगोड़ा ( पुरानी अरगोड़ा ) चौक (मेजर डिस्ट्रीक्ट रोड-018) पर नयासराय होते हुए रिंग रोड पर वाया पुदांग होते हुए फोरलेन सड़क बनेगी. इस सड़क पर दो जगह पुल भी बनायी जायेगी. पथ निर्माण विभाग ने इसके निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया है. 18 अगस्त को निविदा फाइलन की जायेगी. 14 माह में इसे बनाने का लक्ष्य रखा गया है. 31.4 करोड़ की लागत से इस फोरलेन रोड को बनाया जायेगा. पथ निर्माण विभाग रांची इसके निर्माण कार्य को प्रारंभ करवायेगा. इंजीनियरों ने बताया कि यह सड़क काफी महत्वपूर्ण है, इसके बनने से पूरे इलाके में बेहतर और सुगम कनेक्टिविटी बनेगी. इस सड़क पुरानी अरगोड़ा चौक से शुरू किया जायेगा तो डीएवी आलोक होते हुए आइआइएम रांची, नयासराय होते हुए रिंग रोड से जोड़ेगी. इसमें पुरानी अरगोड़ा चौक से करीब दो किमी आगे एक पुल बनाने की योजना वहीं, एक पुल डीएवी आलोक के समीप बनेगा. पथ निर्माण विभाग ने इसके निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें करीब 6.71 किमी लंबी यह फोरलेन रोड बनना प्रस्तावित है. इस पूरी लंबाई में जमीन अधिग्रहण भी किया जायेगा. इंजीनियरों ने बताया कि इसकी प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है, भू-अर्जन विभाग के साथ समन्वय करके जल्द ही रैयतों को नोटिस भी दिया जायेगा. 80 फीसदी जमीन उपलब्ध होते ही काम प्रारंभ होगा. रास्ते में अवैध कब्जा व अतिक्रमण की भी हटाया जायेगा.पुरानी अरगोड़ चौक (हरमू बाइपास रोड) से डीएवी आलोक होते हुए नयासराय- रिंग रोड तक इस सड़क बनने से पूरे इलाके के लोगों को काफी फायदा होगा. अरगोड़ा से सीधे नयासराय से रिंग रोड तक जाना आसान होगा. जाम से भी निजात मिलेगी. आवागमन का बेहतर विकल्प मिलेगा. समय की भी काफी कमी होगी.

### मार्केटिंग बोर्ड की पहल पर पहली बार पूर्वी सिंहभूम और पाकुड़ के आम भेजे गये जेद्दा और रियाद

रांचीः मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह के निर्देश के आलोक में बाजार समिति, जमशेदपुर के प्रयास से बिरसा हरित ग्राम योजना से जुड़े पूर्वी सिंहभूम एवं पाकुड़ जिला के किसानों के द्वारा उत्पादित आम को सऊदी अरब के ज़ेद्दा और रियाद शहर में निर्यात किया गया है. यह निर्यात ऑल सीजन फार्म फ्रेश संस्था के द्वारा किया गया है. झारखंड राज्य के लिए पहला मौका था जब आम का निर्यात दूसरे देशों में किया गया है. यह आम को जेद्दा और रियाद शहर में आयोजित मैंगो मानिया फेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया जहां राज्य के द्वारा भेजे गए आम के स्वाद को फेस्टिवल में भाग लेने वाले विदेशियों के द्वारा काफी सराहा गया. मैंगो फेस्टिवल का आयोजन लुलु हाइपर मॉल में 14 से 17 जुलाई तक आयोजित था जिसका उद्घाटन काउंसिल जनरल ऑफ़ इंडिया जेद्दा एचपी फहद अहमद खान एवं रियाद में डिप्टी चीफ ऑफ मिशन अबू मैथन जॉर्ज ने किया. आयोजित मैंगो फेस्टिवल के संबंध में भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत एपेडा (कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकार) द्वारा ट्वीट करते हुए बताया गया है कि झारखंड द्वारा निर्यात किए गए प्रीमियम आम की स्वाद की काफी सरहना की गई है. राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा भी किसानों के सशक्तिकरण हेतु बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत उत्पादित आम कि निर्यात को काफी सराहा गया है. मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह के मुताबिक, आने वाले दिनों में राज्य के किसानों को निर्यात के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण आयोजित कर प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि किसानों द्वारा उत्पादित उपज का अधिक से अधिक निर्यात किया जा सके जिससे उन्हें अधिक से अधिक मुनाफा भी मिले.

### पलामू सहित तीन शहरों के काजी नियुक्त

रांचीः राज्य सरकार ने तीन शहरों के लिए काजी नियुक्त कर दिया है. पलामू जिला के लिए शाह रजी अहमद, मदिना मस्जिद रोड निवासी को पलामू जिला का काजी सह विवाह निबंधक नियुक्त किया गया है. देवघर जिला के लिए मोहम्मद रिजवानुल्लाह कासमी व लोहरदगा जिला के पावरगंज के रहने वाली मो.अहसान इमाम को लोहरदगा जिला का काजी सह विवाह निबंधक के पद पर नियुक्त किया गया है. भारतीय मुस्लिम समुदाय के बीच विवाह अनुष्ठानित करने के लिए इन्हें काजी बनाया गया है. इस संबंध में आइजी रजिस्ट्रेशन ने आदेश जारी कर दिया है.

### शराब घोटाला : आरोपी कंपनियों के मालिकों को एसीबी कोर्ट ने नहीं दी अग्रिम बेल

रांचीः शराब घोटाला से जुड़े केस के आरोपियों विक्रम सिंह, परेश सिंह, बिपिन जादव भाई परमार और महेश सियाराम की अग्रिम जमानत याचिका पर रांची एसीबी की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई. बुधवार की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उक्त सभी आरोपियों को अग्रिम बेल देने से इनकार करते हुए सभी की याचिका खारिज कर दी है. सभी आरोपियों की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की. एसीबी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आलोक सिंह ने अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किया.

### सदर में वृक्षारोपण व सम्मान समारोह का आयोजन




रांची : सदर अस्पताल परिसर में आज अखिल भारतीय बंगला भाषी समन्वय परिषद की ओर से वृक्षारोपण और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए.इस अवसर पर सदर अस्पताल के डॉ. बिमलेश सिंह को पुनः उपाधीक्षक पद पर नियुक्त किए जाने तथा उनके उत्कृष्ट सेवाओं के लिए परिषद की ओर से पौधा और शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया.परिषद के इस gesture को सभी ने सराहा.समारोह में उपस्थित परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष अभिजीत गुप्ता ने कहा कि आने वाले समय में परिषद द्वारा सदर अस्पताल के सौंदर्यीकरण से जुड़ी योजनाएं चलाई जाएंगी, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को बेहतर वातावरण मिल सके. सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. बिमलेश सिंह ने परिषद का आभार जताया और कहा कि परिषद की ओर से अस्पताल के सौंदर्यीकरण और स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर किए जा रहे प्रयासों की वे सराहना करते हैं. उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे आयोजन प्रेरणादायक सिद्ध होंगे. कार्यक्रम में परिषद के अन्य सदस्यों, अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मचारियों ने भी भाग लिया.

# अवैध शराब से लदा ट्रक रांची में पकड़ा गया, बिहार में खपाने की थी तैयारी



रांचीः पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध विदेशी शराब से लदे एक 14 चक्का ट्रक को बेड़ो थाना क्षेत्र से जब्त किया है. ट्रक से 831 कार्टून शराब बरामद हुआ है. यह ट्रक गुमला की ओर से रांची आ रहा था और इसे आगे बिहार के पटना तक पहुंचाने की योजना थी. रांची पुलिस ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों को गुप्त सूचना मिली कि रजिस्ट्रेशन नंबर वाला एक 14 चक्का ट्रक गुमला से रांची की ओर NH-43 गुमला-रांची मेन रोड पर अवैध शराब लेकर आ रहा है. ट्रक को सशस्त्र बल की मदद से रोक लिया गया. ट्रक के चालक और खलासी से जब पूछा गया कि ट्रक में क्या है, तो उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर की. बाद में जब चालक से ट्रक खोलकर सामान दिखाने को कहा गया, तो उसने बताया कि ट्रक में विदेशी शराब भरी हुई है, जिसे प्लास्टिक के बोरों में रुई से छिपाकर रखा गया है.चालक और खलासी से जब शराब से संबंधित वैध कागजात मांगे गए, तो वे कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए. चालक ने अपना नाम अर्जुन सिंह उर्फ अर्जुन चौधरी और खलासी का नाम जगदीश कुमार बताया.पूछताछ में उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें मोबाइल नंबर 9351128520 पर एक अन्य नंबर 8302999260 से फोन आया था. इस फोन पर उन्हें कैम्पी रोड, पानीपत ब्रिज के पास UP63AT-6332 नंबर का ट्रक रिसीव करने के लिए कहा गया था, जिसमें अवैध विदेशी शराब लदी हुई थी. उन्हें यह ट्रक झारखंड, रांची पार करके हजारीबाग जाने वाले रोड में किसी ढाबे पर खड़ा करने का निर्देश दिया गया था. चालक और खलासी ने बताया कि मोबाइल नंबर 8302999260 पर मौजूद व्यक्ति उन्हें लगातार रास्ता और लोकेशन बता रहा था और रास्ते में पुलिस और सेल्स टैक्स अधिकारियों द्वारा की जा रही चेकिंग से संबंधित जानकारी भी दे रहा था. सभी शराब की बोतलों पर " फोर सेल इन चंडीगढ़ ओनली लिखा हुआ पाया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि शराब अवैध रूप से चंडीगढ़ से लाई जा रही थी.

# डीएसपीएमयू के गौरी नंदन द्विवेदी ने यूजीसी-नेट में प्राप्त की 99.6 परसेंटाइल, भव्य सम्मान हुआ



रांची : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के अंग्रेज़ी विभाग ने आज एक गौरवपूर्ण उपलब्धि का साक्षी बनते हुए अपने छात्र गौरी नंदन द्विवेदी को सम्मानित किया. जिन्होंने यूजीसी-नेट 2025 परीक्षा में 99.6 परसेंटाइल अर्जित कर विश्वविद्यालय एवं विभाग का नाम रोशन किया. इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विभाग में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह के दौरान गौरी नंदन को अंगवस्त्र और डॉ. विनय भरत द्वारा लिखित पुस्तक भेंट की गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. विनय भरत ने की, जबकि मंच पर डॉ. पियूषबाला, श्री सुमित मिंज एवं डॉ. दिव्याप्रिया सहित विभाग के अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे. सम्मान समारोह के साथ-साथ एक प्रेरणादायक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया. इसमें गौरी नंदन ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ऐसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता केवल रटने से नहीं, बल्कि विषय की गहराई से समझ और अनुशासित अध्ययन से संभव है. उन्होंने जिज्ञासा और नियमित अभ्यास को सफलता की प्रमुख कुंजी बताया. इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. विनय भरत ने छात्रों को व्यावहारिक सलाह देते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को यूजीसी-नेट का पूर्ण पाठ्यक्रम कागज पर लिखकर दीवार पर चिपकाना चाहिए और प्रतिदिन योजनाबद्ध रूप से अध्ययन करते हुए एक-एक विषय को चिन्हित करना चाहिए. विशेषकर 'आधुनिक आलोचना' खंड से इन दिनों अधिक प्रश्न पूछे जा रहे हैं, अतः उस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए. इस अवसर पर यह भी जानकारी दी गई कि अंग्रेज़ी विभाग की छात्रा कोमल परीक्षा सफलता पूर्वक उत्तीर्ण की है, वहीं जिज्ञासा भगत ने UGC Ph.D. Eligibility Test में सफलता अर्जित की है. विभाग द्वारा शीघ्र ही इन दोनों को भी औपचारिक रूप से सम्मानित किया जाएगा.उल्लेखनीय है कि गौरी नंदन द्विवेदी, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. धनंजय वासुदेव द्विवेदी के सुपुत्र हैं. उनकी इस सफलता ने न केवल अंग्रेज़ी विभाग बल्कि संपूर्ण विश्वविद्यालय समुदाय को गौरवान्वित किया है.इस अवसर पर कुलपति प्रो. अंजनी कुमार मिश्रा, कुलसचिव डॉ. द्विवेदी, विभागाध्यक्ष डॉ. भरत एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

## 26 बिल्डरों ने ही अपने प्रोजेक्ट का झारेरा के पोर्टल पर अपलोड की रिपोर्ट

रांचीः झारखंड भू-संपदा नियामक प्राधिकार (झारेरा, रांची) की नजर उन बिल्डरों पर है जिन्होंने क्वार्टरली प्रोग्रेस रिपोर्ट को झारेरा पोर्टल पर जमा नहीं किया है. झारेरा अध्यक्ष के मुताबिक, 1 अप्रैल से 30 जून तक एक त्रैमास का क्वार्टरली प्रोग्रेस रिपोर्ट को अपडेट (ऑल डाटा एंड रिलीवेंट डॉक्यूमेंट) करने को झारेरा पोर्टल को 16-7-25 से 30-7-25 तक खोला गया है. पर,इस अवधि में अबतक सिर्फ 26 बिल्डरों द्वारा ही अपने प्रोजेक्ट का QPR अपलोड किया गया है. चेतावनी देते झारेरा की ओर से कहा गया है कि जिन बिल्डरों द्वारा 30 जुलाई तक अपने प्रोजेक्ट का QPR नहीं किया जायेगा, उनके विरुद्ध भू- सम्पदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम 2016 की धारा 61 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी. झारेरा के मुताबिक, संपदा नियामक प्राधिकार से निबंधित वैसे प्रोजेक्ट जिसका कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है या उनके द्वारा ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट जमा नहीं किया गया है, वे सभी प्रोजेक्ट ऑनगोइंग माने जाते हैं. इसलिए उन सभी प्रोजेक्ट के बिल्डर को भू- संपदा अधिनियम 2016 के धारा 61 के तहत झारेरा की वेबसाइट पर त्रैमासिक अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन अपलोड करना जरूरी है. पूर्व में जिन बिल्डरों ने ऐसा नहीं किया था, उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है.

### कांची नदी के किनारे युवक का मिला शव

रांचीः राजधानी रांची के बुंडू इलाके में युवक का शव बरामद हुआ है. यह शव कांची नदी के किनारे सड़ा गला अवस्था में बरामद हुआ है. शव को देखने से प्रतीत होता है की काफ़ी दिनों से नदी में बहने के कारण शव सड़ गल गया है एव खोपड़ी सड़ जाने के कारण कंकाल अवस्था में है. मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है.

## मेडिका हॉस्पिटल में भर्ती कड़िया मुंडा से मिले बाबूलाल और कर्मवीर, स्वास्थ्य की ली जानकारी



रांचीः बुधवार को मेडिका अस्पताल में भर्ती पद्म भूषण पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष,पूर्व केंद्रीय मंत्री कड़िया मुंडा से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने मुलाकात की. उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली, कुशलक्षेम जाना. दोनों ने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. गौरतलब है कि सांस लेने में परेशानी महसूस होने पर कड़िया मुंडा मंगलवार को मेडिका में एडमिट हुए थे. इसके बाद उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था. हालांकि बाद में तबीयत स्थिर होने पर उन्हें कमरे में शिफ्ट कर दिया गया. खूंटी में रह रहे कड़िया मुंडा की तबीयत बिगड़ने पर ग्रीन कॉरिडोर बनाकर खूंटी से रांची लाया गया था. पिछले दो-तीन सालों में कई मौकों पर उनकी तबीयत बिगड़ चुकी है. दो साल पहले न्यूमोनिया की शिकायत हुई थी. जनवरी 2025 में भी वे बीमार पड़े थे और मेडिका में एडमिट कराये गये थे.

# रांची नगर निगम का जारी है अतिक्रमण अभियान, डेंगू से बचाव के लिए दवा का छिड़काव भी जारी





रांची : रांची नगर निगम की टीम फुल एक्शन में है. सबसे पहले शहीद चौक के पास बने रतनलाल सूरजमल जैन स्कूल की बाउंड्री वॉल पर अवैध रूप से लगे ठेले और गुमटी को हटाया गया. सड़क किनारे बनाए गए ये अस्थाई ढांचे न सिर्फ स्कूल के सामने की जगह घेर रहे थे, बल्कि ट्रैफिक में भी दिक्कत कर रहे थे. कार्रवाई के दौरान एक ठेला और एक गुमटी जब्त की गई, साथ ही बाकी अस्थाई निर्माण भी तोड़ दिए गए. इसके अलावा कडरू के मदरसा हुसैनिया गली (हज हाउस के पास) में भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया. यहां सड़क पर अवैध तरीके से दुकानें लगाई गई थीं, जिससे पैदल चलने वालों और गाड़ियों को परेशानी हो रही थी. निगम की टीम ने वहां भी दुकानों को हटाकर सड़क को साफ कराया. इधर मच्छर जनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से बचाव के लिए भी नगर निगम ने अलग-अलग वार्डों में एंटी-लार्वा दवा का छिड़काव कराया. संवेदनशील इलाकों में फॉगिंग भी की जा रही है. सभी लोगों से निवेदन है कि अपने आसपास पानी जमा न होने दें और अगर आपके इलाके में दवा का छिड़काव या फॉगिंग नहीं हुई है, तो टोल फ्री नंबर 18005701235 पर कॉल करें.

## झारखंड के 6 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने की पहल को मिली केंद्र की सैद्धांतिक मंजूरी



रांची : झारखंड की स्वास्थ्य सेवा को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है. राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सुदिव्य कुमार ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से शिष्टाचार मुलाकात की. इस दौरान राज्य में स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने संबंधी कई प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई. इस दौरान सांसद अन्नपूरणा देवी भी मौजूद थी. बैठक में लोकसभा सांसद विजय कुमार हांसदा और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी उपस्थित रहीं. चर्चा का केंद्र बिंदु झारखंड के धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिलों के जिला अस्पतालों को मेडिकल कॉलेजों में अपग्रेड करने के प्रस्ताव पर रहा. यह प्रस्ताव पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल के तहत रखा गया है. जिससे निर्माण, संचालन एवं प्रबंधन में निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके. स्वास्थ्य मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि राज्य में मेडिकल कॉलेजों की भारी कमी के कारण न केवल विद्यार्थियों को मेडिकल शिक्षा के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ता है, बल्कि आम नागरिकों को भी गुणवत्तापूर्ण तृतीयक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त नहीं हो पातीं. उन्होंने इन प्रस्तावित कॉलेजों के लिए केंद्र सरकार से त्वरित वित्तीय स्वीकृति एवं नीति-स्तरीय समर्थन की मांग की. केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने इस महत्वाकांक्षी पहल को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करते हुए भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार इस योजना में हरसंभव सकारात्मक सहयोग देगी. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रस्ताव का विस्तृत तकनीकी परीक्षण शीघ्रता से करें और आगे की प्रक्रिया को गति प्रदान करें. स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह योजना वास्तविक रूप से क्रियान्वित होती है, तो यह झारखंड की मेडिकल शिक्षा, डॉक्टरों की उपलब्धता और स्थानीय स्तर पर उन्नत चिकित्सा सेवाओं की दिशा में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने में सक्षम होगी.

## अभिषद समिति की बैठक में 28 में से 27 प्रस्तावों को मंजूरी

रांची : झारखंड में उच्च शिक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को अभिषद समिति की एक अहम बैठक हुई. इस बैठक में प्रोन्नति, नई नियुक्ति, स्थायीकरण, अनुशंसा अनुमोदन और अवकाश से जुड़े कुल 28 प्रस्तावों पर चर्चा की गई, जिनमें से 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई. जबकि एक प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया. बैठक में 5 मई को लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई. इस बैठक में 5 मई को लिए गए फैसलों की भी समीक्षा की गई. समिति ने सभी स्वीकृत प्रस्तावों को औपचारिक मंजूरी देकर संबंधित विभागों को सूचित कर दिया है. अभिषद समिति का फैसला लंबे समय से प्रोन्नति और स्थायीत्व का इंतजार कर रहे शिक्षकों और अधिकारियों के लिए यह बड़ी राहत है.

### इन शिक्षकों की प्रोन्नति को मिली स्वीकृति

डॉ. राम लाल साहू (बीएन जलान कॉलेज, सिसई भूगोल विभाग), डॉ. आदित्य विक्रम देव (अर्थशास्त्र), मो. हसन अहमद खान (इतिहास) और डॉ. सत्यव्रतानंद तिवारी को 10 साल की सेवा पूरी करने पर पदोन्नति मिली. है. इसके अलावा डॉ. प्रमोद कुमार भगत, डॉ. सुनीता प्रभा महतो, डॉ. सुभाष कुमार, डॉ. रीतास कुमार शुक्ला, डॉ. दीपिका कुमारी, डॉ. अमीन हुसैन, डॉ. लोहारा महतो सहित अन्य शिक्षकों की प्रोन्नति की सिफारिश भी मंजूर हुई।

**इनके अवकाश को समिति ने दी मंजूरी** : डॉ. आर.आर. शर्मा (मारवाड़ी कॉलेज, रांची) को 3 साल का "लीन" (छुट्टी) अवकाश मिला. डॉ. हेमेश भगत (दर्शन शास्त्र विभाग) को 6 महीने का लीन अवकाश दिया गया।

**नियुक्ति और स्थायीकरण** : डॉ. बशंत कुमार झा का रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर अस्थायी नियुक्ति के प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया. डॉ. फातो रोशन बा और डॉ. अनिरुद्ध गुप्ता की नियुक्ति को मंजूरी मिली. डॉ. नवीन कुमार और मुर्शी डोली बाड़ा को स्थायी रूप से प्रयोगशाला टेक्नीशियन और प्रभारी बनाया गया.

डॉ. अगाथा सिलाविया खलखो को प्रोन्नति के बाद उपाचार्य (डीन) नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई. डॉ. अभिमा होरो को झारखंड लोक सेवा आयोग का सदस्य नियुक्त करने के लिए 2 साल का अवकाश दिया गया.

## डीएसपीएमयू रजिस्ट्रार ऑफिस के बाहर छात्र संघों ने किया जोरदार प्रदर्शन



रांची : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में आज विभिन्न छात्र संगठनों ने रजिस्ट्रार ऑफिस के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. यह प्रदर्शन विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा हाल ही में जारी उस आदेश के खिलाफ किया गया, जिसमें परिसर में किसी भी प्रकार के आंदोलन पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है. प्रदर्शन में आजसू, एनएसयूआई, जेसीडी सहित कई प्रमुख छात्र संघों के प्रतिनिधि शामिल हुए. सभी संगठनों ने एकजुट होकर आदेश को छात्र विरोधी करार दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. तुगलकी फरमान नहीं चलेगा, छात्रों की आवाज नहीं दबेगी जैसे नारों से परिसर गूंज उठा. छात्र नेताओं का कहना है कि यह आदेश छात्रों की लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति पर हमला है. उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले कुछ असामाजिक तत्व परिसर में घुसकर शिक्षकों के साथ बदसलूकी कर गए. लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की. इसके उलट, छात्र संघों के शांतिपूर्ण आंदोलनों पर पाबंदी लगाई जा रही है.प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि यह आदेश तत्काल वापस नहीं लिया गया, तो सभी छात्र संगठन मिलकर विश्वविद्यालय में तालाबंदी कर उग्र आंदोलन करेंगे.छात्र नेताओं ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्रों की समस्याओं को सुनना चाहिए, न कि दमनात्मक आदेश जारी कर लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने की कोशिश करनी चाहिए.

# रातू फ्लाईओवर चालू, फिर भी राजभवन से कचहरी चौक तक हर दिन लग रहा जाम, लोग परेशान



रांची : रातू ऐलिवेटेड कॉरिडोर, जिसे 558 करोड़ की लागत से बनाया गया है, के शुरू हो जाने के बावजूद राजभवन से कचहरी चौक तक जाम की समस्या बरकरार है. बुधवार सुबह 10 बजे से 11 बजे तक इस रूट पर भारी ट्रैफिक जाम लगा रहा, जिससे ऑफिस, स्कूल और कॉलेज जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. राजभवन रैंप के पास सीटी बसों और ऑटो के स्टॉपेज का अनियोजित संचालन हो रहा है. ऑटो चालकों मनमाने ढंग से वाहन खड़े कर रहे हैं. साथ ही बीच रास्ते में ही ऑटो रोककर पैसेंजर बैठा रहे हैं, जिसकी वजह से इस रास्ते में जाम लग रही है. खासकर पिक ऑवर के समय जाम की स्थिति आम बात हो गई है. जाम से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को तैनात किया गया है. साथ ही सड़क किनारे तिरपाल और दरी से अस्थायी स्टॉपेज बनाए गए हैं, लेकिन ये उपाय अब तक प्रभावी साबित नहीं हुए हैं. लोगों का कहना है कि जाम यहां हर दिन की सामान्य समस्या बन चुकी है. राजभवन से कचहरी चौक तक फुटपाथ पर अवैध कब्जा जमाए दुकानदारों ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है. सड़क के किनारे अतिक्रमण की वजह से पैदल चलने वालों के लिए भी जगह नहीं बची है, जिससे वाहन चालकों की परेशानी और बढ़ गई है. हालांकि दो दिनों के लिए नगर निगम की ओर से दुकानदारों को हटा दिया गया है. रातू रोड ऐलिवेटेड कॉरिडोर पर वाहन तेज रफ्तार से चल रहे हैं. लेकिन नीचे की सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है. नीचे की सड़कों पर ऑटो की अधिक संख्या और रुक-रुक कर सवारी भरने की वजह से ट्रैफिक का दबाव बना रहता है.

## संक्षिप्त खबरें...

### बाल कांवड़ यात्रा के परिधानों का विमोचन 27 जुलाई को बाल कांवड़ यात्रा



रांचीः श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के द्वारा निकले वाले भव्य बाल कांवड़ यात्रा का परिधानों का विमोचन किया गया। बाल कांवड़ यात्रा का सारा तैयारी पूर्ण कर लिया गया हैं। इस साल सभी लोगो मे बाल कांवड़ यात्रा को लेकर बहुत उत्सुकता दिखा रहा हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री शिव बारात आयोजन महा समिति पहाड़ी मंदिर भव्य और विशाल बाल कांवड़ यात्रा 27 जुलाई को नक्षत्र वन , राज्यभवन के समीप से रातू रोड होते हुए पहाड़ी मंदिर में महाकाल बाबा पर जलाभिषेक करेंगे। सभी छोटे-छोटे बच्चे गेरुआ वस्त्र धारण किये अपने नन्हे नन्हे पावो से पैदल जल लेकर पहाड़ी मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। जलाभिषेक करने वाले बच्चों की उम्र 5 से 12 वर्ष के बीच होगी , इस साल कई जीवंत झांकियो का स्वरूप , ढोल नगाड़ा, डीजे ताशा के साथ बाल शिव रथ पर सवार होकर चलेंगे। महासमिति ने ऐसे इच्छुक भक्त जो अपने बच्चों को बाल कांवड़ यात्रा में शामिल करना चाहते हैं व हमारे महासमिति के संपर्क नम्बर 9431114482, 9334347352 पर सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। महासमिति के अध्यक्ष राजेश कुमार साहू ने कहा कि इस साल का आयोजन बहुत ही विशेष और भव्य होगा।

### हाईवा चोरी मामले में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, तीन आरोपी हुए गिरफ्तार



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराः जिले के टंडवा में हाइवा चोरी मामले में टंडवा पुलिस 24 घंटे के अंदर किया उद्भेदन। चोरी के हाइवा के साथ तीन आरोपीयोंकोगिरफ्तारकियागया। चतरा पुलिस अधीक्षक के सूचना पर टंडवा डीएसपी सह एसएसपी और टंडवा थाना प्रभारी की टीम ने यह कार्रवाई की है। हाइवा चोरी में प्रयुक्त एक डिजायर कार, तीन स्मार्ट फोन पुलिस के द्वारा जप्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपी केरेडारी और सिमरिया थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपीयों का पूर्व में अपराधिक इतिहास रहा है। टंडवा, केरेडारी सिमरिया, पतरातू, पिपरवार, बालूमाथ थाना में गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध मामले दर्ज हैं। इस अभियान में टंडवा डीएसपी सह एसपी प्रभात रंजन बरवार, टंडवा थाना प्रभारी उमेश राम, स०अ०नि० सौरभ कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### जमीअतुल मोमेनीन चौरासी का प्रतिनिधिमंडल झारखंड राज्य सुन्नी वक़्फ़ बोर्ड के सीईओ को ज्ञापन सौंपा



अंजुमन इस्लामिया रांची के कार्यक्षेत्र का सीमांकन करने की मांगः मजीद अंसारी

रांची(मोहसीन आलम): अंजुमन इस्लामिया चुनाव 2025 को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल के तहत जमीअतुल मोमेनीन चौरासी, रांची के सदर मोहम्मद मजीद अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड राज्य सुन्नी वक्फw बोर्ड के चेयरमैन से मुलाकात किया.यह प्रतिनिधिमंडल अंजुमन इस्लामिया, रांची (वक्फ संख्या-1701) की नियमावली के पृष्ठ संख्या 05 में उल्लिखित "मोजफात" (आसपास के क्षेत्र) की स्पष्ट परिभाषा और नामकरण की मांग किया. मजीद अंसारी ने कहा की सरकार द्वारा जारी वार्ड और पंचायतों की सीमाओं में इन मोजफात क्षेत्रों को नामित नहीं किया गया है, जिससे अंजुमन के सदस्य बनने और मतदान के अधिकार से कई ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के मुस्लिम संस्थान वंचित हो रहे हैं। प्रतिनिधियों का मानना है कि यदि पंचायतों, अंजुमनों, मस्जिदों, मदरसों, कब्रिस्तानों और अन्य मुस्लिम संस्थानों की सही पहचान और सीमा स्पष्ट कर दी जाए, तो रांची से लगे इलाकों के मुस्लिम नागरिकों को उनके वैध अधिकार मिल सकें। प्रतिनिधि मंडल में मोहम्मद लतीफ, अरशद जिआ,जुनैद अंसारी,तबारक हुसैन,इमरान क्रांति, इजराइल अंसारी नूर आलम, हारिस अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

### वन भूमि पर अवैध जोताई करते ट्रैक्टर जब्त, एक गिरफ्तार



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चौपारण (हजारीबाग) गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयणी के अंतर्गत पथलगड्डा जंगल क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध जोताई करते हुए वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को विभागीय टीम ने मौके पर छापेमारी कर एक ट्रैक्टर जब्त किया और एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर चौपारण वन कार्यालय लाया। गिरफ्तार व्यक्ति को वन संरक्षण अधिनियम के तहत कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।इस संबंध में जानकारी देते हुए वनरक्षी कुलदीप कुमार ने बताया कि प्रभारी वनपाल शिवाजी कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पथलगड्डा जंगल क्षेत्र में ट्रैक्टर के माध्यम से वन भूमि पर अवैध रूप जोताई की जा रही है। सूचना मिलते ही विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापा मारा और अवैध जोताई कर रहे व्यक्ति और ट्रैक्टर को धर दबोचा।उन्होंने बताया कि जहां यह जोताई की जा रही थी, वह क्षेत्र गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयणी का संरक्षित वन क्षेत्र है। ऐसे क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की खेती, निर्माण या अतिक्रमण पूरी तरह से प्रतिबंधित है।विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस तरह की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी किसी भी गैरकानूनी गतिविधि पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।छापामारी दल में वनरक्षी कुलदीप कुमार,जयनेन्द्र कुमार और विभाग के दैनिक कर्मी शामिल थे।

### साकची तमड़िया रोड राज क्लब द्वारा श्री गणेश पूजा का भूमि पूजन संपन्न , 27 अगस्त को होगा पूजा व भोग वितरण

जमशेदपुर। साकची तमड़िया रोड स्थित राज क्लब द्वारा श्री गणेश पूजा के लिए भूमि पूजन का आयोजन भव्य रूप से किया गया। पूजा विधि गोलू पंडित के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराई गई। भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी शिव शंकर सिंह और मनोज कोणटिया थे। क्लब अध्यक्ष शिबू सिंह ने जानकारी दी कि वर्ष 1999 से यह पूजा क्लब द्वारा भव्यता से की जाती रही है और इस वर्ष भी यह पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस वर्ष पूजा पंडाल की विशेष सजावट के लिए बंगाल के कारीगरों को आमंत्रित किया गया है और भोग की व्यवस्था भी विशेष रूप से की जाएगी। पूजा कार्यक्रम के तहत 26 अगस्त को उद्घाटन होगा, जबकि 27 अगस्त को श्री गणेश पूजा, भोग और महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। भूमि पूजन में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव परविंदर सिंह, जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू ,शत्रुघ्न गिरी, श्यामू राव, धवल गोयल, चिकू सिंह, विक्रम सिंह, छोटू सिंह, विकास सिंह, बंटी कुमार, जीतू मुंडा, बॉब्ज जी भाई, सानिया, दीप गीता गुप्ता, गजेंद्र मिश्रा, सनी यादव, संतोष सिंह, सुमंत नायक, विनोद सिंह, दिलीप सिंह, मोहम्मद स्मोल्लु सहित राज क्लब के कई सदस्य उपस्थित थे।

# फाइलेरिया से सुरक्षित रहने के लिए फाइलेरिया रोधी दवाओं के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करें: अजय कुमार सिंह



रांचीः भारत सरकार के दिशानिर्देश पर अब देश में फाइलेरिया से प्रभावित सभी राज्यों में प्रत्येक वर्ष दो चरणों में 10 फरवरी एवं 10 अगस्त को मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए ) यानि सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम के अब दूसरे चरण में आगामी 10 अगस्त से 9 जिलों में (चतरा , गोड्डा, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला, हजारीबाग, जामताड़ा, पलामू, लातेहार, दुमका) में तीन दवाओं डीईसी, एल्बेंडाज़ोल एवं आइवरमेक्टिन के साथ आईडीए राउंड चलाया जायेगा। झारखण्ड सरकार, लिम्फेटिक फाइलेरिया (हाथीपांव) के उन्मूलन हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसी प्रतिबद्धता के फलस्वरूप आज रांची में राज्य के अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य,चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्टेट टास्क फ़ोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव, श्री अजय कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि 10 अगस्त से आयोजित होने वाले एम.डी.ए. कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तर से प्रखंड के प्रत्येक गाँव की आबादी तक सम्पादित की जाने वाली सभी गतिविधियाँ सही रूप से संपन्न करवाना सुनिश्चित करें ताकि कार्यक्रम की सफलता में कोई भी कमी न रह जाये। उन्होंने कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के दौरान फाइलेरिया रोधी दवाओं का वितरण बिल्कुल नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित किया जाये कि सभी लाभार्थी, फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन प्राशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही करें। इसके साथ ही फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रहने के लिए एमडीए कार्यक्रम के दौरान दवाएं खाना कितना महत्वपूर्ण है, इसका प्रचार-प्रसार व्यापक रूप से होना चाहिए ताकि, समुदाय में इसके प्रति जागरूकता बढे। उन्होंने शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, पंचायती राज विभाग, शहरी विकास विभाग, पेयजल और स्वच्छता विभाग से एमडीए राउंड में सहयोग करने की अपील की। साथ ही अन्य विभाग जैसे आजीविका, पीएचईडी एवं अन्य सहयोगी विभागों की सहायता लेने की भी बात कही। इस अवसर पर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम डॉ बीरेन्द्र कुमार सिंह, साथ ही अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे

साथ ही अन्य सहयोगी संस्थाओं विश्व स्वास्थ्य संगठन, पीरामल स्वास्थ्य, एवं ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में छात्र की दर्दनाक मौत, गांव और विद्यालय में शोक की लहर

कोयलांचल संवाद संवाददाता






चौपारण(हजारीबाग): दनुआ उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र सिंटू कुमार यादव (उम्र 16 वर्ष), पिता सुजीत यादव, ग्राम सिलोदर(बनीवाटांड़) निवासी, बुधवार की सुबह मे सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। दनुआ कट के पास सड़क पार करते समय एक तेज़ रफ्तार वाहन (गाड़ी संख्या बीआर-02-ए वाई-7808) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक वाहन लेकर भागने की कोशिश करने लगा लेकिन ग्रामीणों और प्रशासन की तत्परता से पीछा कर सिंघरावा के पास वाहन सहित चालक को पकड़ लिया गया और चौपारण थाना लाया गया। घायल छात्र को तत्काल एनएचआई की एंबुलेंस से चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हृदयविदारक घटना की सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया। प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आवश्यक प्रक्रिया के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इसके बाद मृतक छात्र का अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया।इधर, दुर्घटना की खबर जैसे ही विद्यालय परिसर में पहुंची, वहां भी शोक की लहर दौड़ गई। विद्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया, जहां छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रतन कुमार ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने सभी बच्चों को सड़क पार करते समय विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी और यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया।इस दुखद घटना ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया है। ग्रामीणों और विद्यालय समुदाय ने प्रशासन से दोषी चालक पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## भद्रकाली महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा मनुष्य और साहित्य विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

कोयलांचल संवाद संवाददाता




इटखोरी (चतरा) : प्रखंड के एकमात्र ख्याति प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थान भद्रकाली महाविद्यालय में हिंदी विभाग के तत्वाधान में मनुष्य और साहित्य विषय पर एक दिवासीय संगोष्ठिका आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रचार डॉक्टर दुलार ठाकुर के द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का विषय प्रवेश हिंदी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर जानकी प्रसाद दांगी के द्वारा कराया गया। मौके पर बोलते हुए प्रोफेसर दांगी ने कहा कि मनुष्य और साहित्य एक दूसरे के पूरक हैं, यदि साहित्य शिल्प है तो मनुष्य उसका शिल्पी। दोनों का एक दूसरे के साथ अतः संबंध है और यही संबंध जीवन को गतिशीलता हर कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में प्रदान करता रहा है।

इस अवसर पर बोलते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉक्टर दुलार ठाकुर ने कहा कि साहित्य का महत्व जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में है। यह मानव जीवन के विविध पक्षों को अपने आरंभिक काल से ही एक मूर्ति रूप प्रदान करते आया है। साहित्य एक कला है यह जीवन जीने की कला है क्योंकि जीवन के विभिन्न पक्षों के विभिन्न चित्रों को साहित्य के माध्यम से उजागर किया जाता रहा है।

इस संगोष्ठी में अपने विचारों को रखते हुए महाविद्यालय के हिंदी विभाग की छात्रा रिचा सिंह ने बताया कि मानव जीवन के लिए साहित्य निर्माण की सामग्री है। यह जीवन के विभिन्न पक्षों का संजीव स्वरूप उपस्थित करती है। साहित्य ही जीवन है और जीवन ही साहित्य है। साहित्य का अनादि संबंध मानव चरित्र को चित्रित करना है।

मौके पर अपने मधुर भजनों से हिंदी विभाग के पंचम समसत्र की कीर्ति कुमारी ने भक्ति का रस घोल दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन भूगोल विभाग के व्याख्याता डॉक्टर संदीप कुमार के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन और समापन हिंदी विभाग के सहायक व्याख्याता अखिलेश कुमार पांडेय के द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रोफेसर महेंद्र ठाकुर, प्रोफेसर धीरेंद्र कुमार यादव, प्रोफेसर ललित मोहन चौधरी, प्रोफेसर ललित कुमार सिंह, प्रोफेसर मधुबाला, प्रोफेसर लीलू रानी, प्रोफेसर ईभा सिंहा समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## वज्रपात से जान गंवाने वाली महिला के परिजनों से कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की मुलाकात



रांचीः राज्य की कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को क्षेत्र भ्रमण किया . इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की इटकी प्रखंड के हरमू गांव पहुंची . हरमू गांव निवासी सूरज मुंडा के पुत्र अमित मुंडा और पुत्री प्रीति मुंडा की जान सही इलाज के अभाव में चली गई है . मंत्री ने गांव जा कर पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली और गांव का भ्रमण भी किया . दोनों बच्चे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे , जिनका इलाज परिजनों ने स्थानीय स्तर पर किया था .मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने घटना के प्रति गहरा दुख व्यक्त किया है . इसके साथ ही कहा है कि इसकी भरपाई संभावन नहीं है . लेकिन भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए गांव के लोगों जागरूक होना होगा . उन्होंने कहा कि जब भी कोई बीमार पड़े या किसी को चिकित्सा की आवश्यकता हो , तो सरकारी अस्पताल में इलाज ही बेहतर होगा . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्रामीणों से झोला छाप डॉक्टरों से दूरी बनाने की नसीहत दी . दोनों बच्चों की मौत के मामले में जांच शुरू कर दी गई है , वहीं सरकार की मेडिकल टीम गांव में कैंप कर ग्रामीणों की जांच में जुट गई है . आखिर किस बीमारी से दोनों बच्चों की जान गई है इसकी जांच स्वास्थ्य विभाग कर रही है .

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर प्रखंड के हरील पाहन टोली का भी दौरा किया . बीते दिनों इस गांव के अल्बर्ट एक्का और कुलदीप बाड़ा की मृत्यु ट्रेन की चपेट में आ जाने से हो गई थी . मंत्री ने दोनों मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उनका दुख बांटा . इसके बाद मंत्री मांडर के ही गोरखो गांव निवासी अंजली कच्छप के आवास पहुंची . अंजली कच्छप की जान वज्रपात की वजह से चली गई थी . वज्रपात में गांव की एक महिला और एक बच्चा भी बुरी तरह से घायल है . जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है . पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से 4 लाख रुपए का मुआवजा प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है . मंत्री के इस दौरा में रमेश महली , राजन किस्पोट्टा , आकाश उरांव , फिलिप सहाय एक्का , भानु सिंह , मांगा उरांव , जमील मल्लिक , रशीद अंसारी , तबारक खान , होसे उरांव , बर्नादित बेक मौजूद थे .

## इटकी प्रखंड मुख्यालय में भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी प्रतिभा सम्मान से 200 छात्र सम्मानित



रांचीः इटकी प्रखंड मुख्यालय में भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी प्रतिभा सम्मान से 200 छात्रों को सम्मानित किया गया . इटकी प्रखंड के टॉपर और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को राज्य की कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सम्मानित किया . 2005 से लेकर अब तक हर साल मैट्रिक और इंटर के छात्रों को ये सम्मान दिया जा रहा है . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इस मौके पर कहा कि सम्मान का सिलसिला आगे भी अनवरत जारी रहेगा . ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी छात्रों को सफलता की ऊंची उड़ान भरने के उद्देश्य इस सम्मान की शुरुआत की गई थी . उन्होंने कहा कि ये पल छात्रों के लिए हमेशा यादगार रहेगा . सम्मान से भविष्य की सफलता को लेकर आत्मविश्वास बढ़ता है . मंत्री ने कहा कि शिक्षा के साथ - साथ छात्रों को अपने चरित्र विकास और अनुशासन पर गंभीरता बरतने की जरूरत है . जीवन में सफलता का सपना देखना अच्छी बात है , क्यूंकि जो सपना देखते है उन्हीं का सपना एक दिन साकार होता है . छात्रों की सफलता में उनके अभिभावक और शिक्षकों की बहुत बड़ी भूमिका है . उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अपने कार्य के प्रति ईमानदार पहल करना होगा . आज भी 70 प्रतिशत आबादी के बच्चे सरकारी स्कूल में शिक्षा ग्रहण करते है और बच्चों का भविष्य शिक्षकों के कर्तव्यनिष्ठा पर निर्भर है . मंत्री ने छात्रों से कहा कि जबतक जीवन है तबतक संघर्ष के अलग - अलग परिस्थितियों से हो कर गुजरना होगा . जीवन में संघर्ष कभी खत्म नहीं होता . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने से लेकर रोजगार पाने या व्यवसाय करने तक संघर्ष हमेशा जारी रहता है . जो संघर्ष की राह पर निरंतर आगे बढ़ते है वही कामयाब होते है . कृषि मंत्री ने कहा कि छात्रों को सफलता की आदत बनानी होगी . प्रतिभा सम्मान समारोह में रमेश महली , राजन किस्पोट्टा , फिरोज अंसारी , अबुमाज , अब्बास अंसारी , अंजुम जमाल , रहमान अंसारी , भोमा सिंह , आकाश लकड़ा , इबरार इमाम , मंजर अंसारी मौजूद थे .

## बाबा भोलेनाथ धाम देवघर व बासुकींनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए कांवरिया का जत्था रवाना



ओरमांझी(मोहसीन): ओरमांझी कांवरिया संघ के संतोष गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार को ओरमाझी से लगभग 200 कांवरिया का जत्था सुल्तानगंज के लिए रवाना हुए, इससे पूर्व काली मंदिर परिसर में कांवरियों का स्वागत कार्यक्रमआयोजित किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि शिवशिष्य परिवार के मुख्य संरक्षक अचिंत आनन्द विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी पूर्व विधायक रामकुमार पहान,पूर्व उपप्रमुख जयगोविंद साहू भाजपा नेता अमरनाथ चौधरी रंधीर चौधरी मानकी राजेंद्र साही मुखिया दीपक बडाईक भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिलीप मेहता पंचायत समिति सदस्य ललीता मेहता पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता पुजा समिति अध्यक्ष रामकुमार महतो कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू सत्यनारायण तिवारी रौनियार वैश्य समाज के अध्यक्ष शम्भू प्रसाद सचिव अशोक साहू दिलीप गुप्ता अवधेश गुप्ता विहिप महामंत्री शशी मेहता ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुण्डा उमाशंकर साहू आदि अतिथियों द्वारा सभी भोलेबाबा के भक्तों को केसरिया अंगवस्त्र ओढाकर सम्मानित करते हुए रवाना किया,इस अवसर पर मुख्य रुप से शिव शिशु परिवार के मुख्य संरक्षक अर्चित आनंद ने कहा भगवान शिव कण कण मौजूद है उनकी भक्ति सदैव हमेशा जीवन में ऊर्जा प्रदान करती है भोले की आस्था सब पर भारी मंच में उपस्थित रांची लोकसभा के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि भगवान शिव का आशीर्वाद हमेशा भक्तों को मिलता है तभी तो सुल्तानगंज से जल उठाकर भक्तगण 105 किलोमीटर की दूरी की यात्रा तय करती है ऐ शिव की भक्ति की शक्ति है पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि बाबा भोलेनाथ का भक्त सच्ची आस्था और श्रद्धा से बाबा भोलेनाथ धाम यात्रा पर निकल रहे प्रत्येक सनातनी भक्तों को सावन के पावन अवसर पर बाबा दरबार जाना चाहिए।

## बीआईटी मेसरा ने की आईईई इंटरनेशनल कॉन्फ्रैन्स ऑन कम्युनिकेशन एण्ड स्मार्ट डिवाइसेज़ (ICCoSD)की घोषणा

रांची, 23 जुलाई, 2025: बिरला प्रोद्यौगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा ने अपने लालपुर एक्सटेंशन सेंटर में एक प्रेस ब्रीफिंग का आयोजन किया, जहां आगामी आईईई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेन्स ऑन कम्युनिकेशन एण्ड स्मार्ट डिवाइसेज़ (ICCoSD) की घोषणा की गई। गौरतलब है कि इस कॉन्फ्रेन्स का आयोजन 25-26 जुलाई 2025 को किया जाना है। स्मार्ट टेक्नोलॉजी एवं इंटेलीजेन्ट कम्युनिकेशन सिस्टम की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए कॉन्फ्रेन्स का विषय होगा 'कनेक्टिंग इंटेलीजेन्स'। सम्मेलन के दौरान दुनिया भर के शोधकर्ताओं एवं अकादमिकज्ञों के द्वारा विशेष सम्बोधन एवं चर्चाएं होंगी। इसके अलावा ऑफलाईन एवं ऑनलाईन फोर्मेट्स में आयोजित सत्र प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करेंगे।

## चकला स्कुल बच्चों ने समेकित सतत व्यावसायिक प्रशिक्षण का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर से देखा



(मोहसीन): झारखंड में संचालित सरकारी शिक्षकों के 50 घंटे के समेकित सतत व्यावसायिक प्रशिक्षण का विद्यालय और शिक्षकों पर पड़ने वाले प्रभाव पर नेतृत्व संवाद हेतु विद्यालय नेतृत्व अकादमी झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद,रांची के विद्यालय नेतृत्व अकादमी में ओरमांझी प्रखंड में पदस्थापित ओरमांझी के प्रधानाध्यापक सह निकासी व्ययन पदाधिकारी ने भाग लिया। संवाद में एस एल ए सदस्य जया प्रभा महतो द्वारा साक्षात्कार लिया गया एवं बिहार गौरव संकाय सदस्य जेसीईआरटी द्वारा कार्यक्रम का संयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रोजेक्टर टीवी आदि के माध्यम से रांची जिला के अन्य शिक्षकों,बच्चों और बुद्धिजीवियों द्वारा विद्यालयों में देखा गया।इस कार्यक्रम से प्रशिक्षण के विषय में बहुत सारी जानकारी मिली।अजप्टा के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाइक,प्रखंड सचिव संतोष तिवारी,मध्य विद्यालय चकला के प्रधानाध्यापक बिमलेश मिश्रा एवं ओरमांझी प्रखंड के सभी शिक्षकों ने ने लाइव प्रसारण को देखा और प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई बातों को धरातल में उतारने के लिए सभी का कटिबद्ध हैं।इससे सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत सभी बच्चों को लाभ होगा।डीडीओ नसीम अहमद ने कहा कि यह प्रशिक्षण इसलिए नहीं है कि शिक्षक बेहतर नहीं कर रहे हैं बल्कि इसलिए है कि शिक्षक और बेहतर करें।

## डूरंड कप टूर्नामेंट में जमशेदपुर एफसी का ग्रुप सी के पहले मैच में जमशेदपुर में नेपाल की त्रिभुवन आर्मी एफसी से मुकाबला होगा




जमशेदपुर । स्थानीय टीम जमशेदपुर एफसी 24 जुलाई को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ग्रुप सी के मुकाबले में नेपाल की त्रिभुवन आर्मी एफसी से भिड़कर 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के जमशेदपुर चरण की शुरुआत करेगी। मैच उद्घाटन समारोह के बाद शाम 5:30 बजे शुरू होगा, जिसका उद्घाटन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। 134 इंच के इंडियन ऑयल डूरंड कप के सभी 43 मैच सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क (सोनी टेन2 एचडी) पर लाइव प्रसारित किए जाएँगे और साथ ही सोनीलिव ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म पर भी लाइवस्ट्रीम किए जाएँगे। एआईएफएफ सुपर कप उपविजेता और आईएसएल सेमीफाइनलिस्ट, जमशेदपुर ग्रुप चरण की शुरुआत नेपाल की टीम के खिलाफ जीत के साथ करना चाहेगा, जो लगातार तीसरी बार डूरंड कप में भाग ले रही है। खालिद जमील द्वारा प्रशिक्षित रेड माइनर्स पिछले संस्करण की तुलना में अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे, जहाँ वे ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाए थे, जबकि त्रिभुवन आर्मी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। टीम अपने पिछले मुकाबलों में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाई है। मैच से पहले बोलते हुए जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच खालिद जमील ने कहा, "डूरंड कप मेरे लिए बहुत खास है। मैंने इस टूर्नामेंट में खेला है और मैं जानता हूँ कि इसका क्या मतलब है, न केवल खिलाड़ियों के लिए, बल्कि भारतीय फुटबॉल के लिए भी। यह एशिया का सबसे पुराना टूर्नामेंट है, जिसका इतिहास बहुत समृद्ध है।" एक कोच के तौर पर, इसका फिर से हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। त्रिभुवन आर्मी इस स्तर पर नई नहीं है। वे पिछले कुछ सालों से भारत आ रहे हैं और हमेशा कड़ी टक्कर देते रहे हैं। वे एक बहुत ही फिट और अनुशासित टीम हैं, जो नेपाली टीमों की खासियत है। वे बहुत जोश से खेलते हैं और भारतीय फुटबॉल और हमारे खिलाड़ियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। हमें सतर्क रहना होगा। हम उन्हें बिल्कुल भी हल्के में नहीं ले सकते। यह एक कठिन मुकाबला होने वाला है।" रेड माइनर्स ने जयेश राणे, सार्थक गोलुई, वी.पी. सुहैर, विंसी बरेटो, निशु कुमार और जर्मनप्रीत सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों सहित आठ नए भारतीय खिलाड़ियों को अनुबंधित किया है और उन्हें उम्मीद है कि उनकी नई टीम टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करेगी। त्रिभुवन आर्मी एफसी में ज़्यादातर खिलाड़ी नेपाल के शीर्ष डिवीजन में खेलते हैं। मैच से पहले, त्रिभुवन आर्मी एफसी के मुख्य कोच, के.सी. मेघराज ने कहा, "हम लगातार तीसरे साल यह टूर्नामेंट खेल रहे हैं और इस साल हमें लग रहा है कि हम अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर हैं। हमारे खिलाड़ी कल अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हैं और हमें उम्मीद है कि हम एक बेहतरीन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।" हम उत्साहित हैं और मैदान पर अपनी ऊर्जा दिखाएंगे।"जमशेदपुर एफसी तीनों अंक हासिल करने की कोशिश करेगी, जो आगे आने वाले कठिन मैचों में लय हासिल करने के लिए बेहद ज़रूरी होंगे, जबकि नेपाल की टीम 'द' में उलटफेर करने की कोशिश करेगी।

## संक्षिप्त खबरें...

### अपराधियों ने समस्तीपुर जिला सरपंच को मार डाला

समस्तीपुर. बिहार में सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिशनपुर बेरी पंचायत के सरपंच सुनील कुमार की मंगलवार की देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि ड्राइवर से विवाद को लेकर मंगलवार की संध्या से ही झगड़ा शुरू हुआ। जिसके बाद गांव के ही विपिन कुमार के परिवार वालों ने घर पर चढ़कर मारपीट किया। उस समय दोनों तरफ से मारपीट हुई। जिसके बाद स्थानीय लोगों के समझाने-बुझाने के बाद घटना शांत हुआ।

### वोटर लिस्ट रिवीजन के विरोध में जेडीयू सांसद

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट रिवीजन पर काफी हंगामा हो रहा है। अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड के सांसद ने ही चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया पर सवाल उठा दिए हैं। बांका से जेडीयू सांसद गिरधारी यादव ने बुधवार को आरोप लगाया कि आयोग ने बिना किसी व्यावहारिक ज्ञान के हम पर मतदाता गहन पुनरीक्षण जबरदस्ती थोप दिया है। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए वोटर लिस्ट रिवीजन की समय सीमा पर भी सवाल उठाए और कहा कि इस प्रक्रिया के लिए कम से कम 6 महीने का समय मिलना चाहिए।

### भोजपुर में युवक की गोली मारकर हत्या, दोस्त घायल

आरा. बिहार के भोजपुर जिले में बुधवार सुबह एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसके साथ बाइक पर सवार एक दोस्त भी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात उदवंत नगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव के पास हुई। मृतक की पहचान पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव निवासी अवधेश यादव के 30 वर्षीय बेटे धर्मेंद्र यादव के रूप में हुई है। उसका दोस्त राजू यादव का आरा सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। धर्मेंद्र का अपने रिश्तेदारों से जमीन विवाद चल रहा था। एक साल पहले इसी विवाद में दो लोगों की हत्या हुई थी। जानकारी के अनुसार बाइक सवार दो बदमाशों पर गोली मारने का आरोप लगा है। घटना को जमीन और पूर्व से चल रही प्रतिशोध की लड़ाई से जोड़कर देखा जा रहा है।

### बीजेपी समर्थक की 2 हजार में हुई हत्याः 1 गिरफ्तार

पटना. बीजेपी समर्थक सुरेन्द्र प्रसाद की हत्या का बुधवार को पटना में पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में रतन कुमार (19) को गिरफ्तार किया है। घटना में रतन के अलावा भी दो लोग हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। रतन ने पुलिस को बताया है कि 2 लाख रुपए में सुपारी ली थी। एडवांस के तौर पर अभी 2 हजार रुपए मिले थे। शेष रुपए एक दो दिन में मिलने वाले थे, उससे पहले पकड़ा गया। उसके पास से घटना में शामिल हथियार एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि घटना के बाद रतन देवघर चला गया था। हालांकि इस बात से यह इनकार कर रहा है।

### अकबरपुर में दो युवक गिरफ्तारः कोर्ट में पेशी

नवादा. नवादा जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मोहम्मद वसीम अकरम और एक नाबालिग गोरे कुमार के रूप में हुई है। मोहम्मद वसीम अकरम अकबरपुर गांव का रहने वाला है, जबकि गोरे कुमार पच रूखी गांव का निवासी है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी आपस में झगड़ा कर सांप्रदायिक माहौल को खराब करने का प्रयास कर रहे थे। इस घटना से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन सकती थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की और दोनों को हिरासत में ले लिया।

### 19 अपराधी गिरफ्तार, 345 लीटर विदेशी शराब जब्त

दरभंगा. दरभंगा पुलिस ने बीते 24 घंटों में बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने 19 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस दौरान 345.96 लीटर विदेशी शराब भी बरामद की गई। पुलिस ने वारंट के खिलाफ भी कार्रवाई की। 3 जमानती और 4 गैर-जमानती वारंट का निष्पादन किया गया। साथ ही 90 कुर्की वारंट भी निष्पादित किए गए। वाहन जांच अभियान में पुलिस ने 3 लाख 90 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला। इस अवधि में 28 पासपोर्ट सत्यापन भी पूरे किए गए।

### सिपाही भर्ती परीक्षा, प्रश्न देखकर खुश हुए परीक्षार्थी

मुजफ्फरपुर. मुजफ्फरपुर के 20 परीक्षा केंद्र पर सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा हुई। परीक्षा एक पाली में दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक हुई। दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की तैनाती थी। केंद्र पर अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग टाइम 9:30 बजे थी। प्रवेश द्वार पर ही अभ्यर्थियों का ई-एडमिट कार्ड पर फोटो और पहचान पत्र का मिलान करते हुए परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश की अनुमति दी गई। 10:30 बजे के बाद किसी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं थी। अभ्यर्थी को परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा केंद्र से बाहर जाने की अनुमति नहीं थी। सीतामढ़ी से परीक्षा देने आई सीखा कुमारी ने बताया कि परीक्षा ठीक रही। सब्जेक्ट ज्यादा था। केमिस्ट्री और मैथ्स का प्रश्न बहुत आसान था। जो पढ़ कर आता है, उसको कोई परेशानी नहीं होती है। हम 6 महीना से तैयारी कर रहे थे। उम्मीद है कि परीक्षा में पास हो जाएंगे। दरभंगा से परीक्षा देने आई सिवनी मिश्रा ने बताया कि प्रश्न आसान था। पॉलिटिक्स के प्रश्न में थोड़ा समय लगा है। हम एक साल से तैयारी कर रहे थे। ऑनलाइन कोचिंग भी लेते है। पहली बार परीक्षा में शामिल हुई। उम्मीद ही कि पास हो जाएंगे।

### नौतन में 2 लाख की चोरीःअस्पताल में था परिवार

बेतिया. पश्चिम चंपारण के नौतन थाना क्षेत्र में चोरी की एक घटना सामने आई है। पाठक जी के बाजार रेखा सुंदर पट्टी ग्राम फतेहपुर में चोरों ने नूर आलम के घर को निशाना बनाया। घटना उस समय हुई जब नूर आलम का परिवार मोतिहारी में डॉक्टर अखिलेश कुमार के अस्पताल में था। उनकी पुत्रवधू के बच्चे की डिलीवरी होनी थी। परिवार एक सप्ताह से अस्पताल में था।

### ठकराहा में कालाबाजारी पर कार्रवाई

बेतिया. बेतिया के ठकराहा में खाद की कालाबाजारी पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक के बाद कोइरपट्टी चौराहे पर छापेमारी की गई। दो दुकानों से 55 बोरी अवैध यूरिया खाद मिला। यूरिया की सरकारी कीमत 266.50 रुपये प्रति बोरी है। लेकिन अपंजीकृत दुकानदार इसे 400-450 रुपये में बेच रहे थे। बीएओ राकेश कुमार ने दुकानदारों को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने अवैध बिक्री बंद करने का निर्देश दिया है। निर्देश न मानने पर खाद जब्त कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

### ट्रेन से 2 करोड़ कैश मिले : चुनाव में खपाने की थी तैयारी

पटना. बिहार आने वाली साबरमती-दरभंगा के A-2 कोच की सीट नंबर-44 से पुलिस ने 2 ट्रॉली बैग जब्त किए हैं। जब इन्हें खोल कर देखा गया तो पुलिस वाले भी चौंक गए। अंदर 1 करोड़ 80 लाख रुपए कैश पड़े हुए थे। जीआरपी बलिया ने ये रकम बरामद की है। जिससे ये पैसा बरामद हुआ है उसका नाम ओमप्रकाश चौधरी है। वो बिहार के सारण जिले का रहने वाला है। पैसों को लेकर वो कोई पेपर नहीं दे पा रहा है। बस उसने कहा कि हमें ये पैसे झांसी से छपरा तक ले जाने थे। पुलिस को शक है कि ये 1.80 करोड़ चुनाव खपाने की तैयारी थी।

### 2 लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर मारी गोलीः एक की मौत

आरा(भोजपुर). भोजपुर में हथियारबंद अपराधियों ने बुधवार सुबह इलेक्ट्रिकल इंजीनियर और उसके दोस्त को गोली मार दी। दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई।बदमाशों ने इस दौरान 10 राउंड फायरिंग की है। इंजीनियर की कमर में गोली लगी है। गंभीर हालत में सदर अस्पताल से डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया है। 10 राउंड फायरिंग हुई है। मृतक की पहचान पवना पवार गांव निवासी अवधेश कुमार के बेटे धर्मेंद्र कुमार (32) के तौर पर हुई है। घायल युवक का नाम राज कुमार (32) है। मुंबई के प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव के पास की है।गोलीबारी के बाद लोगों ने सड़क पर शव रखकर जाम कर दिया है और अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर जमकर हंगामा किया।

# आप हंगामा करना चाहते हैं भाजपा के मंत्रियों पर ही भड़के स्पीकर नंद किशोर यादव, नीतीश ने सम्राट को कंधे पर हाथ रखकर बैठा दिया

पटना. बिहार विधानसभा में बुधवार को सत्ता पक्ष से उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के मंत्रियों और विधायकों के हंगामे के बाद स्पीकर नंद किशोर यादव ने सदन को पहली पाली में महज 23-24 मिनट के संचालन के बाद कुछ देर के लिए स्थगित कर दिया। सदन स्थगित करने से पहले विधानसभा अध्यक्ष ने विजय सिन्हा और भाजपा के मंत्रियों को शांत होकर बैठने कहा लेकिन अपनी बात अनसुनी रह जाने पर विचलित नंद किशोर यादव सदन स्थगित करने के बाद जब बाहर निकले तो सत्ता पक्ष की तरफ नाराजगी वाले इशारे करते बाहर गए। बवाल की शुरुआत तब हुई जब विपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव के भाषण के दौरान सत्ता पक्ष की तरफ से टोका-टोकी हुई। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने तेजस्वी के बोलने पर ही सवाल उठा दिया, जिसके बाद राजद के विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि सदन किसी के बाप का है क्या। इसके बाद स्पीकर ने भाई वीरेंद्र को इस तरह के बयान के लिए डांटा और कहा कि वो सदन से उन्हें निकाल देंगे। स्पीकर ने तेजस्वी से कहा कि पहले वो भाई वीरेंद्र से क्षमा मांगने कहें, खेद जताने कहें, नहीं तो सदन नहीं चलेगा। मानसून सत्र के तीसरे दिन वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन को लेकर जमकर बवाल हुआ। तेजस्वी एसआईआर को लेकर सरकार को घेरने लगे। इस दौरान उन्होंने दोनों डिप्टी सीएम को लेकर कहा कि ये सूत्रों के हवाले से वोटर्स को बांग्लादेशी बता देते हैं। इस पर नीतीश कुमार अचानक खड़े हुए तेजस्वी को बीच में रोका और उन्हें बच्चा तक कह दिया। नीतीश सदन में बोल ही रहे थे, तभी सम्राट चौधरी खड़ा होना चाह रहे थे, लेकिन नीतीश कुमार ने उनके कंधे पर हाथ रखकर चेयर पर बैठा दिया। इसके बाद तेजस्वी यादव खड़े हुए तो सत्ता पक्ष के विधायक हंगामा करने लगे। इसी दौरान राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि 'सदन किसी के बाप का नहीं है।' इसके बाद स्पीकर ने कहा- निकाल कर बाहर कर दूंगा। इस तरह की भाषा यहां नहीं चलेगी। इसके बाद जमकर हंगामा शुरू हो गया और सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। नीतीश सदन में पुरानी सरकार और महिलाओं पर बोल रहे थे। इसी दौरान सम्राट चौधरी खड़े होने जा रहे थे। मुख्यमंत्री ने उनके कंधे पर हाथ रखकर चेयर पर बैठा दिया। इसके बाद डिप्टी सीएम वापस बैठ गए। वे



अपनी कुर्सी से उठ चुके थे। सीएम बोल रहे थे, तभी राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कुछ कहा। इस पर डिप्टी सीएम विजय सिन्हा बोले- आप क्यों बोल रहे। इस पर भाई वीरेंद्र ने कहा- ये सदन किसी के बाप का है क्या। राजद विधायक इस बयान पर स्पीकर नंद किशोर यादव गुस्सा हो गए। उन्होंने कहा, 'आपने गलत बयानबाजी की है। माफी मांगिए, नहीं तो सदन से बाहर फेंकवा दूंगा', लेकिन भाई वीरेंद्र ने माफी नहीं मांगी। सीएम के पहुंचते ही विपक्ष के विधायक पहले गेट से उठकर दूसरे गेट की ओर जाने लगे। इस दौरान उन्हें मार्शल ने रोकने की कोशिश की। वो नहीं माने, इसके बाद मार्शल के साथ विधायकों की धक्का-मुक्की हुई। धक्का देकर मार्शल ने सभी विधायकों को साइड किया।

### कुछ गलत नहीं कहा- वीरेंद्र

राजद विधायक भाई वीरेंद्र की बातों पर सदन में जमकर हंगामा हुआ है। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद जब भाई वीरेंद्र सदन से बाहर आए तब उन्होंने मीडिया से भी बातचीत की। भाई वीरेंद्र ने कहा कि उन्होंने सदन के अंदर सिर्फ इतना कहा कि सदन किसी की बपौती नहीं है। यह भाषा असंसदीय नहीं है। मैं इसके लिए माफी नहीं मांगूंगा। इतना ही नहीं राजद विधायक ने आरोप भी लगाया कि डिप्टी सीएम विजय सिन्हा और सदन में बैठे सत्ता पक्ष के कुछ अन्य विधायकों ने उन्हें गंदी गालियां दीं।

### बहुत पीड़ा हुई देख कर, मुख्यमंत्री से सहानुभूति है; तेजस्वी

सदन में हंगामे और कार्यवाही स्थगित होने के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मीडिया से मुखातिब हुए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेजस्वी यादव ने एक तरफ जहां मतदाता पुनरीक्षण



पर सवाल उठाए तो वहीं उन्होंने सीएम नीतीश कुमार पर भी तंज कसा। इसी के साथ तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि उनके संबोधन के दौरान डिप्टी सीएम ने उनपर कमेंट किया। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोगों ने एसआईआर की टाइमिंग को लेकर अपनी बात विधानसभा में रखी। चुनाव आयोग ने यह लगभग 55 लाख मतदाता नहीं है। मैं इसपर अपनी बात रख रहा था। तेजस्वी ने आगे कहा कि बहुत पीड़ा हुई देख कर सत्ता पक्ष में बड़े पद पर बैठ लोग फिर चाहे डिप्टी सीएम ही हो वो इतनी हल्की राजनीति करते हैं। सत्ता पक्ष में कुछ लोग हल्की राजनीतिक करने वाले लोग हैं। वो सदन की गरिमा को गिराने का काम करते हैं। अध्यक्ष महोदय ने डिप्टी सीएम और मंत्री को भी फटकार भी लगाई है। सदन के संचालन का काम बड़े पद पर बैठे नेता और उनके मंत्रियों का होता है। तेजस्वी यादव ने कहा कि हम तो अनुमति से बोले लेकिन डिप्टी सीएम का कमेंट आता है कि यही बोलता रहेगा खाली, कितना बोलेगा, क्यों बोलेगा। इस तरह का बयान कितना अमर्यादित है। सदन में अगर विपक्ष का नेता नहीं बोलेगा तो कौन बोलेगा? सदन में अगर सवाल नहीं पूछे जाएंगे तो जवाब कौन देगा? हम लोगों को लगता है कि अगर सभी पार्टी के लोग बोलते हैं तो इस विषय पर चर्चा होगी। हमने कहा कि सूत्रों पर दोनों उपमुख्यमंत्री बयान देने लगते हैं। यह लोग बयान देने लगते




हैं कि फर्जी वोटर बांग्लादेश या नेपाल के हैं। लेकिन जब हमने सबूत दिखाया कि चुनाव आयोग ने जो हलफमाना सुप्रीम कोर्ट में दिखाया है उसमें कहीं से भी विदेशी नागरिक का जिक्र नहीं है। अगर आयोग ने यह बात कही ही नहीं तो इसका खंडन होना चाहिए। हमने कहा कि बीजेपी के भी 54 हजार वोटर हैं और उनलोगों ने भी कभी फर्जी वोटर की सिकायत नहीं की है।

### सीएम नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव को दिया जवाब

इसके बाद सीएम नीतीश ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को जवाब दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जब उम्र तुम्हारा कम था तब तुम्हारे पिताजी 7 साल तक मुख्यमंत्री रहे। उसके बाद तुम्हारी मां मुख्यमंत्री रहीं। क्या उस समय की स्थिति है। अगर चाहोगे तो पहले क्या था और उसके बाद जब यह 20 साल हुआ तो उसमें भी 9 महीने हमने दूसरे को दिया। आपके साथ भी रहे लेकिन आप लोगों ने ठीक काम नहीं किया। अब जब हम लोग एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं तो फिर यह सब चीज बोलने का क्या मतलब है।

### केंद्र सरकार काफी मदद कर रही- नीतीश कुमार

आज तो तीसरा दिन है और इसके बाद दो ही दिन बचे हैं। इसके बाद हमलोग चुनाव में जाएंगे। जब चुनाव होगा तब देश के लोग सोचेंगे कि क्या करना है। हम लोगों ने शुरू से कितना काम किया है। क्या था पहले बजट। पहले का बजट आपका क्या था? कितना ज्यादा हमलोगों ने सबके लिए किया है। आज तीन लाख से भी ज्यादा और केंद्र सरकार भी काफी मदद कर रही है। हम लोग बिहार में मिलकर काम कर रहे हैं। जहां जो कुछ भी कमी है उसको भी हम लोगों ने पूरा कर दिया है। सीएम नीतीश ने कहा कि चुनाव लड़िए। उन्होंने कहा कि पहले किसी महिला को कुछ दिया था। हमलोगों ने महिलाओं को काफी ज्यादा किया है। आप लोगों ने मुस्लिम के लिए भी कुछ नहीं किया लेकिन हम लोगों ने किया है। हमने सारे लोगों के लिए सबकुछ किया। बीच में जब साथ थे तब कितना बड़ाई करते थे। हम लोगों ने जितना काम किया है उसी को लेकर हम सब जगह जाएंगे और जनता को बता देंगे। इसके बाद सीएम नीतीश ने तेजस्वी से मुखातिब होते हुए कहा कि बच्चा ना हो, अरे तुम तो बहुत बच्चे थे ना। पटना शहर में भी कोी शाम में घर से बाहर जाता था। कहीं जाने का रास्ता था। हम पत्रकारों से भी कहेंगे कि पहले क्या बुरा हाल था और हमने जो काम किया इन दोनों चीजों को याद रखें।

### विपक्ष ने मेन गेट जाम किया

इससे पहले कार्यवाही से पहले विपक्ष ने आज भी सदन का मेन गेट जाम कर दिया है। सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी दूसरे गेट से सदन के अंदर पहुंचे। इस दौरान सीएम नीतीश हाथ जोड़कर तेजस्वी यादव को नमस्ते किया। उन्होंने काले कपड़े देखकर तेजस्वी से पूछा- ये क्या है। इसके बाद तेजस्वी ने इशारों में जवाब दिया। इससे पहले मेन गेट पर पुलिस और विपक्ष के विधायकों के बीच झड़प भी हुई। विपक्ष के विधायकों का आरोप है कि पुलिस उन्हें डिस्टर्ब कर रही है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम क्राइम के पोस्टर लेकर विधानसभा के मेन गेट पर बैठ गए। उन्होंने कहा- आज भी विधानसभा नहीं चलने देंगे। उन्होंने कहा, 'सदन में गुंडाराज को लेकर हंगामा करेंगे। कार्य स्थगन प्रस्ताव भी लाएंगे।

## विधानसभा घेरने जा रहे जनसुराज कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज

# पीके बोले- चुनाव में 3 महीने बाकी हैं, लाठी चला रहे हो, जीना हराम कर देंगे

पटना. पटना में विधानसभा घेरने जा रहे जनसुराज कार्यकर्ताओं पर बुधवार को पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। सभी नेता हाथ में पोस्टर लेकर नारेबाजी करते हुए प्रशांत किशोर के नेतृत्व में शेखपुरा हाउस से निकले थे। पुलिस ने पटेल गोलंबर के पास बैरिकेडिंग कर सभी को रोक दिया। कार्यकर्ता नहीं हटे। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज के बाद प्रशांत किशोर ने कहा कि, 'अभी ये जंग की शुरुआत है। अभी 3 महीने चुनाव में बचे हैं। इनका जीना हराम कर देंगे। बिहार की जनता बदलाव चाहती है। ये लोग सदन और पुलिस के पीछे छिप नहीं सकते हैं। किसके आदेश पर लाठीचार्ज किया गया। मैं खड़ा हूं मुझ पर चलाओ लाठी।' लाठीचार्ज के बाद भी प्रशांत किशोर कार्यकर्ताओं के साथ 2 घंटे तक वहां डटे रहे। उसके बाद एक बार फिर से




प्रशांत किशोर ने अपने समर्थकों के साथ फिर से विधानसभा की ओर बढ़ने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने फिर से उन्हें रोक दिया। इसके बाद प्रशांत किशोर पटेल गोलंबर से शेखपुरा हाउस के लिए निकल गए। उन्होंने कहा था, अगर सीएम नीतीश कुमार नहीं मिलेंगे तो हम लोग सीएम हाउस को घेर लेंगे।

### पीके बोले- 1 लाख आदमी लाकर घर घेर लेंगे

प्रशांत किशोर ने कहा कि 'पुलिस कुछ नहीं कर सकती है। एक लाख आदमी लाकर घर को घेर लेंगे। वो निकल नहीं पाएंगे। नीतीश कुमार विधानसभा में नहीं मिलेंगे तो उनके घर पर जाकर मिलेंगे। बिना मिले नहीं रहेंगे। यह तो बस शुरुआत है। आगे देखते रहिए क्या-क्या होता है।' प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने कहा, 'राज्य सरकार की नाकामी और उदासीनता के खिलाफ यह जनआंदोलन किया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से विधानसभा तक जाने की अनुमति नहीं मिली, जिससे जन सुराज के सभी कार्यकर्ता गर्दनीबाग जा रहे हैं।' SP दीक्षा ने कहा कि 'स्थिति कंट्रोल से बाहर थे, तभी थोड़ी धक्का मुक्की हुई है। हमें नहीं पता था कि यह इस प्रकार बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ेंगे। अब भी ये लोग प्रतिबंधित क्षेत्र में बैठे हैं, जो गलत है।'

## गर्भवती को जमुई सदर अस्पताल में नहीं मिला स्ट्रेचर

# पति को गोद में उठाकर ले जाना पड़ा, रक्तस्राव से गर्भ में बच्चे की मौत

जमुई. जमुई सदर अस्पताल में बुधवार को स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली एक बार फिर सामने आई। सोनो प्रखंड के जागीजोर निवासी मुन्ना कुमार अपनी गर्भवती पत्नी अंजली कुमारी को गंभीर हालत में अस्पताल लाए। अधिक रक्तस्राव के चलते महिला की हालत खराब हो रही थी। अस्पताल परिसर में महिला को स्ट्रेचर की व्यवस्था भी नहीं मिली और न ही वार्ड कर्मी मिले। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मुन्ना कुमार अस्पताल के बाहर करीब 10 मिनट तक स्ट्रेचर और मदद का इंतजार करते रहे। लेकिन न तो कोई वार्ड बॉय आया और न ही स्ट्रेचर ही मिला। अंत में पति ने खुद ही पत्नी को गोद में उठाकर प्रसव कक्ष पहुंचाया। वार्ड में पहुंचने के बाद चिकित्सकों ने जांच कर बताया कि



गर्भ में ही शिशु की मौत हो चुकी है। यह खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। इस घटना ने अस्पताल प्रबंधन और राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन पूरी तरह बचाव की मुद्रा में नजर आया। अस्पताल प्रबंधक रमेश पांडेय, जो उस समय पटना में मीटिंग में शामिल थे, ने कहा कि, "मुझे मामले की जानकारी मिली है। पूरी जांच कर रिपोर्ट वरीय अधिकारियों को सौंपी जाएगी।"

### स्कूल में शिक्षिका के पति ने की बच्चों की पिटाईः विरोध

मुजफ्फरपुर. मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी प्रखंड स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरौल में एक विचित्र घटना सामने आई है। शिक्षिका वैदेही कुमारी ने अपने मोबाइल चार्जर के टूटने पर पति जितेन्द्र ठाकुर को स्कूल बुला लिया। स्कूल पहुंचते ही जितेन्द्र ठाकुर ने लगभग आधा दर्जन बच्चों की बेरहमी से पिटाई कर दी।

## उपराष्ट्रपति की सवाल पर बचते नजर आए राज्यपाल

किशनगंज (बिहार). बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान बुधवार को किशनगंज पहुंचे। वे यहां तौहीद एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित दो दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए हैं। इस दौरान बुधवार को राज्यपाल ने जामिया हमदर्द वोकेशनल एंड स्किल सेंटर का उद्घाटन किया।

राज्यपाल पहले हवाई मार्ग से किशनगंज हवाई अड्डा पहुंचे। जहां से सीधे तौहीद एजुकेशनल ट्रस्ट परिसर आए। पहला कार्यक्रम दोपहर 12:30 बजे से शुरू हुआ। जहां वे तीन घंटे तक विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षणिक सत्रों में भाग लेने के बाद दूसरे जगह पर निकल गए। इस बीच उन्होंने मीडियाकर्मियों से बात की।राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि शिक्षा यानी इल्म हासिल करना सबसे अहम है, लेकिन यदि इंसान खुद को नहीं बदलेगा तो वह शिक्षा भी बेकार हो जाएगी। दुनिया तेजी से बदल रही है। हमें उसके मुताबिक खुद को तैयार करना चाहिए। शिक्षा हमें इस काबिल बनाती है कि हम अपने जमाने की जरूरतों को समझ सकें। जिसके पास इल्म और अदब नहीं है, वह यतीम है।' अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा, 'हम जिसे काफिर समझते हैं वो असल में काफिर नहीं है। असली काफिर वह है जिसके पास रचनात्मक क्षमता नहीं है, जो तकनीकी रूप से सक्षम नहीं है।'

राज्यपाल ने धर्म और विविधता पर कहा, 'हमारा देश विविधताओं का जश्न मनाता है। यहां रंग, भाषा, पूजा, इबादत सब कुछ अलग है, लेकिन यही इसकी ताकत है। हम पुल बनाएं, दीवारें नहीं। अल्लाह ने सबको जोड़ने



के लिए भेजा है, न कि अलग करने के लिए।' माइनॉरिटी शब्द पर सवाल उठाते हुए राज्यपाल ने कहा, 'संविधान किसी जाति या धर्म को माइनॉरिटी नहीं कहता। अगर हजारों साल राज करने वाले लोग 75 साल में माइनॉरिटी हो गए, तो ये सोचने की बात है। माइनॉरिटी वो हैं जिनके साथ कभी भेदभाव हुआ।' राज्यपाल ने कहा, 'मैं कुछ ऐसा कहने जा रहा हूं जो शायद अच्छा न लगे। ताली जोश का प्रतीक है, जिसमें इंसान होश खो देता है। इसलिए ताली नहीं, समझदारी रखें।'

राज्यपाल ने किशनगंज को खूबसूरत जिला बताया और चाय, अनानास व मखाने की खेती को सराहा। उन्होंने कहा कि जब वे ऊर्जा मंत्रालय में थे, तब ग्रामीण विद्युतीकरण के दौरान किशनगंज का दौरा कर चुके हैं।

### खगड़िया में मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ः तीन गिरफ्तार, नौ फरार

खगड़िया. खगड़िया में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मोरकाही थाना क्षेत्र के कामाथान बहियार में की गई छापेमारी में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रहने वाले गुड्डू यादव के बासा पर यह अवैध कारोबार चल रहा था। छापेमारी के दौरान मौके से अग्नेयास्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं। खगड़िया पुलिस कप्तान के निर्देश पर अवैध हथियारों के निर्माण को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्रवाई में नौ अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### तकिया से मुंह दबाकर पत्नी की हत्या कर भागा पति, 6 महीने पहले भी जहर दिया था

मुजफ्फरपुर. बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। तकिया से मुंह दबाकर पत्नी को मारने के बाद आरोपी पति शव को घर में छोड़ कर अपने परिजन के साथ फरार हो गया। वारदात अहियापुर थाना क्षेत्र के विजय छपरा गांव की है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने गांव में पहुंचकर जांच की। बताया जा रहा है कि घर खर्च को लेकर विवाद चल रहा था। लगभग 6 महीने पहले भी पति ने पत्नी को जहर देकर मारने की कोशिश की थी। मृतक महिला की पहचान 25 वर्षीय सोनी के रूप में हुई है। उसका मायका बोचहा के हुसैनपुर में है। मृतका की मां शिव दुलारी देवी ने कहा कि अहियापुर के विजय छपरा निवासी बिरजू सहनी (30) से बेटी की शादी लगभग 10 साल पहले हुई थी। इनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा बलि 8 साल और छोटा मनीष 6 साल का है।

### 'शेरू ने गैंगस्टर चंदन मिश्रा के मर्डर की सुपारी दी': बलवंत ने मुझे हायर कियाः तौसीफ

पटना. चंदन मिश्रा हत्याकांड में पटना पुलिस ने मंगलवार को बेऊर जेल से तौसीफ उर्फ बादशाह को रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की। पूछताछ तौसीफ ने बताया, 'बलवंत, शेरू सिंह के संपर्क में था। उसी ने सभी शूटर्स को हथियार दिए थे। बलवंत भी मौके पर मौजूद था।' तौसीफ ने पूछताछ के दौरान आज कई राज उगले हैं। मास्टरमाइंड का भी नाम लिया है, जिसकी निशानदेही पर पूछताछ के पैरलल पुलिस की अलग-अलग टीम रेड कर रही है। पटना SSP कार्तिकेय शर्मा ने भी तौसीफ से घंटों पूछताछ की। SSP ने बताया, 'पटना से 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान तौसीफ ने कई लोगों के नाम का पर्दाफाश किया है।' 'इसके अलावा 3 लोगों को आरा से पकड़ा गया है। 2 लोगों को गोली लगी है, जो फिलहाल PMCH में एडमिट हैं। इलाज होने के बाद इन लोगों से भी पूछताछ की जाएगी।' 'बाकी बचे लोगों पर भी कार्रवाई चल रही है। बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

# सम्पादकीय

**कोयलांचल संवाद**

रांची, गुरुवार, 24 जुलाई, 2025

6

www.ksnewsupdates.com


## मस्जिद पर सपा सांसदों का जाना आस्था बनाम राजनीतिक टकराव

भारत जैसे बहुधार्मिक और संवेदनशील लोकतंत्र में धर्म और राजनीति का टकराव कोई नया विषय नहीं है, जब यह टकराव इबादतगाहों को लेकर होने लगे, तो सवाल गंभीर हो जाते हैं। विगत दिवस संसद भवन के पास स्थित एक मस्जिद में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव और उनके सांसद मस्जिद में बैठकर आपस में कुछ चर्चा कर रहे थे। सपा के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी इस मस्जिद के इमाम भी हैं। लोकसभा एवं राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित हो गई थी। इमाम साहब सपा के सांसदों के साथ मस्जिद पहुंचकर मस्जिद के बैठक कक्ष में आपस में चर्चा कर रहे थे। इसका एक फोटो वायरल हुआ उसके बाद हंगामा मच गया। भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए प्रदर्शन करने की बात कही है। मंदिर-मस्जिद के बीच टकराव की यह ताजा मिसाल है। बीजेपी ने इस बैठक को धार्मिक स्थल के राजनीतिक उपयोग का मामला बताते हुए कड़ा विरोध जताया है। पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा ने दावा किया है, मस्जिद को सपा का पार्टी दफ्तर बना दिया गया है। दूसरी ओर, अखिलेश यादव ने यह कहकर पलटवार किया, बीजेपी लोगों को धर्म के नाम पर बांटने का प्रयास कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा, धार्मिक स्थल जोड़ने का काम होता है। यह विवाद केवल एक फोटो के आधार पर शुरू हो गया है। भारत में इस बात का संकेत है। जहां राजनीति, धर्म और सामाजिक संवेदनाएं टकरा रही हैं। यह सत्य है, किसी भी धार्मिक स्थल का उपयोग राजनीतिक मंच के रूप में होना ना तो उचित है, ना ही संवैधानिक मर्यादाओं के अनुरूप है। धार्मिक स्थलों पर सभी नागरिकों की श्रद्धा होती है। धार्मिक स्थलों को कभी भी किसी दल विशेष की बैठकों या रणनीति का अड्डा नहीं बनाया जा सकता है। विचारणीय प्रश्न है, क्या वाकई सपा के सांसद बैठक के लिए एकत्रित हुए थे, क्या यह राजनीतिक बैठक थी। या महज एक संयोग था। सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी इसी मस्जिद के इमाम हैं। सपा के सभी सांसद सदन की कार्यवाही में भाग लेने के लिए संसद पहुंचे थे। दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित हो गई थी। ऐसे में सपा के सांसदों का अपने ही एक सांसद के धार्मिक स्थल के कार्यालय में जाकर बैठना क्या कोई राजनीतिक गतिविधि थी। मामला तब जटिल हो गया, जब सपा के शीर्ष नेता के साथ एक धार्मिक स्थल पर सपा के कई सांसद एक साथ नजर आये। ऐसी स्थिति में विपक्ष के राजनीतिक दल की शंका स्वाभाविक है। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड की आपत्ति और मुस्लिम समाज के भीतर से उठती नाराजगी इसी बात का प्रमाण है। धार्मिक भावनाओं को लेकर लोग संवेदनशील होते हैं। भाजपा की आपत्ति पर सपा का यह कहना कि क्या अब मस्जिद या मंदिर जाने के लिए बीजेपी से अनुमति लेनी होगी? राजनीति में यह शैली बड़ी आम हो गई है। इस पूरे विवाद से एक बात स्पष्ट है, धर्म और राजनीति के बीच सभी राजनीतिक दलों को एक मर्यादा रखनी होगी। जब नेता धार्मिक स्थलों पर जाएं, तो वह श्रद्धा के भाव से हों, ना कि सियासी रणनीति के तहत। भारत में चुनाव के समय सभी राजनीतिक दलों के नेता धार्मिक स्थलों पर जाकर अपनी आस्था प्रकट करते हैं। जिसके कारण धार्मिक आस्था भी विवाद का विषय बन जाती है। एक फोटो को किस तरह से विवाद का विषय बनाया जा सकता है। इसका यह एक उदाहरण है। सपा नेता और उनके सांसदों का कहना है उनके एक सांसद जो इस मस्जिद के इमाम हैं उनके अनुरोध पर लोग कुछ देर के लिए वहां पर चले गए थे क्योंकि दोनों सदन की कार्यवाही स्थगित हो गई थी। नदवी के अनुरोध पर सभी लोग वहां पर अनौपचारिक रूप से बैठे हुए थे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी वहां पर उपस्थित थे, जिसको राजनीतिक बैठक का रंग दे दिया गया। जिस तरह से पिछले कुछ वर्षों से हिंदू और मुसलमानों के बीच धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति शुरू हुई है, उसको देखते हुए लगातार ऐसे मौकों की तलाश होती है। जैसे ही कोई मौका मिलता है बिना जाने और बिना सोचे-समझे इस तरह के विवाद खड़े कर दिए जाते हैं जो धार्मिक ध्रुवीकरण को बढ़ाने का काम करते हैं। संसद परिसर के बाहर बनी यह मस्जिद, वक्फ बोर्ड को लेकर भाजपा के निशाने में रही है। इस एक फोटो ने नए विवाद को जन्म दे दिया है। इस मस्जिद में सपा की बैठक को लेकर भाजपा ने निशाना साधा है। यह एक संयोग है, या राजनीति करने का नया प्रयोग है। इसे आसानी से समझा जा सकता है। संसद सत्र चलेगा या नहीं इसको लेकर सांसदों को भी पता नहीं था। कहा जाता है कि सपा के एक सांसद जो इस मस्जिद के इमाम हैं, उन्हें इस मौके पर लगा कि इसी बहाने सबको वहां ले जाकर चाय-नाश्ता कर सकते हैं। उनके अनुरोध पर सपा के सांसद उनके साथ चले गए। एक फोटो के कारण यह एक धार्मिक विवाद का विषय बन गया। वर्तमान में जिस तरह की राजनीति देखने को मिल रही है, उसमें जो विवाद खड़ा किया गया है। एक दशक में राजनीति का जो स्तर है। उस स्तर को देखते हुए, इस आरोप को लेकर कोई आश्चर्य नहीं है। आम जनता भी अब इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप पर गंभीर नजर नहीं आती है। आम जनता भी रोज-रोज की इस लड़ाई को देखते हुए यह समझने लगी है, उन्हें धार्मिक आधार पर उकसाकर राजनीतिक दल अपने-अपने हितों को साधते हैं। यही एक कारण है, जब पहलगाम की घटना हुई थी। उसके बाद लोगों ने उस घटना के विरोध में हिंदू और मुसलमानों दोनों ने मिलकर जो प्रतिक्रिया दी, उसने राजनीतिक दलों को भी आश्चर्यचकित कर दिया।

## संविधान के अनुरूप नहीं है मतदाता सूची का "विशेष गहन पुनरीक्षण"

बिहार में हो रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की पोल खुल चुकी है। इसके नाम पर लोग बेदखल किए जा रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय के सुझाव के बावजूद चुनाव आयोग के कान पर जू तक नहीं रेंग रही है। संभवतः कान, आंख, नाक किसी सत्ता प्रतिष्ठान के पास गिरवी है। आज हमने इस संदर्भ में अपनी बात रखने की कोशिश की। लोकतंत्र में मतदाता अगर बेदखल होता है तो इसका कोई मतलब नहीं है। अब यह मांग उठ रही है कि मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" को संशोधित नहीं, रद्द किया जाए। मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" के सवाल पर आयोजित जन सुनवाई में यह मांग रखी गयी।

जन सुनवाई का आयोजन भारत जोड़ो अभियान, जन जागरण शक्ति संगठन, जन आंदोलनों का राष्ट्रीय गठजोड़ , समर चैरिटेबल ट्रस्ट, स्वराज अभियान और कोसी नवनिर्माण मंच ने किया था। इसमें यह बात कही गयी कि चुनाव आयोग द्वारा मांगे जा रहे दस्तावेज़ ग्रामीण बिहारवासियों के लिए जमा कर पाना असंभव है। मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" की प्रक्रिया संविधान की प्रस्तावना में दिए गए राजनीतिक न्याय और समानता के वादे के खिलाफ है।अनुचित दबाव में सिर्फ लक्ष्यों को पूरा करने के लिए चुनाव आयोग की अपनी ही प्रक्रियाओं का कई बार उल्लंघन हुआ है। इससे मतदाता सूची की गुणवत्ता अधिक बिगड़ेगी और चुनाव आयोग के उद्देश्य को नुकसान पहुँचेगा। पटना के बीआईए हॉल में मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" पर आयोजित जन सुनवाई में बिहार के 14 ज़िलों से लोगों आए हुए थे।

कटिहार से आईं फूल कुमारी देवी ने बताया, "मैं मज़दूर हूं। बीएलओ ने मुझसे आधार और वोटर कार्ड की फोटोकॉपी मांगी। मैंने 4 किलोमीटर चलकर पासपोर्ट फोटो खिंचवाई। मेरे पास पैसे नहीं थे, इसलिए मैंने अपने राशन का चावल बेच दिया। दस्तावेज़ जुटाने में मेरे दो दिन की मज़दूरी चली गई। मेरे पास चावल नहीं था, दो दिन भूखी रही।" राज्य भर से आए प्रतिभागियों ने बताया कि गणना फॉर्म बीएलओ के बजाय कई बार वार्ड पार्षद, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता या सफाईकर्मी द्वारा बांटे गए। कई मतदाताओं को फॉर्म भरने का तरीका ही नहीं बताया गया। कई परिवारों में कुछ लोगों को फॉर्म मिला, कुछ को नहीं। पटना शहर में बिना फोटो वाला अनधिकृत फॉर्म बांटा गया। कई विवाहित महिलाओं को अपने मायके से दस्तावेज़ लाने में कठिनाई हुई। बीएलओ ने जिन दस्तावेजों को लिया (जैसे आधार और वोटर कार्ड), वे चुनाव आयोग की अधिकृत सूची में नहीं हैं। जन सुनवाई में आये सिर्फ 5 से कम लोगों को अपने फॉर्म पर रिसीविंग मिली। वे सभी जागरूक थे और दबाव डालने के बाद ही रिसीविंग मिली। कई मामलों में लोगों को पता ही नहीं था कि उनका फॉर्म बीएलओ ने पहले ही जमा कर दिया, बिना उनके हस्ताक्षर लिए। एक मामले में, जिसने इस पर सोशल मीडिया पर बात की, उसके करीबी लोगों को धमकियाँ मिलीं। ग़ैर-पढ़े-लिखे मतदाताओं को फॉर्म भरवाने के लिए लगभग 100 देने पड़े। कई बीएलओ बैंक पासबुक की कॉपी भी ली, जबकि मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" में इसकी ज़रूरत नहीं बताई गई थी। कोई मानक प्रक्रिया नहीं थीः एक ही परिवार में पति की फोटो ली गई, पत्नी की नहीं। यह खेती का समय है। बिहार के सबसे ग़रीब लोग इस समय पंजाब में खेतों में काम कर रहे हैं। वे अधिकतर अनपढ़ हैं और उनके पास फॉर्म ऑनलाइन भरने की सुविधा नहीं है। कोसी नदी के बाढ़ प्रभावित गांवों में दस्तावेज़ बार-बार बाढ़ में बह जाते हैं, खासकर ग़रीब और दलित वर्ग के लोग इसका शिकार हैं। बीएलओ पर भारी दबाव है—जो नियमों का पालन कर रहे हैं उन्हें धीमा कहकर डांटा जा रहा है और वेतन रोकने की धमकी दी जा रही है। बीएलओ और आंगनवाड़ी सेविकाओं की इस प्रक्रिया में अत्यधिक व्यस्तता से शिक्षा और पोषण की जनकल्याणकारी योजनाओं को नुकसान हो रहा है।

जन सुनवाई की पैनल में वजाहत हबीबुल्ला (पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त), न्यायमूर्ति अंजना प्रकाश (पूर्व न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय), प्रोफेसर दिवाकर (पूर्व निदेशक, ए. एन. सिन्हा संस्थान), जाँ द्रेज (अर्थशास्त्री), श्री भंवर मेघवंशी (सामाजिक कार्यकर्ता) और प्रोफेसर नंदिनी सुंदर (समाजशास्त्री) शामिल थे।

## एसआईआर की आंच से तपने लगा पश्चिम बंगाल

> "जानकार मानते हैं कि दिल्ली की जीत के बाद भाजपा की नज़र 2026 में पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को पछाड़ने पर है। दिल्ली चुनाव में मिली जीत से भाजपा का आत्मविश्वास बढ़ा है और वो ज़्यादा मजबूती से ममता बनर्जी को चुनौती देने की कोशिश करेगी। ममता बनर्जी भी जमीनी सच्चाई और आने वाले राजनीतिक खतरों को बखूबी भांप रही है। इसलिये उन्होंने अभी से विरोध का स्वर ऊंचा करना शुरू कर दिया है। सबसे हैरानी की बात यह है कि इंडी गठबंधन के नेता संविधान के सम्मान और रक्षा की बात करते हैं। लेकिन उनकी कथनी और करनी में जमीन आसमान का भेद है।"

डॉ. आशीष वशिष्ठ

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा है। विपक्ष लगातार एसआईआर का विरोध कर रहा है। बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र में भी एसआईआर के विरोध के स्वर सुनाई दे रहे हैं। एसआईआर का मामला देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच चुका है। सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में एसआईआर पर रोक नहीं लगाई, लेकिन अभियान की टाइमिंग को लेकर प्रश्न अवश्य उठाए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है। ध्यान रहे पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है। पश्चिम बंगाल में जहां तृणमूल कांग्रेस एसआईआर को लेकर बेचैन है तो वहीं कांग्रेस असम को लेकर चिंतित है।

गैर भाजपशासित कई राज्यों से विरोध की आवाज उठने लगी है। हालांकि विरोध का सबसे ऊंचा स्वर पश्चिम बंगाल से सुनाई दे रहा है, जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होंगे। बीती 21 जुलाई को कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा बंगाल में एसआईआर जैसी कवायद करने की योजना बना रही है, इसे कभी अनुमति नहीं दी जाएगी। वास्तव में, ममता के निशाने पर भारतीय जनता पार्टी है। एसआईआर कराना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र का विषय है। सब कुछ जानते बूझते हुए भी ममता एसआईआर को लेकर भाजपा पर राजनीतिक बाण चला रही हैं। भला एसआईआर करवाने या न करवाने से भाजपा का क्या संबंध? सोचिए, पश्चिम बंगाल में एसआईआर अभी शुरू भी नहीं हुआ, और ममता बनर्जी ने इसके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। इसी से तृणमूल कांग्रेस की बेचैनी को समझा जा सकता है।

ममता बनर्जी का सार्वजनिक मंच से यह कहना कि पश्चिम बंगाल में एसआईईआर की अनुमति नहीं दी जाएगी। सीधे तौर पर चुनाव आयोग को धमकी के साथ संविधान और संवैधानिक संस्था का अपमान भी है। संविधान और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के मन में आदर का भाव बचा ही नहीं है। सीबीआई के अधिकारियों को बंधक बनाने से लेकर ईडी के अधिकारियों पर प्राणघातक हमले में प्रदेश सरकार और तृणमूल कांग्रेस की भूमिका जगजाहिर है। अभी हाल ही में संसद द्वारा पारित वक्फ बिल के विरोध में ममता ने कहा था कि पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होने देंगे। भला कोई संविधान के तहत निर्वाचित सरकार और मुख्यमंत्री ऐसे कैसे गैरजिम्मेदाराना संविधान विरोधी बयानबाजी कर सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार ने नियम कानून और संविधान को शायद खूंटी पर टांग रखा है।

ममता बनर्जी एसआईआर को एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर से भी ज्यादा खतरनाक बता चुकी हैं। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद नेता डेरेक ओ ब्रायन ने बीती 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण "पिछले दरवाजे से एनआरसी लाने का एक भयावह कदम है।' संसद के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन बिहार वोटर लिस्ट मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने संसद में प्रदर्शन किया है। तृणमूल कांग्रेस के अलावा कांग्रेस, राजद, सपा और विपक्ष के अन्य दल इस विरोध में शामिल हैं।

राजनीतिक हलकों में इस बात की जोरों से चर्चा है कि बिहार के बाद मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की बारी पश्चिम बंगाल की होगी। तभी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है। तृणमूल कांग्रेस को यह चिंता सता रही है कि अगर चुनाव आयोग ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में टारगेट करके मतदाताओं के नाम काटे तो उसका फ़ायदा भाजपा को होगा। पश्चिम बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके बारे में भाजपा आरोप लगाती है कि इनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या की है। इनका वोट एकमुश्त तृणमूल को जाता है। हर क्षेत्र में 10 से 20 हजार नाम अगर कट जाते हैं तो तृणमूल को उसका बड़ा नुकसान होगा। हालांकि बिहार से उलट पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता ज्यादा जागरूक और सक्रिय हैं। वे आसानी से नाम नहीं कटने देंगे। पिछले कई महीनों से वे खुद घर घर जाकर सब चेक कर रहे हैं। भाजपा का आरोप है कि पिछले 14 वर्षों में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार ने अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को मतदाता सूची में व्यवस्थित रूप से घुसपैठ कराई है। बीते मार्च पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को ऑडिट और मतदाता सूची संशोधन की जरूरत से अवगत कराते हुए बताया था कि पष्चिम बंगाल में 13 लख से अधिक फर्जी या डुप्लीकेट मतदाता हैं। बीते जून को भाजपा ने दावा किया कि बंगलादेश से जुड़े कोटा सुधार आंदोलन के नेता न्यूटन दास का नाम काकद्वीप विधानसभा इलाके के वोटर लिस्ट में है। तृणमूल ने आरोपों से इनकार किया है।

बीते दिनों मालदा जिले के गाजोल के एक गांव में ऐसा मामला सामने आया है, जहां इलाके में एक भी अल्पसंख्यक व्यक्ति नहीं रहता, वहां दो अपरिचित और कथित अल्पसंख्यक वोटरों के नाम नये मतदाता सूची में शामिल पाये गये हैं। इसे लेकर भाजपा विधायक चिन्मय देव बर्मन ने अवैध घुसपैठ और फर्जी वोटर जोड़ने का आरोप लगाया है। बीती जून को सिलीगुड़ी में फर्जी आधार कार्ड, वोटर कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेज बनाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने किया था। राज्य में अलग-अलग क्षेत्रों से फर्जी वोटर मामले सामने आने के कारण राजनीतिक माहौल और गर्माया हुआ है। ममता बनर्जी ने 'फेक वोटर' की पहचान के लिए एक समिति भी बनाई है।

जानकार मानते हैं कि दिल्ली की जीत के बाद भाजपा की नज़र 2026 में पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को पछाड़ने पर है। दिल्ली चुनाव में मिली जीत से भाजपा का आत्मविश्वास बढ़ा है और वो ज़्यादा मजबूती से ममता बनर्जी को चुनौती देने की कोशिश करेगी। ममता बनर्जी भी जमीनी सच्चाई और आने वाले राजनीतिक खतरों को बखूबी भांप रही है। इसलिये उन्होंने अभी से विरोध का स्वर ऊंचा करना शुरू कर दिया है। सबसे हैरानी की बात यह है कि इंडी गठबंधन के नेता संविधान के सम्मान और रक्षा की बात करते हैं। लेकिन उनकी कथनी और करनी में जमीन आसमान का भेद है। वो कदम कदम पर संविधान, संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र की परंपराओं का अनादर करते दिखाई देते हैं। एक तरफ, विपक्ष चुनाव आयोग पर भाजपा से मिलीभगत के आरोप लगाता है। वहीं दूसरी तरफ, जब चुनाव आयोग मतदाता सूची की त्रुटियों को दूर कर साफ सुथरी सूची बनाने का अभियान चलाता है, तो उसका विरोध करने लगता है। साफ सुथरी वोटर लिस्ट न बने इसके लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंच जाता है। विपक्ष के इस दोहरे मापदण्ड और चरित्र के बारे में भला क्या कहा जाए।

## भगवान राम सर्व शक्तिमान हैं

> "जो व्यक्ति इस चिह्न का ध्यान करते हैं, उन्हें महायोग की सिद्धि होती है और वे भवसागर से पार हो जाते हैं। इन चिन्हों का ध्यान और चिंतन इसलिए लाभदायक होता है, क्योंकि ये भगवान श्रीराम के चरणों में मौजूद हैं। इसी प्रकार स्वस्ति का चिह्न होता है। इसका रंग पीला है। यह मंगलकारी एवं कल्याणकारी होता है। इस चिह्न का ध्यान करने वालों को सदैव मंगल एवं कल्याण की प्राप्ति होती है।इसी तरह भगवान श्रीराम के दक्षिण चरण में अष्टकोण होता है, जिससे अष्ट सिद्धियां सुलभ हो जाती हैं। श्रीलक्ष्मीजी का चिह्न भी है जिनका ध्यान करने से ऐश्वर्य तथा समृद्धि की प्राप्ति होती है। हल, मूसल, सर्प (शेष), शर (बाण), अम्बर (वस्त्र), रथ, यव, कल्पवृक्ष, मुकुट, चक्र, सिंहासन, यमदंड, चामर, छत्र, नर (पुरुष), जयमाला आदि चिह्न भी मंगलकारी हैं।"

संजय गोस्वामी

भगवान राम सर्व शक्तिमान हैं। धरती के एक योद्धा के रूप मे देखा जाए तो स्वयम् भगवान कृष्ण विभूति योग में बोलते हैं, शस्त्र धारियों में मैं राम हूँ इससे स्पष्ट हो जाता है कि भगवान राम के पास जितने अस्त्र शस्त्र थे। उतने अस्त्र शस्त्र किसी भी योद्धा के पास नहीं थे।इसकी वजह है कि एक सर्वश्रेष्ठ योद्धा के पास जो अस्त्र शस्त्र हो सकते हैं, वो उन्हे ब्रह्मर्षि वशिष्ठ से शिक्षा में प्राप्त हुआ। परंतु ब्रह्मर्षि विश्वामित्र ने जो अस्त्र शस्त्र का निर्माण अपने तपस्या के बाद किया, उन्हें भी उन्होंने भगवान राम को दिया था। विश्वामित्र के अस्त्र शस्त्र किसी भी योद्धा के लिए दुर्लभ हैं। भगवान परशुराम भी भगवान राम को सर्व श्रेष्ठ ठहराकर विष्णु धनुष देकर जाते हैं।भगवान राम के चरण (पैर) को हिंदू धर् में बहुत शक्तिशाली और पवित्र माना जाता है। उनके चरण, विशेष रूप से उनके चरण चिन्ह, भक्तों के लिए श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक, हैभृकुटि विला सृष्टि लय होई। सपनेहुँ संकट परहिं को सोई।।अर्थात श्रीराम के भौंह उठाने भर से सृष्टि में प्रलय हो सकती है, उनके ऊपर सपने में भी संकट नहीं आ सकता। (अरण्य कांड)शिव जी पार्वती जी से कहते हैं-उमा काल मर जाकीं ईछा। सो प्रभु जन कर प्रीति परीछा।।हे उमा ! जिसकी इच्छा मात्र से काल भी मर जाता है, वही प्रभु सेवक की प्रीति की परीक्षा ले रहे हैं (लंका कांड) लव निमेष महुँ भुवन निकाया। रचहि जासु अनुशासित माया।।अर्थात- पलक झपकते ही श्रीराम की आज्ञा से माया अनेकों ब्रहमांड की रचना करने में सक्षम है। (बाल कांड) खर दूषन त्रिसरा अरु बालि। बधे सकल अतुलित बलशाली।।पापिहु जाकर नाम सुमिरहिं। अति अपार भवसागर तरहिं। इस तरह हम देखते हैं कि श्रीराम पूर्ण परमात्मा हैं, उनके सामर्थ्य का पता लगाना मनुष्यों के वश का नहीं है।श्रीरामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदासजी महाराज ने भगवान श्रीराम के चरणों के 5 चिह्नों ध्वज, वज्र, अंकुश, कमल और ऊर्ध्व रेखा का वर्णन किया है। वैसे अन्य पवित्र ग्रंथों को मिलाकर देखा जाए तो 48 शुभ चिह्नों की बात की गई है। दक्षिण चरण में 24 और वाम चरण में 24 शुभ चिह्न होते हैं। विशेष बात यह भी है कि जो चिह्न श्रीराम के दक्षिण चरण में हैं वे देवी सीता के वाम चरण में हैं और जो चिह्न राम जी के वाम चरण में हैं वे सीता जी के दक्षिण चरण में हैं।भगवान श्रीराम के दक्षिण चरणों के शुभ चिह्नों में ध्वजा भी है। इसका रंग लाल बताया गया है। इसे विचित्र वर्ण का कहा जाता है। इसके ध्यान से विजय तथा कीर्ति की प्राप्ति होती है। शुभ चिह्नों में चरण में वज्र का निशान भी होता है, इसका रंग बिजली जैसा होता है। इसे इंद्र का वज्र माना जाता है। जो लोग इसका ध्यान करते हैं, उनके पापों का क्षय होता है तथा बल की प्राप्ति होती है। अंकुश का रंग श्याम है। जो व्यक्ति इसका ध्यान करता है, उसे दिव्य ज्ञान की प्राप्ति होती है। संसार के विकारों का नाश होता है और मन पर नियंत्रण संभव हो जाता है। चरणों के शुभ अंकों में शामिल कमल का रं गुलाबी होता है। इस चिह्न को विष्णु-कमल कहा जाता है। इसका ध्यान करने वालों के यश में वृद्धि होती है तथा उनका मन प्रसन्न रहता है। इसी तरह शुभ चिह्नों में ऊर्ध्व रेखा होती है, जिसका रं गुलाबी है। इसका संबंध सनत, सनंदन, सनतकुमार और सनातन से हैं। जो व्यक्ति इस चिह्न का ध्यान करते हैं, उन्हें महायोग की सिद्धि होती है और वे भवसागर से पार हो जाते हैं। इन चिन्हों का ध्यान और चिंतन इसलिए लाभदायक होता है, क्योंकि ये भगवान श्रीराम के चरणों में मौजूद हैं। इसी प्रकार स्वस्ति का चिह्न होता है। इसका रंग पीला है। यह मंगलकारी एवं कल्याणकारी होता है। इस चिह्न का ध्यान करने वालों को सदैव मंगल एवं कल्याण की प्राप्ति होती है।इसी तरह भगवान श्रीराम के दक्षिण चरण में अष्टकोण होता है, जिससे अष्ट सिद्धियां सुलभ हो जाती हैं। श्रीलक्ष्मीजी का चिह्न भी है जिनका ध्यान करने से ऐश्वर्य तथा समृद्धि की प्राप्ति होती है। हल, मूसल, सर्प (शेष), शर (बाण), अम्बर (वस्त्र), रथ, यव, कल्पवृक्ष, मुकुट, चक्र, सिंहासन, यमदंड, चामर, छत्र, नर (पुरुष), जयमाला आदि चिह्न भी मंगलकारी हैं। इन चिह्नों का ध्यान करने से श्रीराम के भक्तों का कल्याण होता है।इसी प्रकार भगवान श्रीराम के वाम चरण के शुभ चिह्नों में सरयू है, जो व्यक्ति इस चिह्न का ध्यान करते हैं, उन्हें भगवान श्रीराम की भक्ति की प्राप्ति होती है तथा कष्ट दूर होते हैं। अन्य चिह्नों में गोपद है, इसका रंग सफेद और लाल है। यह कामधेनु का प्रतीक है। जो लोग इस चिह्न का ध्यान करते हैं, वे पुण्य, भगवद् भक्ति तथा मुक्ति के अधिकारी होते हैं। प्रभु चरण का अन्य चिह्न पृथ्वी है, इसका रंग पीला और लाल है। जो लोग इस चिह्न का ध्यान करते हैं, उनके मन में क्षमाभाव बढ़ता है। कलश का निशान भी भगवान के चरणों में है। यह अमृत स्वरूप है। इसका ध्यान करने वालों को भक्ति तथा अमरता प्राप्त होती है। इसी तरह पताका, जम्बू फल, अर्धचंद्र, शंख, षट्कोण, त्रिकोण, गदा, जीवात्मा, बिंदु, शक्ति, सुधा कुंड, त्रिवली, मीन, पूर्ण चन्द्र, वीणा, वंशी (वेणु), धनुष, तूणीर, हंस और चंद्रिका प्रभु श्रीराम के चरणों में उपस्थित हैं। इन चिह्नों को भगवान के चरणारविन्द भी कहा जाता है, क्योंकि ये सभी चिह्न मंगलकारी हैं।भगवान श्रीराम के चरणों में ये शुभ चिह्न समस्त विभूतियों, ऐश्वर्यों तथा भक्ति-मुक्ति के अक्षय कोष हैं। जो लोग भगवान श्रीराम के चरण-कमल चिह्नों का ध्यान एवं चिंतन करते हैं, उनका जीवन धन्य, पुण्यायी, सफल तथा सार्थक हो जाता है। भगवान के चरणारविन्द की महिमा निराली है। ये चरण चिह्न संत-महात्माओं तथा भक्तों के लिए सदैव सहायक और रक्षक हैं। सनातन धर् में ध्यान और स्मरण का काफी महत्व है और यही गुण भगवान के प्रति प्रेम, आस्था और भक्ति को व्यक्त करते हैं। भगवान श्रीराम के स्मरण के साथ ही यदि उनके चरण चिह्नों का भी ध्यान कर लिया जाए तो कोई संदेह नहीं कि उनकी कृपा प्राप्त हो जाती है और सभी काम आसान हो जाते हैं।भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति और धर्म के आधार स्तंभ माने जाते हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने अपने पूरे जीवन में धर्म, सत्य, कर्तव्य और मर्यादा का पालन किया। श्रीराम का जीवन केवल एक कथा नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है, जिससे हम जीवन में आदर्श व्यवहार, संयम, और सत्य की राह पर चलने की सीख ले सकते हैं।

## पर्यावरण संरक्षण भावना से जुड़ा भारत का हरियाली अमावस्या पर्व

श्रीराम माहेश्वरी

हरियाली अमावस्या पर्व पर्यावरण संरक्षण की भावना से जुड़ा है। भारतीय संस्कृति में हरियाली अमावस्या पर्व का विशेष महत्व है। श्रावण मास में हरियाली अमावस्या के दिन भक्तगण पीपल वृक्ष की पूजा करते हैं। पीपल की पूजा के साथ भगवान श्री शिव जी का अभिषेक पूजा और माता पार्वती की पूजा करते हैं । इस दिन वृक्षारोपण करने वृक्षों का संरक्षण करने का श्रद्धालु संकल्प लेते हैं। हरियाली अमावस्या व्रत के दिन श्रद्धालु कथा का वाचन करते और सुनते हैं। मान्यता है कि शिव पार्वती जी कथा सुनने से संकटों का निवारण होता है और मनोकामना पूर्ण होती है । इस दिन महिलाएं व्रत रखती हैं और सुहाग का सामान आपस में वितरित करती हैं। सुबह शाम पीपल पेड़ के नीचे दीपक जलाती हैं। भारत के अनेक राज्यों में यह पर्व बड़े उत्साह और उमंग से मनाया जाता है। हरियाली अमावस्या व्रत कथा- एक समय की बात है। एक राजा महल में पुत्रवधू सहित परिवार के साथ सुखपूर्वक रहता था। उसकी पुत्रवधू ने एक दिन रसोई में मिठाई देखी तो वह सारी मिठाई खा गई। जब उससे पूछा गया कि मिठाई कहां गई तो उसने कहा सारी मिठाई चूहे खा गए। पुत्रवधू की बात सुनकर चूहे ने क्रोध किया और इस गलत आरोप का उसने बदला लेने का सोचा । कुछ दिन बाद महल में मेहमान आए। इस दिन चूहे ने बहू की साड़ी चुराई और उसे अतिथि के कमरे में जाकर रख दी। सुबह सेवकों ने साड़ी को अतिथि के कमरे में देखा तो बहू के चरित्र पर बातें करने लगे। यह बात राजा ने सुनी तो उसने अपनी पुत्रवधू के चरित्र पर संदेह करते हुए उसे महल से निकाल दिया।

महल से निकलकर बहू एक झोपड़ी में रहने लगी और नियमित रूप से पीपल के वृक्ष के नीचे दीपक जलाने लगी । साथ ही वह पूजा करके गुड़धानी का भोग लगाकर लोगों में प्रसाद वितरित करने लगी।

एक दिन राजा उस पीपल के पेड़ के पास से गुजरे। उन्होंने देखा कि पेड़ के पास रोशनी जगमगा रही है। इस पर राजा को आश्चर्य हुआ। उन्होंने अपने सैनिकों से इस रोशनी का रहस्य पता लगाने के लिए कहा। सैनिक पेड़ के पास गए। वहां उन्होंने देखा कि दीपक आपस में बात कर रहे थे। एक दीपक बोला मैं राजा के महल से हूं । महल से निकाले जाने के बाद राजा की पुत्रवधू रोज मेरी पूजा करती है और मुझे प्रज्वलित करती है। अन्य दीपक ने पूछा कि राजा की बहू को महल से क्यों निकाला गया । उसने बताया की एक दिन बहू ने मिठाई खाकर चूहे का झूठा नाम लगा दिया था। इससे नाराज चूहे ने राजा की बहू से बदला लेने के लिए उसकी साड़ी चुराकर अतिथि के कमरे में रख दी थी। यह देखकर राजा ने उसे महल से निकाल दिया। सैनिकों ने राजा को पूरी कहानी सुनाई । यह सुनकर राजा ने अपनी गलती मानी और अपनी पुत्रवधू को महल में वापस बुला लिया ।

इस प्रकार पीपल की पेड़ की नियमित पूजा करने का फल राजा की बहू को मिला और वह अपना सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करने लगी। कथा से हमें शिक्षा मिलती है कि हमें झूठ नहीं बोलना चाहिए निराधार अफवाह पर विश्वास कर जल्दी निर्णय नहीं लेना चाहिए। पेड़ों और जीव जंतुओं का संरक्षण करना चाहिए। पेड़ लगाने और उनका संरक्षण करने से हरियाली बढ़ती है। इससे मानव जीवन सुखद और स्वास्थ्यप्रद रहता है । लोगों के बीच सामाजिक समरसता बढ़ती है।

# कर्नापीड़ासन के फायदे और करने का तरीका

**स्वस्थ रहने का सबसे आसान मूल मंत्र योग है। जब हम पूरी तरह स्वस्थ रहते हैं, तो कोई भी रोग हमारे पास फटक नहीं पाता है। इसलिए, नियमित रूप से योग करना जरूरी है। साथ ही खान-पान पर ध्यान देना भी जरूरी है। हालांकि, ऐसे कई योग हैं, जो तन और मन के लिए फायदेमंद हैं, लेकिन कुछ योगासन ऐसे हैं, जिनका नाम आपने शायद ही कभी सुना हो। ऐसा ही एक योग कर्नापीड़ासन है। यह योगासन कई रोगों को दूर रखने का काम कर सकता है।**





कर्नापीड़ासन के कई नाम हैं। इसे राजा हलासन, नी टू ईयर पॉज व ईयर प्रेशर पॉज भी कहा जाता है। कर्नापीड़ासन संस्कृत के तीन शब्दों से मिलकर बना है। इसमें कर्ण का मतलब कान, पीडा का मतलब दबाव और आसन का मतलब मुद्रा से है। यह योगासन कुछ-कुछ हलासन की तरह होता है। इस आसन को करते समय ऊपरी पीठ के बल जमीन पर लेटना होता है और हिप्स वाला भाग ऊपर उठाना होता है। यह योगासन शरीर को लचीला बनाने के साथ ही शारीरिक संतुलन को बढ़ाने में भी मदद कर सकता है।

## कर्नापीड़ासन के फायदे

कर्नापीड़ासन का नियमित अभ्यास करने वालों में कई परिवर्तन नजर आ सकते हैं। ये परिवर्तन योग से होने वाले लाभ ही हैं। कर्नापीड़ासन के लाभ के बारे में नीचे विस्तार से बताया गया है

## शरीर को मजबूत बनाने के लिए

योग में कई तरह के आसनों को शामिल किया जा सकता है। जिसे खड़े होकर, बैठकर और लेटकर किए जा सकता है। इससे शरीर को मजबूत और लचीला बनाने में मदद मिल सकती है। इनमें कर्नापीड़ासन को भी शामिल किया जाता है। यह आसन शरीर को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ पेट वाले भाग को टोन करने का काम भी कर सकता है।

---

बिहार सरकार

**न्यायालय समाहर्त्ता -सह- जिला दण्डाधिकारी, गया जी**

(मद्य–निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग )

ज्ञापांक 2083

**अतिअल्पकालीन नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य में पूर्ण शराबबंदी के उपरांत शराब के परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को समाहर्त्ता–सह–जिला दंडाधिकारी, गया जी/प्राधिकृत पदाधिकारी, गया जी द्वारा बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 (यथा संशोधित) में निहित प्रावधानों के अधीन वाहनों का राज्यसात आदेश पारित किया गया है।

समाहर्त्ता–सह–जिला दंडाधिकारी, गया जी/प्राधिकृत पदाधिकारी, गया जी द्वारा किए गए राज्यसात वाहनों का सार्वजनिक आम नीलामी (पॉलिसी एक्ट) जिला परिषद, सभाकक्ष, गया जी में पूर्वाह्न 11:30 बजे से की जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को स्तंभ– 7 में अंकित मूल्यांकन राशि का 50 प्रतिशत स्तंभ– 8 में अंकित राशि अग्रधन के रूप में आवेदन पत्र के साथ बैंक ड्राफट जो Assistant Comissioner of Excise, Gaya के पदनाम से एवं Payable at SBI Main Branch Gaya होगा। सारणी में अंकित सार्वजनिक नीलामी हेतु वाहनों की सूची निम्न प्रकार से है।:–

| वाहन नीलामी की तिथि | | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि | आवेदन प्राप्त करने का स्थान |
|---|---|---|---|
| नीलामी की पहली तिथि | 11.08.2025 समय–11:30 पूर्वाह्न से | 07.08.2025 को समय–05:00 अपराह्न तक | कार्यालय सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, गया जी। |
| षेष बचे वाहनों की नीलामी की द्वितीय तिथि | 14.08.2025 समय–11:30 पूर्वाह्न से | 12.08.2025 को समय–05:00 अपराह्न तक | |
| षेष बचे वाहनों की नीलामी की तृतिय तिथि | 21.08.2025 समय–11:30 पूर्वाह्न से | 18.08.2025 को समय–05:00 अपराह्न तक | |

| क्र० सं० | उत्पाद अधिहरण वाद सं० | थाना का नाम | काण्ड सं०/उत्पाद वाद सं०/दिनांक | वाहन का प्रकार | वाहन पंजीकरण सं० | इंजन सं० | चेचिस सं० | मोटरयान निरीक्षक द्वारा निर्धारित मुल्य | अग्रधन की राशि | वाहन मालिक | अभियुक्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 211/2024 | पंचानपुर | 691/23 11.08.2023 | स्पलेन्डर मोटरसाईकिल | JH-11C-2833 | 05F16C27920 | 05F15M27593 | ₹ 5,000.00 | ₹ 2,500.00 | तारामनि मराण्डी, पिता–सनातन मराण्डी, सा0–पन्दना टाण्ड, थाना–टिसरी, गिरीडिह, झारखण्ड | |
| 2 | 68/2024 | उत्पाद (शेरघाटी) | 51/24 11.03.2024 | मोटरसाईकिल | JH-13D-3958 | DHZRGF28487 | MD2A11CZ0GRF27900 | ₹ 27,000.00 | ₹ 13,500.00 | चन्दन कुमार, पिता–कृष्णा दास, सा0–कटैया, पो0–घंघरी, थाना–बी0एन0जोरी, जिला–चतरा, झारखण्ड, पिन न0–825401 | |
| 3 | 63/2024 | उत्पाद (शेरघाटी) | 40/24 22.02.2024 | कार | JH-12C-2250 | G4LA8M089203 | MALBB1BR9M023598A | ₹ 1,00,000.00 | ₹ 50,000.00 | दीपक कुमार, पिता–रामवली यादव, पता–भगहार, हजारीबाग, एच न0–754 जिला–हजारीबाग, झारखण्ड पिन न0–825409 | |
| 4 | 52/2024 | उत्पाद (सदर) | 62/24 11.01.2024 | सैन्ट्रो कार | JH-01Y-0769 | G4HG8M577075 | MALAA51HR8M349053H | ₹ 50,000.00 | ₹ 25,000.00 | अरूण कुमार मिस्त्री, पिता–भवानी मिस्त्री, सा0–वार्ड न0–4, ग्राम–संध, थाना–बड़कागांव, जिला–हजारीबाग, राज्य–झारखण्ड, पिन न0–825311 | |
| 5 | 79/2024 | उत्पाद (सदर) | 616/24 09.06.2024 | स्पार्क कार | JH-01X-0808 | B10S1035026KC2 | MA6MF481P8HF28388 | ₹ 50,000.00 | ₹ 25,000.00 | सुरज कुमार, पिता–राम प्रसाद साव, सा0–कौरा, थाना–प्रतापपुर, जिला–चतरा, झारखण्ड पिन न0–825404 | |
| 6 | 641/2024 | फतेहपुर | 503/24 14.08.2024 | ग्लैमर मोटरसाईकिल | JH-02AU-3062 | JA06ERJGD11494 | MBLJAS052JGD03334 | ₹ 25,000.00 | ₹ 12,500.00 | मोरास भुईयॉ, पिता–मोहन भुईयॉ, सा०–धेन्द्रुआ, थाना–चौपारण, जिला–हजारीबग (झारख्ण्ड) | |
| 7 | 668/2024 | मगध वि०वि० | 80/24 06.06.2024 | स्पलेन्डर मोटरसाईकिल | JH-02AY-1081 | HA10AGJHLC3345 | MBLHAR080JHL65145 | ₹ 18,000.00 | ₹ 9,000.00 | लालु यादव, पिता–नन्हक यादव, सा०–पड्री कलन, थाना–हनटरगंज, जिला–चतरा(झारख्ण्ड) | |
| 8 | 372/2024 | फतेहपुर | 797/23 02.11.2023 | बोलेरो | JH-12AB-8135 | GA54D28791 | MA1XA2GAK52D36081 | ₹ 85,000.00 | ₹ 42,500.00 | मजीद अंसारी पिता–राखावत हुसैन, ग्राम–जैनगर, थाना–सिरदला, जिला–नवादा, बिहार पिन न0–805127 | |
| 9 | 394/2024 | फतेहपुर | 194/23 13.03.2023 | आई 10 कार | JH-10U-5698 | G4LA9M131653 | MALAN51CR9M317371C | ₹ 90,000.00 | ₹ 45,000.00 | नौशाद आलम पिता–सुलतान अहगद सा0–नियर जामा मस्जिद बड़ागाई थाना–बैक मोड़ जिला–धनबाद पिन–834009 | |
| 10 | 568/2024 | फतेहपुर | 479/24 02.08.2024 | बोलेरो | JH-01AE-4450 | GFA4C42941 | MA1XA2GFKA5C67131 | ₹ 98,000.00 | ₹ 49,000.00 | विजय कुमार, पिता–श्री बच्चु प्रसाद, सा0–भुरकुण्डा हौस्पीटल, थाना–रामगढ़, जिला–राँची | |
| 11 | 565/2024 | फतेहपुर | 921/24 23.12.2024 | पैशन प्रो मोटरसाईकिल | JH-10AC-1752 | HA10EDBHK40320 | MBLHA10EWBHK37916 | ₹ 9,000.00 | ₹ 4,500.00 | दीपक रवानी, पिता–राम लोचन रवानी, सा0–छटाबाद न0–5 कटरासगढ़ कतरास, जिला–धनबाद(झारखण्ड) | |
| 12 | 579/2024 | फतेहपुर | 462/24 28.07.2024 | साईन मोटरसाईकिल | JH-02BA-3580 | JC73ED0027644 | ME4JC73911KD010640 | ₹ 24,000.00 | ₹ 12,000.00 | दीपक साव, पिता–कामेश्वर साव, सा0–खेरौन, हजारीबाग, झारखण्ड, पिन न0–825301 | |
| 13 | 640/2024 | फतेहपुर | 503/24 14.08.2024 | हीरो स्पलेण्डर मोटरसाईकिल | JH-12Q-4948 | HA11E8PHE91582 | MBLHAW229PHEC3820 | ₹ 58,000.00 | ₹ 29,000.00 | गिरजा कुमारी, पति–महेन्द्र साव, सा0–पूर्वी चंदवारा कोडरमा, वार्ड न0–1, जिला–कोडरमा झारखण्ड | |
| 14 | 195/22 19.01.2027 | फतेहपुर | 132/22 12.03.2022 | लाल रंग का हिरो होंडा स्पलेंडर प्रो मोटरसाईकिल | JH-01AA-2599 | HA10ERFHD01825 | MBLHA10BFFHD53249 | ₹ 3,500.00 | ₹ 1,750.00 | अज्ञात | **Scrap** |
| 15 | 114/22 30.05.2023 | मोहनपुर | 719/22 16-04-2022 | बोलेरो | JH-01AF-9950 | JFA4E22472 | MA1XA2GFKA5E73527 | ₹ 1,50,000.00 | ₹ 75,000.00 | अज्ञात | **Scrap** |
| 16 | 07/23 | वजीरगंज | 576/22 | मोटरसाईकिल | JH01C-6287 | MALA10A6EHH18232 | HA10ENEHH49183 | ₹ 13,000.00 | ₹ 6,500.00 | अज्ञात | |
| 17 | 103/22 23.05.2023 | डोभी | 874/22 21-09-2022 | टाटा बोल्ट | JH-01CV-1807 | ......... | MAT61161JPB02937 | ₹ 2,50,000.00 | ₹ 1,25,000.00 | अज्ञात | |
| 18 | 435/22 | गुरूआ | 231/22 12.07.2022 | मोटरसाईकिल | JH01DL-5268 | CE7CK2808709 | MD637CE75K2C08622 | ₹ 45,000.00 | ₹ 22,500.00 | जनक सिंह मुण्डा, पिता–दुर्गा चरण सिंह मुण्डा, सा०–चिपीबांधडीह, पो० लुंगटू थाना–तमाड़, जिला–रॉची (झारखण्ड) | |
| 19 | 863/22 | शेरघाटी (डोभी) | 934/22 09.10.2022 | महिन्द्रा बोलेरो | JH01F-0872 | AB34G76940 | MA1XA2BA32G695 | ₹ 1,25,000.00 | ₹ 62,500.00 | अज्ञात | |
| 20 | 97/2022 13.03.2023 | शेरघाटी डोभी | 828/22 06.09.2022 | मारूती सुजूकी | JH-01S-5599 | M16A1229075 | MA3EFJC1S00101804 | ₹ 1,75,000.00 | ₹ 87,500.00 | अज्ञात | |
| 21 | 511/22 | डुमरिया | 74/22 22.08.2022 | टाटा 407 | JH01W-5775 | 497SPTC35BRZ603991 | 357514BRZ803596 | ₹ 1,50,000.00 | ₹ 75,000.00 | संतोष कुमार सिंह, पिता–एस०बी० सिंह, सा०–चौक लेक रोड रॉची (झारखण्ड) | |
| 22 | 608/22 | आमस | 336/22 30.08.2022 | पैशन प्रो0 मोटरसाईकिल | JH02AC-4454 | HA10ENEHA65152 | MBLHA10A6EHA43698 | ₹ 15,000.00 | ₹ 7,500.00 | राकेश कुमार सिंह, पिता–राम सेवक सिंह, सा०–कदमा कटकमा सिन्डी, जिला–हजारीवाग (झारखण्ड) | |
| 23 | 558/22 | गुरूआ | 205/22 22.06.2022 | पैशन प्रो0 मोटरसाईकिल | JH02AG-3502 | HA1EUFHK28877 | MBLHA10B5FHK27182 | ₹ 25,000.00 | ₹ 12,500.00 | उमाशंकर महतो, पिता–रोगी महतो, सा०–कुदुकला, पो०+थाना–रामगढ़ (झारखण्ड) | |
| 24 | 217/22 19.01.2023 | बोधगया | 613/22 24.09.2022 | काला रंग का स्पलेंडर मोटरसाईकिल | JH-02AH-7262 | HA10AGHHC46344 | N/A | ₹ 18,000.00 | ₹ 9,000.00 | अज्ञात | |
| 25 | 201/22 19.01.2023 | फतेहपुर | 263/22 11.05.2022 | काला ब्लू रंग का ग्लैमर मोटरसाईकिल | JH-02AJ-9891 | JA06ERJGE24200 | MBLJAR026JFE18758 | ₹ 15,000.00 | ₹ 7,500.00 | अज्ञात | |
| 26 | 04/23 | वजीरगंज | 566/22 | मोटरसाईकिल | JH02AM-6476 | ME4JC58AAGT211720 | JC58ET4211689 | ₹ 18,500.00 | ₹ 9,250.00 | अज्ञात | |
| 27 | 867/22 | बोधगया | 797/22 25.11.2022 | मोटरसाईकिल | JH02AS-5054 | JC73ET1153294 | ME4JC734GHT-085502 | ₹ 28,000.00 | ₹ 14,000.00 | अज्ञात | |
| 28 | 20/23 27-11-2023 | उत्पाद | 1272/23 13-07-2023 | स्कॉर्पियो | JH02D-5621 | FB44B39835 | MAITA2BFC42B63610 | ₹ 1,30,000.00 | ₹ 65,000.00 | लोकनाथ गुप्ता पिता–श्री स्व0 सरयुग साव ग्राम–मंडुचट्टी, मंडु, जिला–रामगढ़ पिन नं0–828316 | |
| 29 | 29/24 21-05-2024 | गुरूआ | 260/23 25-05-2023 | ग्लैमर मोटरसाईकिल | JH02Y-1992 | JA06EJG9F18450 | MBLJA06AAMG9F18425 | ₹ 18,000.00 | ₹ 9,000.00 | Ritesh kumar Ranjan, S/O - Sri Jai Prakesh Singh, At-Saliya, Po-Fulsu, PS-Balumath, Dist-Latehar, Jharkhand, Pin On.-829202 | |
| 30 | 803/22 | रौशनगंज | 267/22 16.10.2022 | मोटरसाईकिल | JH02Z-6451 | HA10ENDHE71211 | MBLHA10AWDHE55009 | ₹ 15,000.00 | ₹ 7,500.00 | अकबर अली अंसारी, सा०–लसकरी रसोइया घमला, थाना–बरही, जिला हजारीबाग (झारखण्ड) | |
| 31 | 38/22 | शेरघाटी (डोभी) | 98/22 | बोलेरो | JH03D-6962 | GA94D54487 | MA1PL2GAK92D85369 | ₹ 1,25,000.00 | ₹ 62,500.00 | अज्ञात | **Scrap** |
| 32 | 841/22 | शेरघाटी (डोभी) | 663/22 30.07.2022 | महिन्द्रा बोलेरो | JH03L-5222 | GHF4A55091 | MA1XA2GHKF5A22539 | ₹ 2,25,000.00 | ₹ 1,12,500.00 | सुनिल कुमार, पिता–कमलेष प्रसाद यादव, सा०–मेदनी नगर डालटेनगंज, जिला–पलामु (झारखण्ड) | **CWJC 15682 /24 नीलाम योग्य नहीं** |
| 33 | 14/23 17.02.2024 | उत्पाद | 176/23 27.01.2023 | हुन्डई सेन्ट्रो कार | JH06B-9102 | G4HCXM039836 | MAHAA51GRXM039958 | ₹ 70,000.00 | ₹ 35,000.00 | रामकिशन रजक पिता–सम्पत रजक, सा०–आर० एम० एम० सी० एच० बरियातु, थाना–पश्चिम सिंहभूम(झारखण्ड) | |
| 34 | 177/22 01.12.2022 | उत्पाद | 504/22 03.08.2022 | मारूती सुजुकी आल्टो 800 कार | JH-09A-9866 | FB81N2253224 | SB3081N1616058 | ₹ 45,000.00 | ₹ 22,500.00 | अज्ञात | **Scrap** |
| 35 | 474/22 | आमस | 67/22 26.04.2022 | टेम्पु | JH10BD-7097 | S6M8657517 | MBX0000ZFUA402097 | ₹ 85,000.00 | ₹ 42,500.00 | अनिल कुमार माहतो, पिता–युगल महतो, सा०–Q.N. 565 वेलगारिया, पो०–पलानी, थाना–वलियारपुर, जिला–धनवाद | |
| 36 | 52/23 20.05.2024 | उत्पाद | 357/23 22.02.2023 | बाजाज डिसकवर मोटरसाईकिल | JH12C-6414 | JBUBSM48941 | MD2DSPAZZSPM98004 | ₹ 10,000.00 | ₹ 5,000.00 | दीपक वर्मा पिता–अशोक वर्मा पता–पुरानी बस स्टेंड, झुमरी पिलैया जिला–कोडरमा(झारखण्ड) पिन न0–825409 | |
| 37 | 619/22 | फतेहपुर | 89/22 23.02.2022 | मोटरसाईकिल | JH12K-3697 | JA06EHH9D01613 | MBLJAR011H9001515 | ₹ 30,000.00 | ₹ 15,000.00 | विरेन्द्र यादव, पिता–हरिहर यादव, सा०–HN0-66 गॉधी नगर, निरस कम चिरकुण्डा, जिला–धनवाद | |
| 38 | 587/22 | शेरघाटी (डोभी) | 843/22 11.09.2022 | टेम्पु | JH13C-4487 | S5G8449054 | MBX0000ZFTG128309 | ₹ 50,000.00 | ₹ 25,000.00 | सुनिता देवी, पति–प्रमोद कुमार दास, पता–अमिन, पो०+थाना–हंटरगंज, जिला–चतरा (झारखण्ड) पिन–825401 | |

विशेष जानकारी हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, गया जी में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**सहायक आयुक्त मद्यनिषेध गया जी**

**PR. No. 009212 (Excise) 2025-26**

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

# गाजियाबाद में नकली दूतावास खोला, 4 फर्जी देश बनाएः आरोपी लंदन से एमबीए, विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगता था; एसटीएफ ने पकड़ा

**गाजियाबादः** यूपी के गाजियाबाद में फर्जी दूतावास का खुलासा हुआ है। एसटीएफ ने मंगलवार को छापा मारकर हर्षवर्धन जैन को अरेस्ट किया। उसके पास से वीआईपी नंबर वाली 4 लग्जरी गाड़ियां जब्त की गई हैं। इसके साथ ही अलग-अलग देशों और कंपनियों की 34 मोहरें भी मिली हैं। इसके अलावा, विदेश मंत्रालय की मोहर लगे नकली पेपर्स और 44.70 लाख रुपए नकद भी बरामद किए गए। एसटीएफ एसएसपी सुशील घुले ने बताया- हर्षवर्धन केबी 35 कविनगर में किराए का मकान लेकर अवैध रूप से 'वेस्ट आर्कटिक दूतावास' चला रहा था। वह खुद को वेस्ट आर्कटिक, सबोरगा, पुलावाविया, लोडोनिया देशों का कॉन्सुल एंबेसडर बताता है। हालांकि इन नामों का कोई देश दुनिया में नहीं है।

उन्होंने बताया- हर्षवर्धन डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट लगी गाड़ियों से चलता था। लोगों को प्रभावित करने के लिए प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और कई अन्य बड़े लोगों के साथ अपनी मॉर्फ की हुई फोटो का इस्तेमाल करता था। उसका मुख्य काम कंपनियों और प्राइवेट व्यक्तियों को बाहर के देशों में काम दिलाने के नाम पर दलाली करना और शेल कंपनियों के जरिए हवाला रैकेट चलाना था।

हर्षवर्धन के पास से दो फर्जी प्रेस कार्ड, दो फर्जी पैन कार्ड, माइक्रोनेशन देशों के 12 डिप्लोमेटिक पासपोर्ट, कई देशों की विदेशी मुद्रा, विभिन्न कंपनियों के दस्तावेज और 18 डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट भी बरामद की गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी से पहले यूपी एसटीएफ ने केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से विदेश मंत्रालय को फर्जी दूतावास संचालित होने की सूचना भेजी थी। मंत्रालयों से जांच के बाद एसटीएफ ने कार्रवाई की। कविनगर शहर का पॉश इलाका है, जहां पुलिस कमिश्नर, डीएम समेत कई अफसरों के ऑफिस भी हैं। फर्जी दूतावास के बाहर अनूप सिंह नाम के व्यक्ति की नेम प्लेट लगी है। इस मकान से करीब 100 मीटर दूर दूसरा मकान है, जहां आरोपी हर्षवर्धन का आना-जाना था। बताया जा रहा है कि यह मकान हर्षवर्धन के पिता एचडी जैन का है। आरोपी हर्षवर्धन ने एसटीएफ को पूछताछ में क्या-क्या बताया, 4 पॉइंट में पढ़िए

**1- लंदन से एमबीए किया, पिता रोलिंग मिल के मालिक थे**

मेरी उम्र 47 साल है। मैंने गाजियाबाद से BBA और लंदन से एमबीए किया। मेरे पिता एचडी जैन उद्योगपति थे। वे गाजियाबाद की जैन रोलिंग मिल के मालिक थे। राजस्थान में बांसवाड़ा और



काकरोली में इंदिरा मार्बल्स और जेडी मार्बल्स के नाम से माइनें थीं। इन खदानों से लंदन तक मार्बल एक्सपोर्ट किया जाता था। मैंने भी इन माइनों में काम किया है।

**2- चंद्रास्वामी ने आर्म्स डीलर अदनान खशोगी से मिलाया**

साल 2000 में मेरी मुलाकात चर्चित व्यक्ति चंद्रास्वामी से हुई। उनके माध्यम से मैं आर्म्स डीलर अदनान खशोगी (निवासी सऊदी अरब) और एहसान अली सैयद से लंदन में मिला।



एहसान अली सैयद के साथ मिलकर लंदन में मैंने एक दर्जन से अधिक कंपनियां बनाईं, जिनका इस्तेमाल दलाली के लिए किया गया।

2006 में दुबई में रहने वाले अपने चचेरे भाई के माध्यम से मैं उमालकुईन चला गया। वहां मैंने शफीक निवासी हैदराबाद और इब्राहीम अली-बिन-शरमा निवासी दुबई के साथ मिलकर और भी कंपनियां बनाईं। इनके जरिए अलग-अलग देशों में काम दिलाने के नाम पर दलाली करने लगा, जिससे मुझे अच्छा पैसा मिलने लगा।

**3- 2011 में विदेश से सैटेलाइट फोन लेकर आया, तब पकड़ा गया**

इसी दौरान मैंने गल्फ और अफ्रीका के कई देशों की यात्राएं कीं और वहां भी दलाली का काम किया। 2011 में मैं साउथ अफ्रीका में कारोबार कर रहा था। वहां से एयरपोर्ट अधिकारियों को बिना सूचना दिए गाजियाबाद सैटेलाइट फोन लेकर आ गया। जैसे ही मैंने वह फोन ऑन किया, केंद्रीय एजेंसियों ने मेरी लोकेशन ट्रेस कर ली। मुझे गाजियाबाद से हिरासत में लेकर दिल्ली ले जाया गया। वहां गहन पूछताछ की गई। एजेंसियों को मुझमें किसी प्रकार की देशविरोधी गतिविधि नहीं मिली, इसलिए मुझे छोड़ दिया गया। इस मामले में गाजियाबाद के कविनगर थाने में FIR दर्ज हुई थी। 2012 में मुझे सबोरगा नामक एक माइक्रोनेशन का एडवाइजर बनाया गया। 2016 में वेस्ट आर्कटिक ने मुझे अवैतनिक एम्बेसडर नियुक्त किया। इसी प्रकार पुलावाविया और लोडोनिया नामक माइक्रोनेशन से भी मैंने एम्बेसडर का पद लिया।

**4- काम दिलाने के नाम पर दलाली और धोखाधड़ी करता था**

इन सभी पदों का इस्तेमाल मैं कंपनियों और निजी लोगों को काम दिलाने के नाम पर दलाली और धोखाधड़ी में करने लगा। प्रभाव जमाने के लिए मैंने गाजियाबाद के घर में अवैध रूप से अलग-अलग देशों के झंडे लगा रखे थे। गाड़ियों पर डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट लगाकर फर्जी दूतावास चला रहा था। यहीं से मैं धोखाधड़ी, दलाली और हवाला के जरिए काम करता था।

## तुलसी और पालक के बीज से भाई बहन के प्रेम की डिजाइनर राखी



छिंदवाड़ा (ईएमएस)। ग्राम आर्ट प्रोजेक्ट के तहत छिंदवाड़ा की श्वेता भटाड ने मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की 300 महिलाओं को 14 गांवों में जोड़ा है। इन महिलाओं को कपास से बने धागे और प्राकृतिक रंगों से डिजाइन की हुई राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है। भाई बहन के पवित्र रिश्ते का रक्षा सूत्र भाईयों के लिए तैयार किया जा रहा है। 300 महिलाएं डिजाइनर राखी तैयार कर रही हैं। उसमें तुलसी और पालक के बीजों को पिरोया गया है। स्नेह के बंधन राखी को जब खोलेंगे,तो उसमें से बीज निकलेंगे। जो गमलों में रोपण के काम आएंगे। श्वेता 300 महिलाओं को अपने साथ जोड़कर आर्ट के नए-नए कामों का प्रशिक्षण देती हैं। इससे महिलाओं को समय-समय पर कमाई भी होती है। महिलाओं की दिन प्रतिदिन आर्ट के काम में रुचि बढ़ती चली जा रही है। अभी यह प्रोजेक्ट मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के 14 गांव में संचालित किया जा रहा है। आगे इसमें और भी गांव की महिलाओं को जोड़ा जा रहा है।

## 13212 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पेंशन

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री संजय कुमार ने लोकसभा में जानकारी देते हुए कहा,देश में 13212 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अभी जीवित हैं। केंद्र सरकार द्वारा इन्हें पेंशन दी जा रही है। सबसे ज्यादा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तेलंगाना में है, इनकी संख्या 3017 है। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 1799 महाराष्ट्र में 1543 बिहार में 988 और तमिलनाडु में एक 801 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी है। अन्य राज्यों में कम संख्या में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जीवित हैं। जिन सेनानियों को केंद्र सरकार द्वारा पेंशन दी जा रही है। वह 6 महीने से ज्यादा जेल में रहे हैं। वही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को केंद्र सरकार की योजना में पेंशन के पात्रता है।

## शिवभक्तों का उमड़ा सैलाब, 20 दिन में 3.31 लाख भक्तों ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

श्रीनगर,(ईएमएस)। अमरनाथ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के चलते शिवभक्तों का सैलाब उमड़ा है। मात्र 20 दिन में 3.31 लाख शिव भक्तों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं। बुधवार को भी बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि 3 जुलाई को अमरनाथ यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 20 दिन में 3.31 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। बता दें कि अमरनाथ यात्रा के लिए सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी और स्थानीय पुलिस की मौजूदा तैनाती के अलावा सीएपीएफ की 180 अतिरिक्त कंपनियां भेजी गई हैं। इसके साथ ही, सेना ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए इस साल 8,000 से ज़्यादा विशेष कमांडो भी तैनात किए हैं। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी और 38 दिनों बाद 9 अगस्त को खत्म होगी। यह दिन श्रावण पूर्णिमा और रक्षाबंधन का पर्व भी है। श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, क्योंकि सुरक्षा काफिले के साथ आने वालों की तुलना में सीधे बेस कैंप पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा है। ये श्रद्धालु वहां पहुंचकर ही पंजीकरण कराते हैं और फिर गुफा मंदिर की यात्रा शुरू करते हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि आज सुबह जम्मू शहर से 2,837 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था 118 गाड़ियों के दो सुरक्षा घेरे में रवाना हुआ। 49 गाड़ियों का पहला काफिला, जिसमें 1,036 तीर्थयात्री थे, सुबह 3:25 बजे बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ।

## भारतीय एयरस्पेस में 23 अगस्त तक नहीं आ सकेंगे पाकिस्तानी विमान

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत ने पाकिस्तानी विमानों के लिए अपने एयरस्पेस पर प्रतिबंध बढ़ा दिए हैं। दरअसल, केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर हवाई क्षेत्र प्रतिबंध पर बड़ा अपडेट दिया। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी विमानों के भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने वाले नोटिस टू एयरमेन (नोटम) को आधिकारिक तौर पर 23 अगस्त 2025 तक बढ़ा दिया गया है। यह विस्तार निरंतर रणनीतिक विचारों को दर्शाता है और मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप है। इस फैसले से जुड़े महत्वपूर्ण अपडेट आगे भी बताए जाएंगे। बता दें कि पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले का बदला भारत ने पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक से लिया था। भारतीय सेना ने नौ आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। भारत ने ठीक 15 दिन बाद पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया था।

# अखिलेश ने मस्जिद में सपा सांसदों के साथ मीटिंग कीः डिप्टी सीएम बोले- वो नमाजवादी, अखिलेश बोले- हम आस्था के साथ

**लखनऊः** संसद के बगल की मस्जिद में अखिलेश यादव और उनके सांसदों की कथित मीटिंग पर विवाद बढ़ता जा रहा है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अखिलेश को नमाजवादी बताया। कहा- संविधान में साफ लिखा है कि हम धर्म का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्यों के लिए नहीं करेंगे। लेकिन सपा मुखिया हमेशा संविधान का उल्लंघन करते रहे। उन्हें संविधान पर कोई भरोसा नहीं है। अखिलेश ने डिप्टी सीएम के बयान पर पलटवार किया। कहा- आस्था जोड़ती है। जो आस्था जोड़ने का काम करती है, हम उसके साथ हैं, लेकिन भाजपा चाहती है कि कोई न जुड़े, दूरियां बनी रहें। हम सभी धर्मों में आस्था रखते हैं। भाजपा का हथियार धर्म है।

दरअसल, मंगलवार को जब सदन की कार्यवाही स्थगित हुई, तब अखिलेश यादव अपने सांसदों के साथ बैठे थे। उसी दौरान रामपुर से सांसद मोहिबुल्ला नदवी ने उस मस्जिद के बारे में बताया,



जहां वे इमाम हैं। इस पर अखिलेश ने पूछा कि मस्जिद यहां से कितनी दूर है। जवाब में मोहिबुल्ला नदवी ने कहा- बस सड़क के उस पार है। कार्यवाही स्थगित होने के कारण अखिलेश यादव अपने सांसदों के साथ नदवी के साथ मस्जिद देखने चले गए। कुछ देर तक सभी वहां रुके थे।

### जमाल सिद्दीकी बोले- मोहिबुल्ला नदवी को इमाम पद से हटाया जाए

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा- मस्जिद को सपा कार्यालय की तरह इस्तेमाल किया गया। उन्होंने दिल्ली की मंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली वक्फ बोर्ड से मोहिबुल्ला नदवी को मस्जिद के इमाम पद से हटाने की मांग की।

### संसद के बाहर प्रदर्शन करते सपा सांसद

नई दिल्ली में बुधवार को भी सपा--कांग्रेस के सांसदों ने बिहार में SIR को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव के अलावा सपा सांसद प्रिया सरोज, धर्मेंद्र यादव भी मौजूद रहे।

### एसपी बघेल बोले- ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी तो विपक्ष के पेट में दर्द होगा

केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों ने जो कामयाबी हासिल की है, उस पर चर्चा होगी तो उनके पेट में दर्द होगा। SIR के बारे में जब बताया जाएगा कि चुनाव आयोग अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी को निभाते हुए कार्य कर रहा है। इन सब विषयों पर अगर चर्चा होगी तो उनका मुंह उतरेगा इसलिए शोर करके चर्चा नहीं कराना चाहते हैं।

## एयर इंडिया की फ्लाइट्स में तकनीकी खामियां: कोझिकोड-दोहा विमान उड़ान के बाद लौटा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। बीते कुछ दिनों में एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानों में लगातार तकनीकी खराबियों के मामले सामने आए हैं। बुधवार सुबह कोझिकोड से दोहा जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स-375 को टेकऑफ के कुछ ही देर बाद तकनीकी खामी के चलते वापस लौटना पड़ा। यह विमान बोइंग-737 था, जिसे सुरक्षा कारणों से बीच आसमान से ही कोझिकोड एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया गया। इस संबंध में एयरलाइन प्रवक्ता का बयान भी सामने आया है, जिसके अनुसार प्रवक्ता ने कहा, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई और इंतजार के दौरान रिफ्रेशमेंट्स उपलब्ध कराए गए। इस दौरान हुई असुविधा के लिए हम खेद प्रकट करते हैं लेकिन हमारे लिए सेफ्टी सर्वोपरि है।

### एक हफ्ते में घटनाएं

एयर इंडिया के लिए यह सप्ताह चुनौतियों से भरा रहा है। हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और किसी को चोट नहीं आई।

**हॉन्गकॉन्ग से दिल्ली फ्लाइट में आग**

मंगलवार को फ्लाइट एआई-315, जो हॉन्गकॉन्ग से दिल्ली पहुंची थी, में लैंडिंग के बाद एपीयू (एक्जिलेरी पॉवर यूनिट) में आग लग गई। यह यूनिट विमान को पार्किंग के दौरान बिजली सप्लाई करता है। सिस्टम के ऑटो शटडाउन की वजह से आग पर तुरंत काबू पा लिया गया।

**दिल्ली-कोलकाता फ्लाइट को टेक-ऑफ से पहले रोका गया**

सोमवार को एआई-2403 फ्लाइट टेक-ऑफ रोल के दौरान तकनीकी गड़बड़ी के चलते रनवे पर ही रोक दी गई। कॉकपिट क्रू ने समय पर रिएक्ट किया और 160 यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। बाद में फ्लाइट शाम को रवाना हो गई। कोच्चि से मुंबई आ रही फ्लाइट एआई-2744, जो एयरबस ए-320 (वीटी-टीवायए) थी, बारिश के दौरान लैंडिंग करते समय रनवे से थोड़ा हटकर उतरी। एक इंजन को हल्का नुकसान पहुंचा, लेकिन सभी यात्री सुरक्षित उतार लिए गए।

## धनखड़ के इस्तीफे पर गरमाई सियासतः कांग्रेस और टीएमसी ने उठाए फेयरवेल न देने पर सवाल

### कहा- संविधान और किसानों का अपमान

नई दिल्ली,(ईएमएस)। संसद के मानसून सत्र के दौरान देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सहित कई विपक्षी दलों ने उन्हें ससम्मान विदाई नहीं दिए जाने और अचानक इस्तीफा देने की परिस्थितियों पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस नेताओं ने इसे न केवल संविधान का अपमान बताया, बल्कि इसे किसानों की गरिमा पर भी आघात बताया है।

दरअसल कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है, कि धनखड़ जी को विदाई पार्टी और भाषण तक देने नहीं दिया गया। यह न केवल संवैधानिक पद का अपमान है बल्कि देश के किसानों का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति ने इस्तीफा स्वेच्छा से नहीं दिया, बल्कि उन्हें इसके लिए मजबूर किया गया। वह स्वस्थ और प्रसन्न थे, दो घंटे में अचानक



अस्वस्थ नहीं हो सकते।

### टीएमसी का दावाः इस्तीफा देने को बाध्य किया

टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने तो सीधे प्रधानमंत्री और कैबिनेट पर आरोप लगाया कि उन्होंने धनखड़ को इस्तीफा देने के लिए बाध्य किया। अगर उन्होंने रात 9 बजे तक इस्तीफा नहीं दिया होता, तो उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाया जाता। बनर्जी ने यह भी दावा किया कि अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को उपराष्ट्रपति बनाया जा सकता है।

### प्रणीति शिंदे ने कहा- इस्तीफा संदिग्ध

कांग्रेस सांसद प्रणीति शिंदे ने इस्तीफे को "संदेहास्पद" करार देते हुए कहा कि सरकार शायद जस्टिस वर्मा के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को स्वीकार करने से नाराज थी। उन्होंने कहा, कि शायद इसी कारणवश उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया और उन्हें सम्मानजनक विदाई का मौका भी नहीं दिया गया।

### राजनीतिक और संवैधानिक बहस तेज

विपक्ष का आरोप है कि एक उच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को बिना सम्मान और परंपरा के बाहर निकाला गया, जिससे लोकतंत्र की मर्यादा को ठेस पहुंची है। वहीं सरकार की ओर से अभी तक इन आरोपों पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। बहरहाल उपराष्ट्रपति धनखड़ के अचानक इस्तीफे और विदाई की औपचारिकता नहीं निभाए जाने को लेकर संसद के गलियारों से लेकर राजनीतिक जगत तक में हलचल तेज है।

## वर्तमान समस्याओं को लेकर भागवत बोले- पश्चिम की विफलता और भारतीयता में समाधान की राह

नई दिल्ली,(ईएमएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम के दौरान दुनिया की वर्तमान समस्याओं के समाधान के लिए भारतीयता को एकमात्र विकल्प बताया। उन्होंने कहा कि भौतिक सुख-सुविधाओं में हुई प्रगति ने जीवन को आसान जरूर बनाया है, लेकिन इससे मानव जीवन में दुखों का अंत नहीं हुआ। अब पूरी दुनिया खुशी और संतोष की तलाश में भारत की ओर देख रही है। दिल्ली में इग्नू और अखिल भारतीय अणुव्रत न्यास द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए भागवत ने कहा कि पिछले दो हजार वर्षों में पश्चिमी विचारधाराओं के सभी प्रयास, जो जीवन में सुख लाने के लिए किए गए, असफल हो गए हैं। उन्होंने कहा, भौतिकवाद ने समस्याएं बढ़ाई हैं, शोषण और गरीबी में इजाफा हुआ है। अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। उन्होंने दोनों विश्व युद्धों का उदाहरण देते हुए बताया कि पश्चिमी देशों ने शांति के लिए राष्ट्र संघ और संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठन बनाए, लेकिन ये भी युद्धों को रोकने में विफल रहे। भागवत के अनुसार, अब जब तीसरे विश्व युद्ध की आशंका जताई जा रही है, तब दुनिया भारत की ओर समाधान की उम्मीद से देख रही है।

## बब्बर खालसा का खूंखार आतंकी आकाशदीप गिरफ्तार

नई दिल्ली,(ईएमएस)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आतंकवाद के खिलाफ एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े खतरनाक आतंकी आकाशदीप को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी बुधवार को हुई और इसे आतंकी नेटवर्क पर जोरदार प्रहार माना जा रहा है।

गिरफ्तार आतंकी आकाशदीप पंजाब के बटाला में 7 अप्रैल को किला लाल सिंह पुलिस स्टेशन पर हुए ग्रेनेड हमले में मुख्य आरोपी है। इसके अलावा वह दिल्ली में अपराधियों को अवैध हथियार सप्लाई करने में भी सक्रिय था। सूत्रों के मुताबिक, वह लंबे समय से पुलिस की रडार पर था और कई आतंकी गतिविधियों में उसकी संलिप्तता सामने आई थी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गुप्त सूचना के आधार पर सटीक रणनीति बनाते हुए आकाशदीप को धर दबोचा। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारी के बाद आकाशदीप से पूछताछ की जा रही है और उसके नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है।

### क्यों है यह गिरफ्तारी अहम?

बब्बर खालसा इंटरनेशनल एक प्रतिबंधित आतंकी संगठन है, जो भारत में कई आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा है। आकाशदीप जैसे आतंकी की गिरफ्तारी से दिल्ली और पंजाब जैसे संवेदनशील राज्यों में आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। यह गिरफ्तारी, अवैध हथियार सप्लाई चेन को तोड़ने में भी सहायक मानी जा रही है। स्पेशल सेल अब आकाशदीप से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश में जुट गई है। पुलिस इस केस को एक बड़े आतंकी मॉड्यूल के हिस्से के तौर पर देख रही है। यह भी जांच की जा रही है कि क्या इस आतंकी का कोई विदेशी कनेक्शन था या किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की तैयारी चल रही थी।

# राहुल बोले- ट्रम्प सीजफायर कराने वाले कौनःउन्होंने 25 बार दावा किया, मोदी एक जवाब नहीं दे पाए, कैसे बोलेंगे ट्रम्प ने कराया

**नई दिल्लीः** राहुल गांधी ने बुधवार को कहा, 'ट्रम्प 25 बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान में सीजफायर कराया। वह कौन हैं? यह उनका काम नहीं है। भारत के प्रधानमंत्री पूरी तरह से चुप हैं। उन्होंने एक बार भी ट्रम्प के दावों का जवाब नहीं दिया। प्रधानमंत्री क्या बोलेंगे। कैसे बताएंगे कि ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ समझौता करवाया है?' संसद में मानसून सत्र में भाग लेने के बाद राहुल ने कहा, 'पूरी दुनिया जानती है कि ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा की थी। पीएम मोदी यह नहीं कह सकते, लेकिन यह सच है और पूरी दुनिया जानती है। जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं वे भाग गए हैं।'

### ट्रम्प फिर बोले- दोनों देशों के बीच सीजफायर कराया



राहुल गांधी का यह बयान मंगलवार सुबह ट्रम्प के नए दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने फिर से कहा कि मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोक दिया है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'हमने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया। वे शायद परमाणु जंग में उलझने वाले थे।' ट्रम्प ने कहा, 'उस समय दोनों देशों के बीच संघर्ष गंभीर हो गया था, 5 फाइटर जेट्स गिराए जा चुके थे। किसी भी वक्त परमाणु हथियारों का इस्तेमाल हो सकता था। मैंने उन्हें फोन किया और व्यापार रोकने की धमकी दी।'

22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। भारत ने पाकिस्तान प्रशासित आजाद कश्मीर और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में नौ जगहों पर मिसाइल और हवाई हमले शुरू किए थे। दोनों देशों के बीच 3 दिनों तक संघर्ष चला। 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हुआ था। तब पहली बार ट्रम्प ने सीजफायर कराने का दावा किया था। बीते 73 दिनों में वे 25 बार जंग खत्म करने का दावा कर चुके हैं।

### जयराम बोले- ट्रम्प ने 73 दिनों में 25 बार सीजफायर का दावा दोहराया

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा के दावों पर केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने X पर पोस्ट में कहा, 'ट्रम्प सीजफायर के अपने दावे की सिल्वर जुबली पर पहुंच गए हैं। । उन्होंने पिछले 73 दिनों में 25 बार ढिंढोरा पीटा है, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री पूरी तरह से चुप हैं।'

### देश को सच्चाई जानने का हक

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यह भी कहा कि संसद में केवल युद्धविराम ही नहीं, बल्कि डिफेंस डील्स, ऑपरेशन सिंदूर, और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की लगातार चुप्पी देश के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया, कि देश को सच्चाई जानने का हक है। ट्रंप खुलेआम कह रहे हैं कि उन्होंने युद्धविराम कराया, लेकिन प्रधानमंत्री कुछ नहीं बोल रहे। यह भारत की संप्रभुता पर सवाल है।

# देवदूत बने डॉ केए पॉल ने किया दावा कहा- यमन में निमिषा प्रिया की फांसी हुई रद्द



सना(ईएमएस)। कहते हैं मारने वाले से बचाने वाला कई गुना बड़ा होता है। ग्लोबल पीस इनिशिएटिव के संस्थापक डॉ केए पॉल किसी देवदूत से कम नहीं हैं। उन्होंने यमन में मौत की सजा पा चुकी भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की फांसी रद्द कराने में सफलता हासिल की है। यह जानकारी खुद पॉल ने एक वीडियो जारी करके दी। उन्होंने यमनी नेताओं के प्रभावशाली और प्रार्थनापूर्ण प्रयासों और पिछले दस दिनों की अथक मेहनत की सराहना की। डॉ पॉल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि भारतीय राजनयिक निमिषा को सुरक्षित भारत लाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने सना जेल से निमिषा की ओमान, जेद्दा, मिस्र, ईरान या तुर्की के रास्ते सुरक्षित वापसी के लिए भारत सरकार के साथ रसद व्यवस्था की बात कही।

डॉ केए पॉल का जन्म 10 सितंबर 1963 में आंध्र प्रदेश में हुआ था। उन्हें आधुनिक गांधी भी कहा जाता है। वो एक भारतीय मूल के समाजसेवी हैं। उन्होंने अमेरिका-आधारित ग्लोबल पीस इनिशिएटिव (जीपीआई) और गॉस्पेल टू द अनरीच्ड मिलियन्स (जीयूएम) की स्थापना की। आंध्र प्रदेश में जन्म के बाद उन्होंने 8 साल की उम्र में ईसाई धर्म अपनाया। वो 19 साल की उम्र में पूर्णकालिक मिशनरी बन गए थे। वो 155 देशों में 2200 शांति रैलियां आयोजित कर चुके हैं। डॉ केए पॉल लाइबेरिया, इराक और भारत-पाकिस्तान जैसे क्षेत्रों में शांति मध्यस्थता के लिए जाने जाते हैं। कहा जाता है कि कई बार नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित पॉल ने 3.1 लाख अनाथों की मदद की है। निमिषा की रिहाई भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत है। ऐसा इसलिए क्योंकि यमन एक गृहयुद्ध देश है। भारत के यमन के साथ कोई औपचारिक कूटनीतिक संबंध नहीं हैं। इसके बावजूद भारत ने मिडिल-ईस्ट में अपने प्रभाव के दम पर निमिषा की कानूनी लड़ाई में मदद की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पिछले सप्ताह बताया था कि भारत यमनी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है और निमिषा के लिए हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। मंत्रालय ने निमिषा के परिवार के लिए वकील नियुक्त किया और शरिया कानून के तहत क्षमादान की संभावनाएं तलाशीं। 16 जुलाई को निर्धारित फांसी को टालने में भारत की कूटनीतिक कोशिशें कामयाब रहीं।38 वर्षीय निमिषा प्रिया, केरल के पलक्कड़ जिले की रहने वाली है। वो साल 2017 में एक यमनी नागरिक की हत्या के लिए 2020 में फांसी की सजा सुनाई गई थी। नवंबर 2023 में यमन के सुप्रीम ज्यूडिशियल काउंसिल ने उनकी अपील खारिज कर दी थी। निमिषा की मां प्रेमाकुमारी ने पिछले साल यमन जाकर बेटी की रिहाई की गुहार लगाई थी।

### पाक सेना के पूर्व अधिकारी का दावा

## मुनीर खुद को राष्ट्रपति, साले को पीएम बनाना चाहता है

इस्लामाबाद(ईएमएस)। पाकिस्तानी सेना के पूर्व मेजर आदिल राजा ने दावा करते हुए कहा है कि वह अब व्हिसलब्लोअर के रूप में लंदन में निर्वासन की जिंदगी जी रहे हैं। उन्होंने सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर पर सीधे तौर पर पाकिस्तान के लोकतंत्र को बर्बाद करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि मुनीर सिर्फ आर्मी चीफ नहीं रहना चाहते। वो राष्ट्रपति बनना चाहते हैं और अपने साले को पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनवाना चाहते हैं। आदिल राजा के मुताबिक, यह पूरी स्क्रिप्ट 'मशर्रफ स्टाइल' की है। पहले देश में गड़बड़ी फैलाओ, फिर खुद को मसीहा बताकर सत्ता पर काबिज हो जाओ। राजा ने आरोप लगाया कि आसिम मुनीर खुद को फील्ड मार्शल का रैंक दे चुके हैं और अब पूरी सिविल व्यवस्था को पीछे धकेलकर सेना को सामने लाना चाहते हैं। आदिल राजा का कहना है कि आईएसआई और जनरल आसिम मलिक यूके की लिबरल लॉ प्रणाली का फायदा उठाकर विरोधियों को कानूनी जाल में फंसा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि ये लोग सिर्फ मानहानि केस ही नहीं कर रहे, बल्कि आलोचकों के खिलाफ साजिशन हमले भी करवा रहे हैं। उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया। उनके केस के गवाह शाहजाद अकबर पर यूके में एसिड अटैक हुआ, जिसके पीछे भी आईएसआई का हाथ होने का संदेह जताया जा रहा है। राजा ने कहा, आईएसआई की कोशिश है कि किसी भी तरह से ये मामला मीडिया में न आए। वो अपने पाप छुपाना चाहते हैं, लेकिन मैं चुप नहीं रहूंगा। आदिल राजा ने यह भी बताया कि उनके खिलाफ ब्रिगेडियर राशिद नासिर (आईएसआई, पंजाब सेक्टर कमांडर) ने यूके में मानहानि का केस दर्ज कराया है। आदिल का कहना है कि यह केस पाकिस्तानी मिलिट्री और आईएसआई की एक सोची-समझी रणनीति है ताकि उन्हें चुप कराया जा सके।

## संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका ने किया तनाव कम कराने का दावा, भारत कर दिया करेक्शन

जिनेवा,(ईएमएस)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक बार फिर अमेरिका ने दावा किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को कम करने में अमेरिका का बड़ा योगदान रहा है। हालांकि इस पर तत्काल ही भारत ने करेक्शन करते हुए स्पष्ट कर दिया कि ये दोनों देशों के बीच आपसी सहमति से संभव हुआ है। न कि अमेरिकी प्रयासों से। कार्यवाहक अमेरिकी प्रतिनिधि डोरोथी शीया ने कहा कि पिछले तीन महीनों में अमेरिकी नेतृत्व की भूमिका में जिन तनावपूर्ण संघर्षों को कम किया गया, उनमें भारत और पाकिस्तान के बीच का तनाव भी शामिल है।

डोरोथी ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने दोनों पक्षों को इन प्रस्तावों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसकी हम सराहना और समर्थन करते हैं। दूसरी ओर, भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने दृढ़ता से कहा कि यह पाकिस्तान के भारत से अनुरोध पर सीधे तौर पर संपन्न हुआ था। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने जब अपने प्राथमिक लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया, तो पाकिस्तान के अनुरोध पर सैन्य गतिविधियों को सीधे तौर पर रोक कर दिया गया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक केंद्रित, नपी-तुली




और गैर-उत्तेजक कार्रवाई थी। हरीश ने बताया कि यह अभियान सुरक्षा परिषद के उस बयान से प्रेरित था, जिसमें पहलगाम हमले के अपराधियों, योजनाकारों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जिम्मेदार ठहराने की जरूरत पर जोर दिया गया। इस अभियान के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में स्थित आतंकी शिविरों को निशाना बनाया गया। डोरोथी और पी हरीश, सुरक्षा परिषद में बहुपक्षवाद और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान विषय पर खुले विमर्श के दौरान बोल रहे थे, जिसकी अध्यक्षता पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इसहाक डार ने की। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि उन्होंने पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्ष रुकवाया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी उनके इस दावे का समर्थन किया है।

डोनाल्ड ट्रंप दावा कर चुके हैं कि भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव अगर ऐसे ही चलता रहता, तो एक हफ्ते के भीतर यह परमाणु युद्ध में बदल जाता। ट्रंप ने दावा करते हुए कहा कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं को यह कहकर संघर्ष रोकने को मजबूर किया कि अगर उन्होंने युद्ध नहीं रोका, तो कोई व्यापार समझौता नहीं होगा।हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने ट्रंप से फोन पर स्पष्ट रूप से कहा था कि भारत और अमेरिका के बीच पाकिस्तान के साथ संघर्ष को रोकने के बदले किसी तरह की मध्यस्थता या व्यापार समझौते को लेकर कोई लेन-देन नहीं हुआ है। इस तरह भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि पाकिस्तान के साथ उसका रुख पूरी तरह द्विपक्षीय और संप्रभु नीति पर आधारित है, किसी बाहरी दबाव या सौदेबाजी पर नहीं। मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट तौर पर बताया कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कोई चर्चा नहीं हुई, या भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका द्वारा मध्यस्थता का कोई प्रस्ताव नहीं आया।

## देश चलाने के लिए भीख चाहिए?: बांग्लादेश में प्लेन क्रैश के बाद यूनुस की चंदा अपील पर भड़की जनता, पोस्ट डिलीट करना पड़ा

ढाका(ईएमएस)। बांग्लादेश में हुए दर्दनाक प्लेन हादसे के बाद जब मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने मृतकों और घायलों की मदद के लिए जनता से चंदा मांगा, तो देशभर में नाराजगी की लहर दौड़ गई। हादसे की पीड़ा झेल रही जनता ने सरकार की इस अपील को शर्मनाक बताते हुए सोशल मीडिया पर कड़ा विरोध जताया। विवाद इतना बढ़ा कि यूनुस को यह पोस्ट तुरंत डिलीट करनी पड़ी। गौरतलब है कि सोमवार को ढाका के माइलस्टोन स्कूल पर बांग्लादेश की सेना का एक ट्रेनी जेट क्रैश हो गया था। अब तक इस हादसे में 32 लोगों की मौत हो चुकी है और दर्जनों घायल हैं। इसी बीच यूनुस ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज से मुख्य सलाहकार राहत और कल्याण कोष में दान देने की अपील की।



उनका उद्देश्य हादसे में मारे गए और घायल लोगों के परिवारों की मदद करना था। लेकिन यह अपील लोगों को नागवार गुज़री। कई नागरिकों और राजनीतिक दलों ने इस पर तीखा सवाल उठाया कि क्या सरकार के पास ऐसे आपातकालीन हालात में सहायता देने के लिए भी फंड नहीं हैं? सोशल मीडिया पर लोग पूछने लगे – क्या अब देश चलाने के लिए भीख मांगनी पड़ेगी?

एक यूजर ने लिखा, पिछले साल बाढ़ राहत के लिए 1200 करोड़ टका कहां गए? क्या यह सरकार देश को एनजीओ समझ बैठी है? वहीं, एक अन्य नागरिक ने कहा, सरकार की यह अपील पीड़ितों का अपमान है।

डिलीट की गई पोस्ट की पुष्टि वरिष्ठ सहायक प्रेस सचिव फयेज अहमद ने भी की, जिन्होंने इसे आधिकारिक व्हाट्सऐप ग्रुप में साझा किया था। हालांकि आलोचना के बाद बिना कोई स्पष्टीकरण दिए पोस्ट हटा ली गई। इसी बीच घटनास्थल पर पहुंचे सरकारी अधिकारियों और सलाहकारों को छात्रों और नागरिकों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। राजधानी में सचिवालय के बाहर भी छात्रों ने शिक्षा सलाहकार और शिक्षा सचिव के इस्तीफे की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।

### शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग ने भी साधा निशाना

आवामी लीग ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि माइलस्टोन स्कूल हादसे के बाद सरकार की भूमिका शर्मनाक रही है। पार्टी ने आरोप लगाया कि सरकार न सिर्फ मृतकों की संख्या छिपा रही है, बल्कि छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों पर दमनात्मक कार्रवाई कर रही है। यह सरकार की पूर्ण प्रशासनिक विफलता है, पार्टी प्रवक्ता ने कहा। यह घटनाक्रम बांग्लादेश में अंतरिम सरकार की साख पर गंभीर सवाल खड़े करता है, जहां आपदा के समय राहत देने की बजाय जनता से आर्थिक सहयोग की अपील कर दी गई। विपक्षी दलों और आम नागरिकों ने सरकार से तत्काल जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग की है।

## आयरलैंड में भारतीय पर टूट पड़ी भीड़, नंगा कर पीटा, खंभे से सिर दे मारा, कोई गिरफ्तारी नहीं

डबलिन,(ईएमएस)। आयरलैंड की राजधानी डबलिन के टालहट इलाके में एक भारतीय नागरिक पर बर्बर हमला हुआ है। हमलावरों ने न केवल उसे पीटा, बल्कि उसके कपड़े तक फाड़ दिए। यह घटना शनिवार शाम पार्कहिल रोड पर हुई। पीड़ित की उम्र 40 के आसपास है और वह हाल ही में आयरलैंड आया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह अमेज़न में काम करता है। हमलावरों ने पहले उसे सिर में मारा, फिर उसका फोन, पैसे और कपड़े छीन लिए। हमले के पीछे एक दक्षिणपंथी गिरोह का नाम सामने आ रहा है। इन युवकों की उम्र 15-16 साल बताई जा रही है। गिरोह ने दावा किया कि पीड़ित बच्चों के आसपास 'अनुचित व्यवहार' कर रहा था, लेकिन पुलिस ने इसे खारिज किया है। स्थानीय महिला जेनिफर मरे ने बताया कि हमलावरों ने उसका सिर तीन बार खंभे से पटका। फिर उसे पीटा, उसके जूते, पैंट और अंडरवियर तक उतार दिए। उसकी टांगें खून से लथपथ थीं। कुछ स्थानीय लोग मदद को आगे आए लेकिन कई लोग सिर्फ वीडियो बनाते रहे। पीड़ित को टालहट यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे रविवार को छुट्टी मिल गई। पुलिस ने इस घटना को हेट क्राइम माना है और जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।आयरलैंड में करीब एक लाख भारतीय रहते हैं। इनमें से अधिकांश पेशेवर हैं, जो हेल्थकेयर या आईटी सेक्टर में काम करते हैं। पिछले कुछ सालों में नस्लीय हिंसा के मामले बढ़े हैं। भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्रा ने इस घटना को 'भयावह' बताया और कहा कि इससे भारतीय समुदाय में डर फैल गया है। मिश्रा ने कहा, हम पीड़ित और आयरिश अधिकारियों के संपर्क में हैं।

## समुद्र की गहराइयों में रहते थे विशाल हाथी, ड्रैगन और इंसान

जकर्ता (ईएमएस)। हाल ही में वैज्ञानिकों ने इंडोनेशिया के समुद्र की गहराइयों में छिपी एक ऐसी रहस्यमयी दुनिया की खोज की है, जो हजारों वर्षों से पानी के नीचे दफन थी। यहां मिले अवशेषों से पता चलता है कि लगभग 1,40,000 साल पहले तक यह क्षेत्र इंसानों और विलुप्त प्रजातियों का घर था। इंडोनेशिया के तट से दूर इस स्थान पर पुरातत्वविदों को कुछ ऐसे प्रमाण मिले हैं जो यह दर्शाते हैं कि कभी यह इलाका जीवों और इंसानों की एक समृद्ध दुनिया हुआ करता था।

शोधकर्ताओं को यहां हाथी जैसे विशालकाय जानवर स्टेगोडोन के जीवाश्म मिले हैं, जिसकी ऊंचाई लगभग 13 फुट मानी जा रही है। इसके अलावा कोमोडो ड्रैगन, भैंस, हिरण और अन्य विलुप्त



जानवरों के अवशेष भी पाए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण खोजों में से एक होमो इरेक्टस की खोपड़ी के टुकड़े हैं, जिन्हें नीदरलैंड की लीडेन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने पहचाना है। यह खोज यह दर्शाती है कि होमो इरेक्टस यहां रहते थे और जानवरों का शिकार करने के लिए औजारों का प्रयोग करते थे, जिससे यह भी संकेत मिलता है कि उस समय तकनीक को लेकर इंसान काफी जागरूक था। यह इलाका कभी सुंडालैंड नामक महाद्वीपीय भूभाग का हिस्सा था, जो लगभग 7000 से 14000 साल पहले समुद्र के बढ़ते जलस्तर में डूब गया था। यहां से मिले जीवाश्म और खोपड़ियों के टुकड़े इस बात के प्रमाण हैं कि यह क्षेत्र इंसान और जानवरों दोनों के लिए एक आदर्श वातावरण प्रदान करता था। खुली घास के मैदान, जलस्रोत और शिकार के भरपूर अवसर इसे रहने लायक बनाते थे।

शोधकर्ताओं को खुदाई के दौरान हिरण की एक विशेष प्रजाति एंटेलोप के अवशेष भी मिले, जो सामान्यतः ऐसे इलाके पसंद करते हैं जहां हरियाली और खुले मैदान होते हैं। इस खोज से यह स्पष्ट होता है कि यह इलाका न केवल पारिस्थितिक दृष्टि से समृद्ध था, बल्कि इंसानी जीवन की उत्पत्ति को समझने के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण है।

## सिंधु का पानी रुकने से घुटनों पर पाकिस्तान, यूएन से खूब रोया दुखड़ा, भारत का भी मुंहतोड़ जवाब

जिनेवा(ईएमएस)। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच पर इस बार कश्मीर का राग छेड़ने से ज्यादा सिंधु जल समझौते का रोना रोया। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इसहाक डार ने यहां जम्मू-कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त 'विवादित क्षेत्र' बताया और साथ ही सिंधु जल संधि को सस्पेंड करने के भारत के फैसले को 'दुर्भाग्यपूर्ण' और 'अवैध' करार दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की उच्च स्तरीय बहस में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीष ने पाकिस्तान के आरोपों पर मुंहतोड़ जवाब दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की उच्च स्तरीय बहस में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीष ने पाकिस्तान के आरोपों पर मुंहतोड़ जवाब दिया है और आतंकवाद के मुद्दे पर उसे कसके सुना दिया।

इसहाक डार ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस से न्यूयॉर्क में मुलाकात के दौरान भी यह मुद्दा उठाया और भारत पर संधि के उल्लंघन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय का सीधा असर पाकिस्तान की 24 करोड़ आबादी पर पड़ेगा, जो अपनी आजीविका और जीवन के लिए इस जल पर निर्भर है। डार ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से इस मामले में दखल देने की अपील की। इसहाक डार ने कहा, जम्मू-कश्मीर, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एजेंडे पर सबसे पुराने विवादों में से एक है। इसका समाधान केवल यूएनएससी के प्रस्तावों और कश्मीरी जनता की इच्छा के अनुसार होना चाहिए। कोई भी दिखावटी कदम कश्मीरियों के आत्मनिर्णय के उस बुनियादी और वैध अधिकार का विकल्प नहीं हो सकता।

सिंधु जल संधि पर दखल की अपील करते हुए पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच यह समझौता वर्षों से जल विवाद का शांतिपूर्ण समाधान रही है, लेकिन अब भारत ने इस संधि को निराधार तर्कों के आधार पर निलंबित कर दिया है, जो न केवल संधि का उल्लंघन है, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भी खतरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत के इस कदम से पाकिस्तान के लिए स्थिति और गंभीर हो गई है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के इन आरोपों पर भारत की ओर से पर्वतनेनी हरीष ने जवाब दिया है।

## मार्टिन लूथर किंग मर्डर केसः क्या एक्स्ट्रा मैरेटल अफेयर थी हत्या की वजह?

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका में सिविल राइट्स मूवमेंट के प्रतीक मार्टिन लूथर किंग जूनियर को 1963 में दिए उनके भाषण 'आई हैव अ ड्रीम' के लिए जाना जाता है। उनकी 4 अप्रैल 1968 को मेम्फिस, टेनेसी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी हत्या की जिम्मेदारी जेम्स अर्ल रे ने 1969 में ली थी, लेकिन बाद में उन्होंने अपना बयान वापस ले लिया और अपनी मौत तक खुद के बेगुनाह होने का दावा किया। हालांकि उसे पूरी सजा हुई थी और जेल में ही उसकी मौत हो गई थी।

ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिका में सिविल राइट्स मूवमेंट के प्रतीक मार्टिन लूथर किंग जूनियर की हत्या से संबंधित लगभग 2,30,000 पेज



के दस्तावेज सार्वजनिक दिए। हालांकि ट्रंप प्रशासन के इस कदम का किंग के परिवार ने विरोध किया था। यह दस्तावेज 1977 से एक अदालती आदेश के तहत गोपनीय रखे गए थे। अब इन्हें नेशनल आर्काइव्स की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिए गए हैं। इस कदम को प्रशासन ने पारदर्शिता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है, लेकिन किंग के परिवार और दक्षिणी क्रिश्चियन लीडरशिप कॉन्फ्रेंस (एससीएलसी) ने इसे उनकी गोपनीयता और विरासत पर हमला करार दिया। राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा कि अमेरिकी जनता ने डॉ किंग की हत्या की पूरी जांच को देखने के लिए लगभग 60 वर्षों तक इंतज़ार किया है। राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में हम इस महत्वपूर्ण और दुखद घटना पर पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित कर रहे हैं। दस्तावेजों में एफबीआई की निगरानी से संबंधित रिकॉर्ड शामिल हैं, जिनमें किंग के फोन टैपिंग, होटल के कमरों में बगिंग और उनके खिलाफ सूचनाएं एकत्र करने के लिए जासूसों का उपयोग शामिल है। ये दस्तावेज उस समय के एफबीआई निदेशक जे। एडगर हूवर की किंग और सिविल राइट्स मूवमेंट पर पैनी नजर को उजागर करते हैं। इस रिपोर्ट में दावे किए गए थे किंग के एक्ट्रा मैरेटल अफेयर थे। इन अफेयर्स के बारे में जानकारी एफबीआई की निगरानी की वजह से सार्वजनिक हो गई थी। हालांकि उनकी हत्या और उनके अफेयर के बीच कोई संबंध नहीं था। अब तक की जांच में इन दोनों के बीच कोई संबंध की जानकारी नहीं है। हालांकि, किंग के दो जीवित बच्चे मार्टिन लूथर किंग3 और बर्निस किंग ने एक संयुक्त बयान में कहा कि वे पारदर्शिता और ऐतिहासिक जवाबदेही का समर्थन करते हैं, लेकिन उन्हें डर है कि इन दस्तावेजों का दुरुपयोग उनके पिता की विरासत पर हमला करने के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों से अनुरोध करते हैं जो इन फाइलों को देखें, वे हमारे परिवार के दुख के प्रति सहानुभूति, संयम और सम्मान के साथ ऐसा करें। परिवार का मानना है कि हूवर के नेतृत्व में एफबीआई ने किंग को बदनाम करने और नागरिक अधिकार आंदोलन को कमजोर करने के लिए आक्रामक और परेशान करने वाली निगरानी की थी।किंग की भतीजी अल्वेडा किंग ने इस रिलीज़ का समर्थन किया और कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रम्प और डीएनआई गबार्ड के प्रति आभारी हूं कि उन्होंने पारदर्शिता के अपने वादे को पूरा किया।

### चीनी निर्मित विमान, बांग्लादेशियों के लिए बन रहे काल....अब दोस्त ड्रैगन पर उठ रहे सवाल

ढाका (ईएमएस)। बांग्लादेश वायुसेना के लिए विमान दुर्घटनाएं एक गंभीर और बार-बार होने वाली समस्या बन चुकी हैं। बीते तीन दशकों में यानी 1992 से अब तक करीब 27 फाइटर जेट और प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। इसमें से ज़्यादातर दुर्घटनाएं चीनी निर्मित विमानों से हुई हैं, जिससे उनकी गुणवत्ता और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ताजा दुर्घटना में बांग्लादेश वायुसेना का एक एफ-7 बीजीआई ट्रेनिंग जेट था। जो कि माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज का परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इस हादसे में 25 बच्चे, एक शिक्षक और पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहम्मद तौकीर इस्लाम सागर की मृत्यु हुई, जबकि 78 से अधिक घायल हुए है। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी बताई गई है। पायलट ने घनी आबादी वाले क्षेत्रों से दूर ले जाने की कोशिश की, लेकिन विमान स्कूल की इमारत से टकरा गया। विमान में आग लग गई, जिससे परिसर में भारी तबाही हुई। मामले में अंतरिम मोहम्मद यूनुस सरकार ने जांच समिति गठित की गई और मंगलवार को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, 1992 से अब तक बांग्लादेश वायुसेना के 27 विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। ज़्यादातर चीनी निर्मित विमानों (एफ-7, एफटी-7, पीटी-6 मॉडल) में तकनीकी खामियाँ, मानवीय भूल और बाहरी कारक (जैसे पक्षियों से टकराव)। जहां लगातार हो रही इन घटनाओं के बाद चीनी विमानों पर सवाल उठा रहा है। एफ-7 बीजीआई विमान (2011 में खरीदे गए) चेंगदू जे-7/एफ-7 फैमिली का सबसे एडवांस वर्जन है, लेकिन उनकी विश्वसनीयता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। दुर्घटनाओं ने बांग्लादेश वायुसेना की उड़ान सुरक्षा और विमान रखरखाव नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि पुराने विमानों को बदलने, आधुनिक तकनीक अपनाने और पायलटों के प्रशिक्षण को बेहतर करने की तत्काल आवश्यकता है। सैन्य अड्डों के आसपास बढ़ते शहरी अतिक्रमण को रोकने के लिए भी कदम उठाने की ज़रूरत है।

### रूस में बच्चों को जन्म देने वाली महिलाओं की संख्या में आ रही गिरावट

मॉस्को (ईएमएस)। पहले रशियन लोककथाओं में कहा जाता था कि खूबसूरत लड़कियों को भी दूल्हा ढूंढना मुश्किल हो जाता था, लेकिन आज रूस खुद ऐसे संकट का सामना कर रहा है जहां बच्चों को जन्म देने वाली महिलाओं की संख्या में तेजी से गिरावट आ रही है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्वीकार किया है कि अब समाज में वह पहले जैसी स्थिति नहीं रही और जनसंख्या का संतुलन बदल चुका है। रूस की केंद्रीय सांख्यिकी सेवा के ताजा आंकड़े बताते हैं कि 1 जनवरी, 2025 तक देश की कुल अनुमानित जनसंख्या 14 करोड़ 60 लाख के करीब रही, जो पिछले साल की तुलना में 0.08 प्रतिशत कम है। जनसांख्यिकी विशेषज्ञ एलेक्सी रक्शा के अनुसार, साल 2025 के पहले तीन महीनों में केवल 2.94 लाख बच्चों का जन्म हुआ, जो पिछले 225 वर्षों में सबसे कम आंकड़ा है। यह गिरावट फर्टिलिटी रेट में भारी कमी को दर्शाती है, जिससे भविष्य में मृत्यु दर बढ़ने की आशंका है। चीन भी इसी तरह की जनसंख्या समस्या का सामना कर चुका है। हालांकि मास्को, लेनिनग्राद और इंगुशेतिया जैसे कुछ क्षेत्रों में जनसंख्या में हल्की वृद्धि देखी गई है, जिससे सरकार को कुछ उम्मीदें बनी हुई हैं। रूस सरकार प्रजनन दर को बढ़ाने के लिए कई तरह की योजनाएं चला रही है, जिनमें आर्थिक प्रोत्साहन शामिल हैं।

### शांति वार्ता के लिए तैयार बैठे जेलेंस्की को रूस की दो टूक कहा- ज्यादा उम्मीदें न पालें

कीव(ईएमएस)। शांति वार्ता के लिए तैयार बैठे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को रूस ने सीधा मैसेज दिया है कि ज्यादा उम्मीदें पालने की जरुरत नहीं है क्यों कि कोई चमत्कार होने वाला नहीं है। फिलहाल बीते चार से युद्ध की आग में जल रहे रूस-यूक्रेन को राहत मिलती नहीं दिख रही है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की शांतिवार्ता की पेशकश कर चुके हैं, उनके बीच पिछले दौर की बातचीत भी हुई थी, जिसका कोई नतीजा नहीं निकला। एक बार फिर रूस के तेवर को देखते हुए जेलेंस्की लगातार बातचीत के लिए कह रहे हैं पर शायद ही पुतिन इस वार्ता से कुछ हल निकालना चाहते हैं। बता दें कि पहले दो दौर की बातचीत 16 मई और 2 जून को इस्तांबुल में हुई थीं, जिनमें कैदियों की अदला-बदली पर सहमति बनी थी, लेकिन युद्धविराम या युद्ध समाप्ति पर कोई बड़ी प्रगति नहीं हुई। रूस ने यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच आगामी शांति वार्ता को लेकर ज्यादा उम्मीदें नहीं पालने के लिए कहा है। उसने सीधे कहा है कि निकट भविष्य में किसी बड़ी सफलता की संभावना नहीं है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा– वर्तमान परिस्थितियों में किसी चमत्कारी सफलता की उम्मीद करना अवास्तविक है। उन्होंने कहा कि रूस अपने हितों की सुरक्षा और प्रारंभ से तय किए गए लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। पेसकोव ने यह भी कहा कि शांति समझौते की कोई निश्चित समय सीमा तय करना अनुचित होगा, क्योंकि बातचीत में कुछ मुश्किलें भी हैं। हालांकि रूस की ओर से ने अगली वार्ता की तारीख नहीं बताई, उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है यह वार्ता इसी सप्ताह होगी। इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा था कि तीसरे दौर की वार्ता बुधवार को होगी, जबकि रूस की मीडिया ने एक अज्ञात सूत्र के हवाले से इसे गुरुवार बताया।

### कार्बन डाइऑक्साइड से बनेगी सफेद चीनी! चीनी वैज्ञानिकों ने किया बड़ा दावा

बीजिंग (ईएमएस)। जलवायु परिवर्तन और खाद्य सुरक्षा के मुद्दों से जूझ रही दुनिया को चीनी वैज्ञानिकों ने एक नई उम्मीद दिखाई है। चीन की तियानजिन इंडस्ट्रियल बायोटेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट की टीम ने दावा किया है कि उन्होंने कार्बन डाइऑक्साइड को मेथनॉल के ज़रिए सुक्रोज (सफेद चीनी) में बदलने की नई जैव-रूपांतरण तकनीक विकसित की है। इसके लिए न तो गन्ने और न ही चुकंदर जैसी पारंपरिक फसलों की ज़रूरत होगी, जो भूमि और जल संसाधनों पर भारी दबाव डालती हैं।

वैज्ञानिकों ने इस प्रणाली को इन-वित्रो बायोट्रांसफॉर्मेशन (आईवीबीटी) नाम दिया है, जिसमें मेथनॉल को एंजाइमों की मदद से सीधे सुक्रोज में बदला जा सकता है। टीम ने कहा कि यह प्रणाली फ्रुक्टोज, स्टार्च और अन्य कार्बोहाइड्रेट बनाने के लिए भी अनुकूल की जा सकती है। इससे संबंधित एक शोध मई 2025 में एक जर्नल में प्रकाशित किया गया, जिसके मुताबिक यह खोज कार्बन न्यूट्रैलिटी और खाद्य संकट से निपटने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

गौरतलब है कि चीन हर साल करीब 1.5 करोड़ टन चीनी की खपत करता है, जिसमें से 50 लाख टन आयात करनी पड़ती है। गन्ना और चुकंदर की खेती के लिए बड़े पैमाने पर पानी और जमीन की ज़रूरत होती है। ऐसे में यह तकनीक खेती पर पड़ रहे जलवायु प्रभाव को भी कम कर सकती है। वैज्ञानिकों ने बताया कि उन्होंने 2021 में मेथनॉल बनाने की एक कम तापमान और अधिक कुशल विधि विकसित की थी। अब उसी के आधार पर कम कार्बन अणुओं को उच्च-कार्बन शर्करा में बदलने की सफलता मिली है। यह प्रणाली कम ऊर्जा इनपुट में 86फीसदी तक रूपांतरण क्षमता प्रदान करती है।



गाजा में एक राहत केन्द्र में खाने के लिए लगी भीड़ में परेशान नजर आयी एक लड़की।

# भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को तीसरे एकदिवसीय में हराकर 2-1 से सीरीज जीती



लंदन (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मेजबान इंग्लैंड को तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में 13 रनों से हराकर 2-1 से सीरीज जीत ली है। भारतीय महिलाओं ने इससे पहले टी20 सीरीज भी जीती थी। ये पहली बार है जब महिला टीम ने टी20 और एकदिवसीय दोनो ही सीरीज जीती हैं। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ भी इसी प्रकार एकदिवसीय और टी20 सीरीज जीतीं थीं। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर के शतक की सहायता से पांच विकेट पर 318 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 49.5 ओवरों में 305 रन ही बना पायी और उसे हार का सामना करना पड़ा। क्रांति गौड़ ने छह विकेट अपने नाम किए, जबकि श्री चरणी ने दो विकेट लिए। एक विकेट दीप्ति शर्मा को मिला।

भारतीय पारी की शुरुआत अच्छी रही। प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने पहले विकेट के लिए 64 रन बनाये। प्रतिका 26, जबकि मंधाना 45 रन बनाकर आउट हुईं। सलामी बल्लेबाजों के पवेलियन लौटने के बाद हरमनप्रीत ने हरलीन देओल के साथ तीसरे विकेट के लिए 81 रन बनाये। देओल ने 65 गेंदों में 45 रन बनाए। हरमनप्रीत ने जेमिमा रोड्रिग्स के साथ चौथे विकेट के लिए 110 रन बनाकर भारतीय टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। जेमिमा ने 50 रन जबकि हरमनप्रीत ने 84 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 102 रन बनाये। वहीं मेजबान टीम की तरफ से लॉरेन बेल, लॉरेन फाइलर, चार्ली डीन, सोफी एक्लेस्टोन और लिंसी स्मिथ ने एक-एक विकेट लिया। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही, उसने शुरुआत में ही दोनो विकेट खो दिये। इसके बाद एम्मा लैंब ने कप्तान नतालिया-साइवर-ब्रंट के साथ तीसरे विकेट के लिए 162 रन बनाकर टीम को संभालने का प्रयास किया पर लैंब के 68 रन जबकि ब्रंट के 98 रन पर आउट होने से टीम ढ़ह गयी। एलिस रिचर्ड्स ने 44, जबकि सोफिया डंकले ने 34 रन बनाए पर टीम को जीत नहीं दिला पायीं।

### हरमनप्रीत ने नई गेंदबाज क्रांति को दिया प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में शतक लगाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हरमनप्रीत को इसके लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी मिला पर पर उन्हें ये गेंदबाज क्रांति गौड को दे दिया। क्रांति ने इस मैच में 6 विकेट लेकर मेजबान टीम की बल्लेबाजी ध्वस्त कर दी थी। क्रांति के इस प्रदर्शन के लिए भले ही उन्हें अवार्ड नहीं दिया गया पर हरमनप्रीत कौर ने अपनी खिलाड़ी को स्पेशल फील कराया। की जमकर प्रशंसा करते हुए अपना प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी दे दिया। इसके अलावा जिस गेंद से उन्होंने 6 विकेट लिए थे, उस गेंद को भी साइन करके उनको सौंप दिया। बीसीसीआई वुमेन के सोशल मीडिया में आये एक वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी खिलाड़ी की कैसे सराहना की। हरमन अपनी ट्रॉफी लेकर क्रांति के पास पहुंचती हैं और कहती हैं, ये मैं तेरे साथ साझा करती हूं। साथ ही कहा , कि उसने करियर का एक शानदार स्पेल किया। वह डब्ल्यूपीएल और घरेलू क्रिकेट से जो अनुभव यहां लेकर आई हो, उसके लिए प्रशंसा होनी ही चाहिये। ये आपके लिए और टीम के लिए बड़ी उपलब्धि है। भारतीय टीम ने इस मैच में 13 रनों की जीत के साथ ही सीरीज भी अपने नाम की।

### मंधाना ने बनाया रिकार्ड

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में अपनी 45 रनों की पारी के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल कर ली है। इस पारी के साथ ही मंधाना इंग्लैंड में सबसे अधिक रन बनाने वाली विदेशी सलामी बल्लेबाज बन गयी हैं। मंधाना ने अब तक इंग्लैंड में पारी की शुरुआत करते हुए 715 रन बनाये हैं। ये अब तक किसी भी विदेशी सलामी बल्लेबाज के बनाए सबसे ज्यादा रन हैं।

तीसरे एकदिवसीय में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 318 रन बनाए। मंधाना के अलावा हरलीन देओल ने भी 45 रन की पारी खेली। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 84 गेंदों में 102 रन की तेज और शानदार शतकीय पारी खेली। जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतक लगाया। ऋचा घोष ने केवल 18 गेंद में 38 रन की आक्रामक नाबाद पारी खेली जिसमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल थे। जीत के लिए 319 रन का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 49.5 ओवर में 305 रन ही बना सकी। कप्तान नैट स्कीवर ब्रंट सिर्फ 2 रन से शतक नहीं बना पायीं। एम्मा लैंब ने 68 और एलिस डेविडसन रिचर्ड्स ने 44 रन बनाए। भारतीय टीम ने इस मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम की है।



जर्मनी में एफआईएसयू विश्व यूनीवर्सिटी गेम्स में महिलाओं के शॉट पुट फाइनल में खेलती हुई स्वीडन की एक्सलीना एलिन



जर्मनी में टेबल टेनिस के मिश्रित युगल मुकाबले में खेलती हुई चीनी जोड़ी।



जर्मनी में एफआईएसयू विश्व यूनीवर्सिटी गेम्स में जीत के बाद उत्साहित महिला पदक विजेता खिलाड़ी।

# धीमी ओवर गति के नियम की समीक्षा करे आईसीसी : स्टोक्स

लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के धीमी ओवर गति के नियम को गलत बताते हुए इसकी कड़ी आलोचना की है। स्टोक्स ने धीमी ओवर गति से संबंधी दस्तावेजों पर भी हस्ताक्षर नहीं किये हैं। भारत के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान भी उनकी टीम पर धीमी ओवर गति से जड़े नियम के कारण ही जुर्माना लगाया गया था। इसके अलावा उनके दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक भी काट लिए गये थे। इससे उसके कुल अंक कम होकर 22 रह गए हैं। इसके अलावा उसकी जीत का प्रतिशत भी कम हुआ है। स्टोक्स ने कहा कि आईसीसी को हालातों को देखते हुए ओवर गति के इन नियमों की समीक्षा करनी चाहिए। स्टोक्स ने कहा, ''मैं इसी लिए इससे जूड़े फॉर्म पर हस्ताक्षर नहीं कर रहा हूं। ओवर रेट ऐसी चीज नहीं है जिसकी मुझे चिंता है पर इसका मतलब यह नहीं है कि मैं जानबूझकर गति धीमी से गेंदबाज कर रहा हूं। मैं इससे जुड़ी परेशानी को समझता हूं पर ये भी सही है कि इसके तरीके पर गंभीरता से विचार करना होगा।'' उन्होंने आगे कहा, ''आप एक ही नियम एशिया और सभी जगहों के लिए नहीं रख सकते हैं। एशिया में स्पिन गेंदबाज लगभग 70 फीसदी ओवर फेंकते हैं। वहीं न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में 70-80 फीसदी ओवर तेज गेंदबाज डालते हैं। सभी जानते हैं कि स्पिनर को ओवर डालने में कम समय लगता है। ऐसे में विभिन्न महाद्वीपों में ओवर रेट का समय एक ही नहीं हो सकता।'' स्टोक्स का कहना है कि कई बार खेल की गति धीमी करने की जरूरत होती है और इसका प्रभाव भी ओवर रेट पर भी पड़ता है। वह पहले भी ओवर रेट को लेकर आवाज उठा चुके हैं। एक बार फिर से उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों से ओवर रेट में गिरावट आई है। मुझे हैरान है कि क्या यह रन गति के बढ़ने के कारण ऐसा हो रहा है। गेंद अक्सर बाउंड्री के पार जा रही है। इसमें जाहिर तौर पर काफी ज्यादा समय लगेगा।'' स्टोक्स ने कहा कि स्पिन गेंदबाज के चोटिल होने से भी ओवर रेट का मामला गड़बड़ा जाता है।

### करुण के पास अपने को साबित करने का अंतिम अवसर

आठ साल बाद इंग्लैंड दौरे से भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर अगर इस बार रन नहीं बना पाते हैं तो उनका करियर समाप्त हो जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले तीन टेस्ट मैचों में वह असफल रहे हैं। घरेल क्रिकेट में लगातार बेहतर प्रदर्शन के कारण उन्हें टीम में अवसर मिला था पर वह अब तक उसका लाभ नहीं उठा पाये हैं। सीरीज के शुरुआती तीनों मैच में वह प्रभावित नहीं कर पाये। अच्छी शुरुआत करने के बावजूद वह बड़े स्कोर नहीं बना पाये हैं उन्हें एक के बाद दूसरे और तीसरे टेस्ट में भी अवसर मिले। नायर ने मौजूदा सीरीज में अब तक 3 टेस्ट की 6 पारियों में 21.83 की औसत से 131 रन बनाए हैं। कप्तान शुभमन गिल ने चौथे टेस्ट से पहले करुण का बचाव करते हुए कहा, 'हां, हमने उससे बात की है लेकिन हम समझते हैं कि वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। इस तरह की सीरीज में कोई खिलाड़ी वापसी करता है तो वह कठिन होता है।

# रसेल ने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच में आक्रामक पारी खेली, प्रशंसकों का आभार जताया

जमैका (ईएमएस)। वेस्टइंडीज के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने अपने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच में आक्रामक पारी खेली हालांकि इस मैच में उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा जिससे उनकी विदायी फीकी पड़ गयी। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में जोश इंग्लिस की अर्धशतकीय पारी से आसानी से जीत हासिल कर की। इस मैच में सभी की नजरें रसेल पर लगी रहीं। उन्हें देखने के लिए भारी संख्या में प्रशंसक भी स्टेडियम में पहुंचे थे। इस विदायी पार्टी में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज इंग्लिस ने 33 गेंदों में ही 78 रन बनाए। रसेल ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह इस मैच के बाद खेल को अलविदा कह देंगे। वह सबीना पार्क में अपने घरेलू मैदान में विदाई मैच खेलना चाहते थे और उनका ये सपना पूरा हो गया। इस मैच में रसेल ने 15 गेंदों में 2 चौके और 4 छक्कों की मदद से 36 रन बनाये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 240 का था। वेस्टइंडीज टीम 20 ओवर में 172 रन बना पाई। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए मिले 173 रनों के लक्ष्य को 16वें



ओवर में ही हासिल कर लिया।

मैच के बाद रसेल ने कहा, मैं सभी प्रशंसकों को समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। घरेलू दर्शकों के सामने खेलकर बहुत खुशी हुई, परिणाम भले ही हमारे पक्ष में नहीं गया पर इतने सारे मैच खेलकर मैं खुश हूं और टीम के भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आप सभी के समर्थन के लिए में आभारी हूं, मुझे याद है कि हमने दो विश्व कप जीते थे पर अब अंत में मुझे लगता है कि अब आगे बढ़ने का समय आ गया था, हमारी टीम में कई अच्छे युवा खिलाड़ी हैं, शेफर्ड भी जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं और रदरफोर्ड, अल्ज़ारी और होल्डर जैसे खिलाड़ी भी हैं। सबीना पार्क में अपने करियर का समापन करना काफी अच्छा रहा, परिणाम हमारे पक्ष में नहीं गया पर यहीं क्रिकेट का यही खेल है। आपने हमारा बहुत साथ दिया है और आगे भी देते रहिए। रसेल ने 2011 में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू के बाद से ही 86 मैचों में 163.80 के स्ट्राइक रेट से कुल 1122 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 3 अर्धशतक भी लगाये। वहीं गेंदबाजी के दौरान उन्होंने 61 विकेट विकेट लिए। उनका सबसे अच्छा गेंदबाजी प्रदर्शन 19 रन देकर 3 विकेट रहा है। उन्होंने 56 एकदिवसीय ओर एक टेस्ट खेला है पर इन दोनो ही प्रारुपों में वह सफल नहीं रहे हैं।

# कंबोज को अश्विन ने जहीर और बुमराह जैसा गेंदबाज बताया

मुम्बई (ईएमएस)। दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने युवा तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज की प्रशंसा करते हुए उसे एक अच्छा गेंदबाज बनाया। अश्विन ने यहां तक कहा कि अंशुल की क्षमताएं जहीर खान और जसप्रीत बुमराह जैसे तेज गेंदबाज बनने की है। साथ ही कहा कि वह अच्छा गेंदबाज होने के साथ ही खेल में बेहतर रणनीति अपनाना भी जानता है।



अश्विन ने कहा, 'अंशुल की सबसे अच्छी बात यह है कि वह अपनी रणनीति को अच्छी तरह से समझता है। मैंने कई तेज गेंदबाजों को देखा है, अगर आप उनसे उनकी रणनीति के बारे में पूछते हैं, तो वे बस यही कहते हैं कि वे अपने को साबित करते हुए खेल का आनंद लेना चाहते हैं। वहीं दूसरी ओर अंशुल अपनी रणनीति को अच्छी तरह से समझता है और यह भी जानता है कि मैदान पर उस पर कैसे अमल करना है। अधिकतर तेज गेंदबाजों में यह गुण नहीं होता है। जहीर भी ऐसे तेज गेंदबाज थे जो अपनी रणनीति को समझते थे और उस पर अच्छी तरह से अमल करते थे। अश्विन ने कहा, ' वर्तमान समय में जसप्रीत बुमराह एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो रणनीति को अच्छी तरह से समझते हैं और उसपर अमल भी करते हैं। अंशुल भी इसी तरह का खिलाड़ी है। मैं कौशल की तुलना नहीं कर रहा हूं क्योंकि कौशल एक बहुत ही अलग चीज है।

## त्रिकोणीय टी20 सीरीज : सीफर्ट की आक्रामक पारी से न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

जोहांसबर्ग (ईएमएस)। सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट की आक्रमक पारी से न्यूजीलैंड ने त्रिकोणीय टी20 सीरीज में दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने आठ विकेट पर 134 रन बनाये। रीजा हेंड्रिक्स ने सबसे अधिक 41 रन बनाये। इसके बाद कीवी टीम की ओर से सीफर्ट ने 48 गेंदों पर ही नाबाद 66 रन बना दिये। जिससे टीम 16 ओवरों में ही 135 रनों के लक्ष्य तक पहुंच गयी। दोनों टीमों के बीव अब शनिवार को फाइनल मुकाबाला खेला जाएगा। वहीं जिम्बाब्वे की टीम लगातार तीन मैच हार कर पहले ही फाइनल की दौड़ से बाहर हो गयी थी। कीवी टीम की इस सीरीज में यह दक्षिण अफ्रीका पर दूसरी जीत है। उसने इससे पहले 21 रन से जीत हासिल की थी।

# सुंदर भविष्य में बेहतर ऑलराउंडर बनाकर उभरेगा : शास्त्री

मैनचेस्टर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रहे रवि शास्त्री ने वाशिंगटन सुंदर की जमकर सराहना ही है। शास्त्री के अनुसार सुंदर एक अच्छे गेंदबाज होने के साथ ही अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं। ऐसे में वह भविष्य में बेहतर ऑलराउंडर के तौर पर उभरेंगे। इसलिए उन्हें अधिक से अधिक अवसर दिये जाने चाहिये। इस स्पिनर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2021 में ब्रिसबेन में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से ही अब तक केवल 11 टेस्ट मैच खेले हैं। जिसमें उनके नाम 30 विकेट और 545 रन हैं। शास्त्री ने कहा, 'मुझे शुरूआत से ही सुंदर प्रतिभाशाली लगा। मैंने उसे पहली बार देखते ही जान लिया था कि वह एक अच्छा खिलाड़ी है और उसमें एक अच्छा ऑलराउंडर बनने



की क्षमताएं है। शास्त्री का मानना है कि इस क्रिकेटर को घरेलू धरती पर घूमती हुई पिचों पर लाल गेंद से अधिक मैच खेलने चाहिए थे। उन्होंने कहा, 'वह अभी सिर्फ 25 साल का है। मुझे लगता है कि उसे और ज़्यादा टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहिये था। भारत में जहां गेंद टर्न ले रही हो, वहां वह घातक साबित हो सकता है, जैसा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ उसने प्रदर्शन किया था। उसने कुछ सीनियर स्पिनरों से बेहतर प्रदर्शन किया था और इसके साथ ही वह अच्छा बल्लेबाज भी है। वाशिंगटन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 2024 की घरेलू टेस्ट सीरीज की चार पारियों में 16 विकेट लिए थे। शास्त्री ने उनकी बल्लेबाजी क्षमता की भी प्रशंसा की और कहा कि उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भी भेजा जा सकता है।

### स्टोक्स की तरफ भरोसा होता तो बड़े मैच विजेता होते जडेजा

रवि शास्त्री ने कहा है कि ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा की क्षमताओं पर उन्हें जरा भी संदेह नहीं है पर उनका मानना है कि अगर जडेजा को इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की तरह अपनी बल्लेबाजी पर अधिक भरोसा होता तो वह बड़े मैच विजेता होते। लॉर्ड्स में उनकी नाबाद 61 रनों की पारी की काफी तारीफ हुई पर शास्त्री उनकी पारी से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने कहा है कि अगर जडेजा को अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा भरोसा होता तो वह अब तक कई ऐसे मैचों में भारतीय टीम को जीत दिला चुके होते लॉर्ड्स टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में जडेजा ने 181 गेंदों में नाबाद 61 रन बनाए। इस मैच में एक समय भारतीय टीम ने 8 विकेट 112 रन पर खो दिये थे पर उसके बाद जडेजा ने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर भारत की पारी में 172 रन तक पहुंचाया हालांकि टीम 22 रन से लक्ष्य हासिल नहीं कर पायी। इसी को लेकर शास्त्री का कहना है कि शोएब बशीर और जो रूट जब गेंदबाजी कर रहे थे तब फील्डिंग फैली हुई थी, ऐसे में जडेजा को उनके ओवर में ही तेजी से रन बनाने चाहिये थे। उन्होंने कहा कि भारत ने रनों के अंतर को 40 के करीब लाने में काफी समय लगा दिया। वहीं स्टोक्स की बात करते हुए शास्त्री ने कहा, अगर जडेजा के पास स्टोक्स के विश्वास का 40 फीसदी भी होता तो वह और ज्यादा मैच जिताते क्योंकि उनकी प्रतिभा पर किसी को संदेह नहीं है। बस उन्हें जरूरत के हिसाब से अपना खेलने का तरीका बदलना होगा। अगर उन्हें भरोसा है कि वह ऐसा कर सकते हैं तो वह सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में तीन तिहरे शतक लगाए हैं। उन्हें अपनी बल्लेबाजी क्षमता पहचानने में भी समय लगा। लॉर्ड्स टेस्ट में अगर भारत जीत गया होता तो जडेजा की पारी की तुलना इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की 6 साल पहले एशेज सीरीज में खेली ऐतिहासिक पारी से होती।

## डिविलियर्स की आक्रामक पारी से दक्षिण अफ्रीकी चैम्पियंस ने इंडिया चैम्पियंस को हराया

लंदन (ईएमएस)। स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स की आक्रामक पारी से वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में दक्षिण अफ्रीकी चैम्पियंस ने इंडिया चैम्पियंस को हरा दिया। इस मैच का आकर्षण डिविलियर्स की पारी रही। इस बल्लेबाज ने 30 गेंद में ही नाबाद 63 रन बनाये। इस दौरान उन्होंने 4 छक्के और 3 चौके लगाए। इससे पता चलता है डिविलियर्स का अंदाज संन्यास के बाद भी नहीं बदला। उनकी बल्लेबाजी से दक्षिण अफ्रीकी चैम्पियंस की टीम निर्धारित 20 ओवर के खेल में 6 विकेट के नुकसान पर 208 रन का स्कोर बनाया जिसका पीछा करते हुए इंडिया चैम्पियंस 111 रन ही बना पायी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद भी डिविलियर्स की बल्लेबाजी में बदलाव नहीं आया। उन्होंने अपने खास अंदाज में 360 डिग्री शॉट खेलकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। डिविलियर्स की शानदार बल्लेबाजी के कारण ही दक्षिया अफ्रीकी चैम्पियंस ने वर्षा बाधित इस मैच में 88 रन से जीत हासिल की है। डिविलियर्स ने इस मैच में जबरदस्त फील्डिंग की। उन्होंने युसुफ पठान का कैच जिस तरह से लिया उसे देख सभी हैरान रह गये। 41 साल की उम्र में भी डिविलियर्स ने गजब की तेजी दिखायी और लंबी दौड़ लगाकर डाइव करते हुए उन्होंने शानदार कैच लिया। डिविलियर्स का यह कैच अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं इंडिया चैंपियंस की बल्लेबाजी बहुत ही खराब रही। दोनों ओपनर बल्लेबाज मिलकर सिर्फ 3 रन ही बना पाये। इसके बाद पूरी टीम बड़ी मुश्किल से 100 रनों के ऊपर पहुंची।

## एकल मैच जीतने वाली सबसे उम्रदराज महिला बनीं वीनस विलियम्स

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका की महिला टेनिस स्टार वीनस विलियम्स ने 45 साल की उम्र में एकल मैच जीतकर एक उपलब्धि अपने नाम की है। इसी के साथ ही वीनस पेशेवर टेनिस में टूर-स्तरीय एकल मैच जीतने वाली विश्व की दूसरी सबसे अधिक उम्र की महिला बन गई हैं। इस मामले में पहले नंबर पर मार्टिना नवरातिलोवा हैं। नवरातिलोवा ने 47 की उम्र में एकल मुकाबला जीता था।वीनस ने डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने से 22 साल छोटी पीटन स्टर्न्स को 6-3, 6-4 से हराया है।वीनस ने जीत के बाद कहा 'जब मैं अभ्यास कर रही थी तो सोच रही थी कि हे भगवान, मुझे नहीं पता कि मैं अब भी अच्छी खिलाड़ी हूं या नहीं। फिर कुछ ऐसे अवसर भी आते थे जब मुझे अपने खेल पर भरोसा होता था। यहां तक कि पिछले सप्ताह भी मैं सोच रही थी कि मुझे अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है या नहीं। इसलिए यह पूरा दिमाग का खेल है ये अब साफ हो गया है। गौरतलब है कि वीनस एक साल से भी अधिक समय बाद किसी टूर्नामेंट में भाग ले रही है।

## फुटबॉलर से डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर बने गोल्डबर्ग



अटलांटा (ईएमएस)। हाल में अपना अंतिम मुकाबला खेलने वाले डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर बिल गोल्डबर्ग शुरुआत में फुटबॉलर थे। गोल्डबर्ग का बचपन अमेरिका के तुलसा, ओक्लाहोमा में बीता। उन्होंने शुरुआत से लेकर हाई स्कूल तक फुटबॉल खेला। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ जॉर्जिया में भी फुटबॉल खेलते हुए टीम में अपनी अलग पहचान बनाई। बाद में वह एनएफएल के अटलांटा फाल्कन्स की ओर से खेलने लगे। इस टीम से उन्होंने कई मैच खेले पर चोटिल होने के कारण उनका फुटबॉल करियर बीच में ही रुक गया। ऐसे में गोल्डबर्ग पर्सनल ट्रेनर बन गए। इसी दौरान उन्हें लैरी शार्प नाम के एक रेसलिंग ट्रेनर ने डब्ल्यूडब्ल्यूई में किस्मत आजमाने को कहा। शार्प को गोल्डबर्ग में रेसलरों सी ताकत और एथलेटिक्स लुक नजर आया। गोल्डबर्ग ने शार्प की बात मानी और उनके रेसलिंग स्कूल मॉन्स्टर में प्रवेश ले लिया। 1990 के दशक में गोल्डबर्ग की चर्चाएं शुरु हो गयीं। वह वर्ल्ड चैंपियनशिप रेसलिंग में 173-0 की रिकॉर्ड जीत से लोकप्रिय हुए। वह अपनी ताकत और तेजी के लिए जाने जाते थे। गोल्डबर्ग 2003 में डब्ल्यूडब्ल्यूई में शामिल हुए। वहां भी उन्होंने खूब नाम कमाया। 2018 में उन्हें डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। फुटबॉल में चोट लगने से गोल्डबर्ग का करियर समाप्त हुआ था पर उन्हें इससे रेसलिंग में आने का अवसर मिला। वह अपना अंतिम मुकाबला इजराइल में खेलना चाहते थे पर सैन्य तनाव के कारण ये मैच रद्द हो गया था। जिससे उन्हें काफी निराशा भी हुई । 58 साल के गोल्डबर्ग का यह आखिरी मैच तेल अवीव में होने वाला था जो बाद में इसी माह अटलांटा में हुआ।

## आईएसएल इसी प्रकार स्थागित रहा तो फुटबॉल पीछे चला जाएगा: छेत्री



कोलकाता (ईएमएस)। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री का मानना है कि इंडियन सुपर लीग ( आईएसएल) के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित बने रहने से देश में फुटबॉल को नुकसान होगा। छेत्री के अनुसार इससे खिलाड़ियों में संशय के हालात हैं। इससे प्रशंसकों में भी कई आशंकाएं हैं। छेत्री इस लीग में बेंगलुरु एफसी की ओर से खेलते हैंऔर अनका कहना है कि कई लोगों ने उनसे संपर्क कर देश में फुटबॉल के भविष्य को लेकर चिन्ताएं जतायी हैं। साथ ही कहा कि इससे खेल में उभर रहीं प्रतिभाओं का भी मनोबल गिरेगा। इस स्टार फुटबॉलर ने कहा , मुझे सबसे पहले ये चिंता हुई कि मेरे पास खेल का जो समय बचा है उसमें मुझे क्या करना होगा। इसके बाद कई क्लबों के खिलाड़ियों से बात करने के बाद मुझे लगा कि मेरी समस्या उतनी बड़ी नहीं है। भारतीय फुटबॉल की वर्तमान स्थिति बहुत चिंताजनक है। मुझे न केवल मेरे क्लब से, बल्कि अन्य क्लबों से भी खिलाड़ियों, स्टाफ सदस्यों, फिजियो, आदि के कई संदेश मिले हैं। छेत्री ने कहा कि, भारतीय फुटबॉल में अभी जो स्थिति बनी हुई है , वैसी पहले कभी नहीं थी। इसी कारण इस खेल से जुड़े लोग चिंतित, और घबराये हुए हैं। गौरतब है कि आयोजकों और अखिर भारतीय फुटबॉल महासंघ के बीच करार का नवीनीकरण नहीं होने से 2025-26 के सत्र को अनिश्चितता के लिए स्थगित कर दिया गया है। आईएसएल लीग आमतौर पर सितंबर से अप्रैल तक चलती है ।

## चाइना ओपन बैंडमिंटन से विश्व चैंपियनशिप के लिए लय हासिल करना चाहेंगे सात्विकसाईराज और चिराग

बीजिंग (ईएमएस)। पेरिस में 25 से 31 अगस्त तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप को देखते हुए भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी का लक्ष्य चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। सात्विकसाईराज और चिराग चाइना ओपन के जरिये विश्व चैंपियनशिप से पहले लय हासिल करना चाहेंगे। अभी ये जोड़ी विश्व में 15वें स्थान पर हैं। वहींअभी तक ये जोड़ी इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंची है पर अभी तक फाइनल में पहुंचने में असफल रही हैं। यही नहीं इस जोड़ी को पिछले सप्ताह जापान ओपन में चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हार का सामना करना पड़ा था।। चाइना ओपन में इस जोड़ी का पहला मुकाबला जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा की जोड़ी से होगा। वहीं एकल वर्ग में लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और महिला वर्ग में शीर्ष खिलाड़ी पीवी सिंधु भी इस टूर्नामेंट से फार्म वापस पाने की उम्मीद करेंगे। लक्ष्य पिछले सप्ताह जापान ओपन में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। यहां उनका पहला मुकाबला चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त ली शी फेंग से होगा। वहीं पुरुष एकल में प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे का मुकाबला करेंगे। सिंधु पिछले सप्ताह वह कोरिया की सिम यू जिन से हार गईं थी। यह इस वर्ष पांचवा अवसर था जबकि वह पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। सिंधु का पहला मुकाबला जापान की छठी वरीयता प्राप्त 18 वर्षीय पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन तोमोका मियाजाकी से होगा। महिला एकल में उन्नति हुड्डा का पहले दौर में स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर से मुकाबला होगा, जबकि अनुपमा उपाध्याय चीनी ताइपे की लिन सियांग टी खेलेंगी।

# इनकम टैक्स को समझना और आसान होगा:एक्ट में शब्दों को आधा कर 2.5 लाख कर रही सरकार; टैक्स रेट में कोई बदलाव नहीं होगा

**मुंबई**: सरकार टैक्स कानूनों को आसान बनाने के लिए नया इनकम टैक्स बिल लेकर आ रही है। इसमें टैक्सपेयर्स की सुविधा के लिए इनकम टैक्स एक्ट के शब्दों की संख्या को लगभग 50 फीसदी घटाकर करीब 5 लाख से 2.5 लाख किया गया है। सांसद और फाइनेंस सिलेक्ट कमेटी के चेयरमैन बिजयंत जय पांडा ने मंगलवार को इस कानूनी बदलाव के बारे में बात करते हुए कहा कि नए ड्राफ्ट बिल में इनकम टैक्स एक्ट में बहुत ही आसान फॉर्मूले और टेबल दिए गए हैं ताकि यह और सरल हो जाए।



### टैक्स पॉलिसी और दरों में कोई बदलाव नहीं

पांडा ने कहा, इस बिल में इनकम टैक्स पॉलिसी या टैक्स रेट्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हमने ऐसा सोचा भी नहीं था। फिलहाल, इस उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कानून सरल हो। सोमवार (21 जुलाई) को पांडा ने नए इनकम टैक्स बिल पर सिलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट लोकसभा में पेश की थी। रिपोर्ट में इनकम टैक्स से जुड़ीं परिभाषाओं को और सरल और स्पष्ट करने के लिए महत्वपूर्ण बदलावों का सुझाव दिया है।

### इस बिल में क्या खास है?

इस काम में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के करीब 150 अफसरों की कमेटी लगी थी। नए बिल को अंतिम रूप देने में 60 हजार से ज्यादा घंटे लगे। इनकम टैक्स बिल को आसान, समझने लायक बनाने और गैर-जरूरी प्रावधान हटाने के लिए 20,976 ऑनलाइन सुझाव मिले। इनका विश्लेषण किया गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मशविरा किया गया। ऐसे संशोधन कर चुके ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन से भी सलाह ली गई। 2009 और 2019 में इस संदर्भ में तैयार किए गए दस्तावेजों का अध्ययन भी किया गया। नया इनकम टैक्स बिल गुरुवार, 13 फरवरी को लोकसभा में पेश किया गया। 622 पन्नों वाला बिल 6 दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को रिप्लेस करेगा। प्रस्तावित कानून को आयकर अधिनियम 2025 कहा जाएगा और अप्रैल 2026 में प्रभावी होने की उम्मीद है।

### नए टैक्स बिल की 4 बड़ी बातें...

इनकम टैक्स बिल में असेसमेंट ईयर को टैक्स 'ईयर' से रिप्लेस किया गया है। बिल के पन्ने 823 से घटकर 622 रह गए हैं। हालांकि, चैप्टर्स की संख्या 23 ही है। सेक्शन 298 से बढ़ाकर 536 कर दिए गए हैं और शेड्यूल्स भी 14 से बढ़कर 16 हो गए है।

क्रिप्टो एसेट्स को किसी भी अनडिस्क्लोज्ड इनकम के तहत गिना जाएगा, जैसे अभी नकदी, बुलियन और ज्वेलरी को शामिल किया जाता है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि डिजिटल ट्रांजैक्शन को भी पारदर्शी और कानूनी तरीके से कंट्रोल किया जा सके।

बिल में टैक्सपेयर्स चार्टर को शामिल किया गया है, जो टैक्स पेयर्स के अधिकारों को प्रोटेक्ट करेगा और टैक्स प्रशासन को ज्यादा ट्रांसपेरेंट बनाएगा। यह चार्टर टैक्सपेयर्स के हितों की रक्षा करने के साथ टैक्स अधिकारियों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को भी साफ करेगा।

सैलरी से संबंधित कटौतियां, जैसे कि स्टैंडर्ड डिडक्शन, ग्रेच्युटी और लीव एनकैशमेंट को अब एक ही जगह पर लिस्ट कर दिया गया है। पुराने कानून में मौजूद मुश्किल एक्सप्लेनेशन और प्रावधानों को हटा दिया गया है, जिससे टैक्सपेयर्स के लिए इसे समझना आसान हो जाएगा।

1 फरवरी को पेश बजट में इनकम टैक्स को लेकर बड़ी राहत दी गई। न्यू टैक्स रिजीम के तहत अब 12 लाख रुपए तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ यह छूट 12.75 लाख रुपए हो जाएगी। न्यू टैक्स रिजीम के स्लैब में भी बदलाव किया गया है। पुरानी टैक्स रिजीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# एडीबी ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर अनुमान घटाकर 6.5 फीसदी किया

### - भारत अब भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है




नई दिल्ली (ईएमएस)। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अपने पूर्वानुमान को घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है, जो अप्रैल में जारी अनुमान 6.7 प्रतिशत से कम है। यह संशोधन मुख्य रूप से अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क और उससे जुड़ी नीतिगत अनिश्चितताओं के कारण किया गया है। इन शुल्कों और वैश्विक आर्थिक मंदी के प्रभाव से भारतीय निर्यात पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ने के साथ ही निवेश प्रवाह भी प्रभावित हो सकता है। जुलाई के एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में कहा गया है कि हालांकि वैश्विक आर्थिक चुनौतियां बनी हुई हैं, भारत अब भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। घरेलू आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की मांग में सुधार के कारण घरेलू खपत में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। सेवा और कृषि क्षेत्र को वृद्धि के मुख्य स्तंभ माना गया है। विशेष रूप से, सामान्य से अधिक मानसूनी वर्षा होने की संभावना कृषि क्षेत्र को सहारा देगी और उसकी वृद्धि को बढ़ावा देगी। एडीबी ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.7 प्रतिशत रखा है। साथ ही, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के शुरुआती संकेत भी आर्थिक गतिविधियों के लिए सहायक हो सकते हैं।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए अपनी वृद्धि दर के अनुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है, जो एडीबी के संशोधित आंकड़े के समान है।इस तरह, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है, लेकिन अमेरिका के शुल्क और नीतिगत बदलावों से सतर्क रहने की जरूरत बनी हुई है।

# 16वें वित्त आयोग को स्थानीय निकायों को अधिक धन आवंटित करने पर ध्यान देना चाहिएः राजन

### स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सुलझाने में मदद मिलेगी



नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि 16वें वित्त आयोग को स्थानीय निकायों, जैसे नगर पालिकाओं और पंचायतों को अधिक धनराशि आवंटित करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उनका मानना है कि इससे स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सुलझाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि पहले के वित्त आयोगों ने मुख्य रूप से राज्यों को धनराशि दी है, लेकिन अब राज्यों से स्थानीय निकायों को धन हस्तांतरण की आवश्यकता है। राजन ने चीन और अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा कि उन देशों में स्थानीय सरकारी कर्मचारियों की संख्या भारत की तुलना में कहीं अधिक है, जिससे वहां के स्थानीय प्रशासन मजबूत होते हैं। उन्होंने भारत जैसे विशाल देश में विकेंद्रीकरण की जरूरत पर जोर दिया, ताकि प्रशासनिक और निर्णय लेने की जिम्मेदारियां केंद्र से लेकर राज्यों और स्थानीय निकायों तक पहुंचें। राजन ने सुझाव दिया कि वित्त आयोग को स्थानीय निकायों को धन आवंटित करने के लिए प्रलोभन और दंड का भी उपयोग करना चाहिए।

इसके अलावा 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने बताया कि अधिकांश राज्यों ने केंद्र से कर राजस्व में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है, जबकि वर्तमान में यह 41 प्रतिशत है। राजन ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) पर कहा कि इस योजना के प्रभाव को मापने के लिए सार्वजनिक आंकड़े अभी सीमित हैं। हालांकि मोबाइल फोन के निर्यात में वृद्धि हुई है, लेकिन रोजगार सृजन में बड़े बदलाव नहीं दिखे हैं। उन्होंने कहा कि भारत को दुर्लभ खनिजों के मामले में रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और कहा कि कश्मीर में दुर्लभ खनिजों के भंडार मौजूद हैं, जिन्हें देश के विकास में उपयोग किया जा सकता है।

## राज्य को जीएसटी राजस्व में कोई नुकसान नहीं: मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत

पणजी (ईएमएस)। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा है कि राज्य के बाहर स्थित कॉर्पोरेट कार्यालयों के माध्यम से कंपनियों द्वारा बिक्री और बिलिंग करने से गोवा को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व में कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने यह बात गोवा विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी के विधायक जीत अरोलकर के सवाल के जवाब में कही। अरोलकर ने यह पूछा था कि क्या राज्य के बाहर 'बिक्री बिंदु' घोषित करने वाली कंपनियों के कारण, जिनकी विनिर्माण गतिविधि गोवा में होने के बावजूद, गोवा सरकार को जीएसटी राजस्व का नुकसान हुआ है। इस पर मुख्यमंत्री सावंत ने स्पष्ट किया कि जीएसटी प्रणाली एक उपभोग आधारित कर व्यवस्था है, जो 1 जुलाई 2017 से लागू है। इस व्यवस्था के तहत कर उस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश को मिलता है जहां वस्तु या सेवा का वास्तविक उपभोग होता है। सावंत ने कहा कि इसलिए कंपनियों द्वारा बिक्री और बिलिंग का स्थान चाहे राज्य के बाहर हो, इसका गोवा के जीएसटी राजस्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। उन्होंने आगे बताया कि गोवा में निर्मित वस्तुओं पर कर उस राज्य को मिलेगा जहां उनका उपभोग होता है। अगर गोवा में निर्मित वस्तुओं का उपभोग गोवा में होता है तो उस पर कर गोवा को ही मिलेगा। इसी प्रकार, जो वस्तुएं अन्य राज्यों में उपभोग होती हैं, उनका कर उस संबंधित राज्य को जाएगा।

# मिंत्रा पर 1654 करोड़ की गड़बड़ी का केसः इंडी ने विदेशी निवेश के गलत उपयोग का आरोप लगाया

**नई दिल्ली**: ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म मिंत्रा और उसकी सहयोगी कंपनियों पर प्रवर्तन निदेशालय (इंडी) ने फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के उल्लंघन का केस दर्ज किया है। यह मामला करीब 1,654 करोड़ रुपए के विदेशी मुद्रा उल्लंघन से जुड़ा है। इंडी को जानकारी मिली थी कि मेसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड और उसकी सहयोगी कंपनियां होलसेल कैश एंड कैरी के नाम पर मल्टी ब्रांड रिटेल कारोबार कर रही थीं। ये विदेशी निवेश (FDI) की नीति के खिलाफ है। सूत्रों का कहना है कि इंडी ने कंपनी के कुछ दस्तावेज और फाइनेंशियल रिकॉर्ड्स की भी छानबीन शुरू कर दी है। यह देखा जा रहा है कि क्या मिंत्रा ने विदेशी फंड्स का इस्तेमाल गलत तरीके से किया या नियमों को दरकिनार किया।




### क्या है फेमा एक्ट?

एफईएमए के तहत इस बात कि निगरानी की जाती है कि कोई भी कंपनी या व्यक्ति विदेशी पैसों का गलत इस्तेमाल न करे, जैसे मनी लॉन्ड्रिंग या टैक्स चोरी। यह विदेशी निवेश और व्यापार को आसान बनाता है, लेकिन इसे नियमों के दायरे में रखता। फेमा में भारत के सभी विदेशी मुद्रा लेनदेन के लिए प्रक्रियाओं की रूपरेखा दी गई है। इस अधिनियम के तहत ईडी को विदेशी मुद्रा कानूनों और नियमों के संदिग्ध उल्लंघनों की जांच करने, उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने और उन पर जुर्माना लगाने की जिम्मेदारी दी गई है।

### फ्लिपकार्ट मिंत्रा की पेरेंट कंपनी

फ्लिपकार्ट मिंत्रा की पेरेंट कंपनी है। 2014 में, मिंत्रा को फ्लिपकार्ट ने 2,000 करोड़ रुपए में खरीदा था। जिस समय फ्लिपकार्ट ने मिंत्रा को खरीदा था। उस समय उसके पास 1,000 ब्रांड के कुल 1,50,00 प्रोडक्ट थे। कंपनी का स्ट्रक्चर चेंज नहीं किया गया, वह आज भी इंडिपेंडेंट ही काम करती है।

### मिंत्रा के पास 4 करोड़ ट्रांजेक्शन करने वाले कस्टमर्स

मिंत्रा के पास एक स्ट्रांग यूजर बेस है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी के पास करीब 4 करोड़ ट्रांजेक्शन करने वाले कस्टमर्स हैं। मिंत्रा का वित्त वर्ष 2021-22 में ऑपरेशंस से रेवेन्यू 3,501 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2023 में यह सालाना आधार पर 25% बढ़कर 4,375 करोड़ रुपए हो गया था।

## दैनिक पंचांग

**24 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| **सूर्य** | कर्क में | **सिंह** | 07.14 बजे से |
| **चंद्र** | मिथुन में | **कन्या** | 09.26 बजे से |
| **मंगल** | सिंह में | **तुला** | 11.37 बजे से |
| **बुध** | कर्क में | **वृश्चिक** | 13.52 ब.से |
| **गुरु** | मिथुन में | **धनु** | 16.08 बजे से |
| **शुक्र** | वृष में | **मकर** | 18.13 बजे से |
| **शनि** | मीन में | **कुंभ** | 19.59 बजे से |
| **राहु** | कुंभ में | **मीन** | 21.32 बजे से |
| **केतु** | सिंह में | **मेष** | 23.03 बजे से |
| **राहुकाल** 1.30 से 3.00 बजे तक | | **वृष** | 00.43 बजे से |
| | | **मिथुन** | 02.41 बजे से |
| | | **कर्क** | 04.54 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 205 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 00.41 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पुनर्वसु 16.44 बजे को समाप्त। **योग** हर्षण 09.51 बजे को समाप्त। **करण** चतुष्पद 13.32 बजे तदनन्तर नाग 00.41 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 51' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872415 **जूलियन दिन** 2460880.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 28 **विशेष** श्रावण अमावस्या, हरियाली अमावस्या, आदि अमावसई।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| **शुभ** | 05.54 से 07.22 बजे तक | **अमृत** | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| **रोग** | 07.22 से 08.51 बजे तक | **चर** | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| **उद्वेग** | 08.51 से 10.19 बजे तक | **रोग** | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| **चर** | 10.19 से 11.47 बजे तक | **काल** | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| **लाभ** | 11.47 से 01.15 बजे तक | **लाभ** | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| **अमृत** | 01.15 से 02.43 बजे तक | **उद्वेग** | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| **काल** | 02.43 से 04.11 बजे तक | **शुभ** | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| **शुभ** | 04.11 से 05.40 बजे तक | **अमृत** | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7356

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 |
| | ■ | ■ | 5 | 6 | 7 | | ■ | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | | ■ | ■ | |
| ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | | ■ | 16 | | | ■ |
| 17 | | | ■ | 18 | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | 20 | | ■ | ■ | 21 | 22 |
| | ■ | 23 | | | 24 | ■ | ■ | |
| 25 | | | ■ | ■ | 26 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. अँगरखा-4
3. मान-सम्मान, इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद, नियामत-4
8. केश-2
10. कसम, प्रतिज्ञा, वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. माँड़ी, स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम, केश-2
20. अधिकार, आरोप-2
21. सतह, स्तर, पटल-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. सभ्यीकरण, विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनोखा, विचित्र, विलक्षण-3
2. नया, नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन, प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढ़ेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल, कालकोठरी-4
18. शोर, ध्वनि, कंपन्न-3
20. ताप, शवदाह-2
22. यज्ञ, आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

**शब्द पहेली - 7355 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | न | ब | न | ■ | सौ | ■ | ■ |
| ■ | प | ■ | री | ■ | स | त | ल | ज |
| जि | रा | फ | ■ | द | म | न | ■ | ल |
| ■ | ध | र | ती | ■ | झ | ■ | रा | ज |
| फि | ■ | क | मा | नी | दा | र | ■ | ला |
| त | न्हा | ■ | र | ■ | र | ह | म | ■ |
| र | ■ | म | दा | री | ■ | ना | र | द |
| त | र | का | री | ■ | जा | ■ | घ | ■ |
| ■ | ■ | न | ■ | प | न | घ | ट | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 6897

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 20 | 22 | 22 | ■ | 23 | 16 | 11 | 18 | ■ |
| 14 | 3 | | 7 | ■ | 8 | | 4 | | 26 |
| 14 | | 7 | | ■ | | 7 | | 3 | 23 |
| 17 | 8 | | 7 | ■ | 3 | | 2 | | 15 |
| 28 | | 9 | | 7 | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | | 2 | | 7 | | 27 |
| 18 | | 3 | | 5 | ■ | 6 | | 3 | 16 |
| 17 | 6 | | 5 | | ■ | | 6 | | 19 |
| 23 | | 8 | | 4 | ■ | 6 | | 7 | 21 |
| ■ | 13 | 15 | 19 | 23 | ■ | 22 | 28 | 26 | ■ |

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

**अंकजाल 6896 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 14 | 23 | 22 | ■ | 32 | 14 | 19 | 13 | ■ |
| 14 | 2 | 7 | 5 | ■ | 5 | 4 | 9 | 7 | 25 |
| 16 | 5 | 3 | 8 | ■ | 2 | 7 | 3 | 4 | 16 |
| 15 | 2 | 6 | 7 | ■ | 9 | 3 | 7 | 2 | 21 |
| 26 | 5 | 7 | 2 | 5 | 7 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 8 | 9 | 2 | 3 | 8 | 30 |
| 21 | 5 | 6 | 7 | 3 | ■ | 6 | 4 | 5 | 15 |
| 16 | 2 | 5 | 6 | 3 | ■ | 7 | 8 | 8 | 23 |
| 23 | 5 | 8 | 6 | 4 | ■ | 6 | 8 | 7 | 21 |
| ■ | 12 | 19 | 19 | 23 | ■ | 21 | 23 | 28 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 5841

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 7 | | | 5 | |
| 2 | 28 | | 40 | 7 | 35 | |
| | | 5 | 6 | 4 | | 3 |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| 4 | 2 | | | | 1 | 7 |
| | 31 | 2 | 24 | 1 | 30 | |
| 7 | | 1 | 4 | | | 5 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 5840 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली - 5201

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 2 | | 5 | | 2 | = | 40 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 4 | | 80 | | 50 | = | 30 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 80 | | 5 | | 50 | | 25 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 20 | | 4 | | 4 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 50 | | 20 | | 39 | | 23 | = | 0 / 8 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

### संकेत

*खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.*

**गणित पहेली - 5200**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | + | 10 | x | 2 | + | 10 | = | 50 |
| + | ■ | x | ■ | + | ■ | + | ■ | + |
| 5 | x | 5 | - | 5 | + | 15 | = | 35 |
| - | ■ | + | ■ | + | ■ | x | ■ | + |
| 15 | x | 4 | + | 10 | ÷ | 2 | = | 35 |
| + | ■ | - | ■ | - | ■ | + | ■ | - |
| 30 | - | 25 | x | 10 | + | 12 | = | 62 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 30 | + | 29 | + | 7 | - | 62 | = | 58 / 4 |

## शब्दजाल - 6888

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | ल | इं | दि | रा | गां | धी | इं | ल | ज |
| र | ट | ल | दे | व | गौ | ड़ा | इं | द्र | ट | वा |
| त | स | ल | ल | र्म | छ | मो | रा | कु | ख | ह |
| च | ज | ज | बि | पु | र | रा | प | मा | ली | र |
| म | र | दो | ग | हा | लं | र | तू | र | झ | ला |
| न | क | ण | प | ह | री | जी | ना | गु | घ | ल |
| मो | अ | स | सिं | या | प | दे | श | ज | ला | ने |
| ह | ता | दा | ई | ह | ब | सा | फ | रा | श | ह |
| न | बा | चे | न | ब्रा | जी | ई | री | ल | प | रु |
| सिं | पा | ला | ल | ब | हा | दु | र | शा | स्त्री | ता |
| ह | रा | जी | व | गां | धी | रा | बा | द | प | न |

*शब्द जाल में भारत के 10 प्रधानमंत्रियों के नाम नाम ढूंढिए.नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

जवाहरलाल नेहरु, लालबहादुर शास्त्री, चरण सिंह, मोरारजी देसाई, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, अटलबिहारी, मनमोहन सिंह, इंद्रकुमार गुजराल, देवगौडा

**शब्दजाल - 6887 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | म | र | यु | दो | प | र | तू | ग | झ | दो |
| ज | अ | ल | प | मु | रिं | शो | ना | दि | शा | आं |
| अं | इ | नु | म | ल | दा | ल | ध | र | ला | खें |
| ती | कु | दा | रा | धा | ब | क | प | रि | श | बा |
| स | ति | श | न्न | धा | क | ब | री | ग | वी | र |
| री | रं | ल | प | व | लि | र्त | ऐ | ती | प | ह |
| क | गा | ल | श | गा | प | म | क्रां | कौ | या | हा |
| स | बा | अ | र्जा | त | क | छ | प्प | ग | श | थ |
| म | स | मि | तें | व | न | ज | मु | शा | जू | द |
| द | र | ल | श | ह | र | औ | र | स | प | ना |
| थो | ड़ | सा | रु | बा | घ | ब | हा | दु | र | क |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का इतिहास

1946 अमरीका ने पानी के भीतर परमाणु परीक्षण किया.

1969 अपोलो प्रशांत महासागर में सुरक्षित उतरा.

1971 सुडान में आपात स्थिति लागू.

1973 जापानी विमान के चार अपहर्ताओं ने यात्रियों को रिहा कर विमान को उड़ा दिया बाद में उन्हें लीबिया में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया.

1976 अमरीकी अंतरिक्ष यान वाइकिंग-1 मंगल ग्रह पर उतरा.

1977 मिस्त्र ने अपने सैनिकों से लीबिया के खिलाफ जंग रोक देने को कहा.

1991 मोजाम्बिक में विद्रोहियों ने एक हजार से अधिक ग्रामीणों को मौत के घाट उतार दिया.

1993 रूस ने रूबल के अवमूल्यन की घोषणा की.

2002 पद त्याग की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति के. आर. नारायणन ने राष्ट्र को संबोधित किया.

## संक्षिप्त खबरें...

### श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में पांच दिवसीय श्री कृष्ण बीतक कथा का आयोजन 27 जुलाई से



**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग रांची में एक दिव्य और भव्य धार्मिक आयोजन 27 जुलाई से 31 जुलाई तक मंदिर परिसर में पांच दिवसीय श्रीकृष्ण बीतक कथा का आयोजन किया जाएगा, जो आध्यात्मिक श्रद्धालुओं के लिए एक अनुपम अवसर होगा। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि इस आयोजन में कथा वाचन का सौभाग्य विदुषी साध्वी मीणा महाराज एवं विदुषी साध्वी पूर्णा महाराज को प्राप्त होगा। दोनों साध्वीगण अपनी मधुर वाणी, गहन आध्यात्मिक अनुभव और श्रद्धा से परिपूर्ण भावों के माध्यम से श्रीकृष्ण लीला, रासोत्सव, भक्ति योग एवं जीवन दर्शन की व्याख्या करेंगी। श्रीकृष्ण बीतक कथा, केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह आत्मा के शुद्धिकरण, मन की शांति और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला एक महायज्ञ है। इस कथा में भगवान श्रीकृष्ण के बाल्यकाल, युवावस्था, गीता ज्ञान, रासलीला एवं उनके अद्भुत चरित्र की व्याख्या की जाएगी। विशेषकर आज के युग में श्रीकृष्ण के उपदेश, धर्म के प्रति उनका समर्पण और निष्काम कर्म की भावना युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकती है।कथा प्रत्येक दिन अपराह्न -2.30 बजे से संध्या 5 बजे तक होगा और अंत में सामूहिक आरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं, भक्तों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस आध्यात्मिक महोत्सव में सपरिवार पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करें और भक्ति रस में सराबोर हों। यह कथा न केवल धार्मिक उन्नति का माध्यम है, बल्कि जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का भी श्रेष्ठ अवसर है।

### दि न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी ने सर दोराब जी टाटा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाया अपना 107 वाँ स्थापना दिवस



जमशेदपुर। दि न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी ने अपने संस्थापक सर दोराब जी टाटा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दिनांक 23 सितंबर को अपना 107 वाँ स्थापना दिवस मनाया । इस अवसर पर न्यू इंडिया एश्योरेंस जमशेदपुर शाखा के मुख्य प्रबंधक निर्वाण बारा ,आदित्य पुर शाखा के मुख्य प्रबंधक सोनल टेटे एवं न्यू इंडिया परिवार के समस्त कर्मचारियों ने जमशेदपुर स्थित सर दोराबजी टाटा पार्क में दोराबजी टाटा एवं मेहरबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कंपनी की स्थापना एवं पुनरुत्थान में उनके योगदान के लिए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर आभार व्यक्त किया । न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की स्थापना सर दोराबजी टाटा ने 1919 में की थी। यह एक सरकारी स्वामित्व वाली बहुराष्ट्रीय सामान्य बीमा कंपनी है और सकल प्रीमियम संग्रह के आधार पर भारत की सबसे बड़ी राष्ट्रीयकृत सामान्य बीमा कंपनी है। 1973 में अपने राष्ट्रीयकरण के बाद इस कंपनी की शाखाएं दुनिया के 25 देशों में हैं एवं इसका मुख्यालय मुंबई में है । इस अवसर पर जमशेदपुर एवं आदित्य की न्यू इंडिया शाखा से पंकज कुमार , अजीत पंजियार , अमरलाल, अमितेश कुमार , सूरज डे, जॉयलेख बनर्जी, कुशल कुमार , राजेश पांडेय, राजेश टुडू , नविता कुमारी , राजेश भगत , रामेश्वर भगत , जेपी सिंह , सुनीता मुखी ललिता देवी सहित कई अन्य कर्मी दल शामिल थे ।

### कुत्ते के काटने से बिगड़ी हालत, एमजीएम ने रिम्स रेफर किया , एंबुलेंस के इंतजार में फर्श पर ही तड़प तड़प कर मौत हो गई



जमशेदपुर। राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की हकीकत एक बार फिर सामने आई जब एमजीएम अस्पताल में इलाज के अभाव में पोटका के कलिकापुर पोचापाड़ा निवासी 38 वर्षीय वरुण भगत की तड़प-तड़प कर मौत हो गई। कुत्ते के काटने के बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। परिजन उसे बुधवार दोपहर करीब एक बजे एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चार घंटे बीत जाने के बाद भी उसे न तो इलाज मिला और न ही रांची रेफर करने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था हो सकी। परिजनों के अनुसार अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने कहा कि मरीज की हालत गंभीर है और उसे तुरंत रांची रिम्स रेफर करना होगा। इसके बाद परिवार वालों ने 108 एंबुलेंस के लिए कॉल किया, लेकिन जवाब मिला कि एंबुलेंस लाइन में लगी है। अस्पताल प्रशासन ने भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की। चार घंटे तक वरुण फर्श पर तड़पता रहा। इस दौरान उसे न तो बेड मिला, न ऑक्सीजन और न ही प्राथमिक चिकित्सा दी गई। सिर्फ एक इंजेक्शन देने के बाद उसे फर्श पर ही छोड़ दिया गया। वरुण की पत्नी सविता भगत बिलखती रही। उसने कहा, "घंटों गुहार लगाते रहे, कोई सुनने वाला नहीं था। वो तड़प रहा था, लेकिन डॉक्टरों ने नजर तक नहीं डाली।"परिजनों का कहना है कि अगर समय पर इलाज और रेफरल की सुविधा मिल जाती तो वरुण की जान बच सकती थी। राज्य सरकार ने एमजीएम अस्पताल को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने के कई वादे किए हैं, लेकिन यह घटना बताती है कि जमीनी सच्चाई बेहद भयावह है। बेड की कमी, डॉक्टरों की लापरवाही और एंबुलेंस की अनुपलब्धता जैसे मुद्दे आज भी जस के तस बने हुए हैं। वरुण भगत की मौत सिर्फ एक व्यक्ति की मौत नहीं, बल्कि व्यवस्था की क्रूर असफलता का प्रतीक है। सवाल यह है कि आम आदमी को जीने का हक आखिर कब मिलेगा। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को इसका जवाब देना ही होगा, वरना ऐसे वरुण हर दिन मरते रहेंगे और व्यवस्था यूं ही आंख मूंदे रहेगी।

### मां भद्रकाली सेवा संस्था अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति समर्पित

कोयलांचल संवाद संवाददाता

इटखोरी (चतरा) प्रखंड के युवाओं के द्वारा सेवा भावना के साथ चलाए जा रहे मां भद्रकाली सेवा संस्था अपने दायित्वों के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील है। एक ओर जहां भद्रकाली मंदिर परिसर में कांवरियों की सेवा में पूर्ण समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है वहीं दूसरी ओर पशुओं के प्रति भी अपनी दया, करुणा और संवेदना को संवेदनशीलता के साथ निभाने में लगा हुआ है। एक सप्ताह के अंतर्गत इस संस्था ने प्रखंड क्षेत्र में कई गोवंशीय मृत पशुओं का अंतिम संस्कार कर मृत पशुओं के प्रति मानवता का परिचय दिया है। संस्था के अध्यक्ष सूरज सिंह ने बताया कि यह संस्था मानव की सेवा के प्रति ही नहीं बल्कि पशुओं की सेवा के प्रति भी समर्पित भाव से जुटी हुई है। मां भद्रकाली सेवा संस्था का उद्देश्य ही है सेवा चाहे वह सेवा मानव सेवा हो अथवा गौ सेवा। हम अपनी सेवा भावना के साथ निरंतर इस दायित्व का निर्वाह करते रहेंगे। गोवंश के अंतिम संस्कार में मुख्य रूप से मां भद्रकाली सेवा संस्था के अध्यक्ष सूरज सिंह, संरक्षक कुंदन पासवान, कोषाध्यक्ष धीरज कुमार, संरक्षण पारस शर्मा, आनंद सिंह, सुमन सिंह सदस्य मुख्य रूप से सम्मिलित थे।

# खाद्य,पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का सफल आयोजन

## झारखण्ड में समूह की 32 लाख ग्रामीण महिलाएं राज्य में बदलाव की घटक- दीपिका पाण्डेय सिंह,ग्रामीण विकास मंत्री

**रांचीः** महिलाओं का स्वास्थ्य केवल एक सामाजिक संकेतक (सोशल इंडिकेटर ) नहीं बल्कि देश के आर्थिक विकास का भी दर्पण है। झारखंड सरकार मंईयां सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना जैसे योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ठोस कदम उठा रही है। इन योजनाओं को सखी मण्डल के माध्यम से जमीनी स्तर तक पहुँचाया जा रहा है। हेल्थ, पोषण के साथ-साथ अब मेंटल वेल-बीइंग पर भी फोकस करना समय की ज़रूरत है। एक स्वस्थ नागरिक ही शिक्षित,सशक्त और आत्मनिर्भर समाज की नींव रख सकता है। सेतु दीदियाँ और सखी मंडल की महिलाएँ अब न केवल स्वयं जागरूक हो रही हैं बल्कि अपने समुदाय को भी संगठित और सशक्त कर रही हैं। यह परिवर्तन अब गाँव.गाँव तक पहुँच रहा है और यही झारखंड की वास्तविक ताक़त है।उक्त बातें ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह ने कही। वह बुधवार को संगठन,स्वास्थ्य,समृद्धि,खाद्य, पोषण,स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर महिला समूहों की सहभागिता विषय पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं । यह कार्यशाला भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड सोसाईटी (JSLPS)के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई।

### हमारा संकल्प हर गांव स्वस्थ, हर महिला सक्षम, हर घर समृद्ध



श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य,पोषण,स्वच्छता ये सभी विषय आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं और इन पर प्रभावशाली कार्य तभी संभव है इनसे से जुड़े संबंधित विभाग आपस में समन्वय बना कर काम करें ।

झारखंड में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका से स्वास्थ्य,पोषण,स्वच्छता,ऊर्जा और आजीविका के क्षेत्र में नया परिवर्तन दिख रहा है। मंईयां सम्मान योजना,मनरेगा ,दीदी बाड़ी ,अबुआ आवास, बिरसा हरित ग्राम,पोषण वाटिका जैसी योजनाएं नारी नेतृत्व को सशक्त बना रही हैं। अब महिलाएं ग्राम विकास की धूरी हैं। उनका पोषण और स्वास्थ्य बेहतर होगा तभी समाज सशक्त होगा। हमारा संकल्प है हर गांव स्वस्थ, हर महिला सक्षम, हर घर समृद्ध।

### सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से महिलाएं ही रही हैं सशक्त

ग्रामीण विकास सचिव श्री के श्रीनिवासन ने कहा कि महिलाओं का सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण ही स्वस्थ समृद्ध और विकसित समाज की नींव है।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजना, पीवीटीजी परिवारों तक राशन पहुँचाने के उद्देश्य से संचालित डाकिया योजना ,फूलो-झानो आशीर्वाद योजना के माध्यम से महिलायें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से समृद्ध हो रही हैं।

श्री श्रीनिवासन ने बताया कि फूलो-झानो आशीर्वाद योजना के तहत अब तक 36000 महिलाओं को ब्याज मुक्त ऋण के माध्यम से लाभान्वित किया गया है।उन्होंने कहा कि जोहार परियोजना का दूसरा चरण जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा, जिस पर कार्य प्रगति पर है।उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला केवल चर्चा का मंच नहीं बल्कि एक प्रेरणादायक कार्य योजना का प्रारूप है जिसे हम धरातल पर लागू करने का प्रयास करेंगे। छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े सामाजिक बदलावों की नींव रखते हैं।

### खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में झारखंड ने अत्यंत सराहनीय कार्य

श्रीमती स्मृति शरण, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आपसी सीख को साझा कर, उसे सूचीबद्ध करना और आगे की रूपरेखा तैयार करने में मदद करना है। उन्होंने बताया कि खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में झारखंड ने अत्यंत सराहनीय कार्य किया है। कार्यशाला के पहले दिन प्रतिभागियों ने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान 14 जिलों के जमीनी प्रयासों का अवलोकन किया और उससे महत्वपूर्ण सीख लिया ,जिसे वे अपने-अपने राज्यों में लागू कर सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आगामी वर्ष में रूरल प्रॉस्पेरिटी एंड रेजिलिएंस प्रोग्राम की शुरुआत होने जा रही है जिसमें एफएनएच एक महत्वपूर्ण घटक होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्यों में 'इमर्सिबल साइट्स 'विकसित की जाएं संसाधनों और मॉडलों को और अधिक सशक्त किया जाए तथा कार्यों की ग्रेडिंग प्रणाली पर भी गंभीरता से कार्य किया जाए।

कार्यशाला में विभिन्न राज्य जैसे राजस्थान,छत्तीसगढ़,जम्मू और कश्मीर, झारखण्ड की एफएनएच कैडर ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वह समूह के माध्यम से पोषण वाटिका माहवारी स्वच्छता आदि पर साझा प्रयास के जरिए कार्य कर रहीं हैं झारखण्ड से खूंटी जिला की सेतु दीदी क्लेमेंसिया ओर्रा ने बताया की टीपीसी समूह सलाह के साथ साथ आंगनबाड़ी केंद्र ,आशा दीदी के साथ समूह बैठक में महिलाओं की साझेदारी सुनिश्चित कर योजना तैयार कर कार्य कर रही हैं। समूह बैठक में आयरन, काल्सिम गोली, डीवोर्मींग पर भी कार्य कर रही हैं, जिससे काफी जागरूकता परिवारों में आ रही है।

कार्यक्रम में झारखंड में उत्कृष्ट कार्य कर रही सेतु दीदियों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यशाला स्थल पर 14 राज्यों एवं झारखंड की ओर से स्टॉल्स भी लगाए गए। जिनमें खाद्य,पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए नवाचारों की प्रभावशाली प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई। माननीय ग्रामीण विकास मंत्री, श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह ने स्टॉल्स का भ्रमण कर प्रतिभागियों से उनके नवाचारों और प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

इस कार्यशाला में ग्रामीण विकास मंत्रालय की उप सचिव डॉ मोनिका ,श्री अनन्य मित्तल,सीईओ.जेएसएलपीएस, झारखण्ड सरकार सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में शांतिपूर्ण विरोध या प्रदर्शन की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखा जाएः अभाविप



रांचीः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची महानगर के द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में अभाविप प्रतिनिधिमंडल के द्वारा कुलपति के नाम ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया गया की जिस प्रकार से तुगलक्की फरमान विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया गया है वह अत्यंत निंदनीय घटना है विद्यार्थी परिषद इसकी कड़ी शब्दों में भर्त्सना करती है और शीघ्र इस प्रकार की अधिसूचना को अभिलंब निरस्त कर छात्र-छात्राओं के हित में आंदोलन,विरोध के पूर्व की भांति विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों की आवाज को बरकरार रखा जाए।

केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य दिशा जी ने कहा कि उक्त विषय को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए या उसमें संशोधन कर छात्र हित को प्राथमिकता दी जाए, नामांकन प्रक्रिया के दौरान विशेष परिस्थिति में छात्रों के साथ एक सहयोगी या अभिभावक को प्रवेश की अनुमति दी जाए।

प्रदेश मीडिया संयोजक गुड्डू राय ने कहा कि छात्रों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासनिक संवाद की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विश्वविद्यालय एक अकादमिक का लोकतांत्रिक परिसर है जहां विद्यार्थियों को अपनी समस्या और मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से रखने का अधिकार प्राप्त है ऐसे में शांतिपूर्ण प्रदर्शन या विरोध को अनुशासनहीनता की श्रेणी में रखना संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति के स्वतंत्रता का उल्लंघन प्रतीत होता है। विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल में हर्ष राज,अंशुल उज्जैन,आनंद राज, प्रियांशु तिवारी,नितेश यादव उपस्थित रहे।

## टाटा ट्रस्ट्स का अभियान सर्वाइकल कैंसर की जांच के लिए महिलाओं को कर रहा प्रेरित



रांचीः कई बार, किसी महिला की सबसे बड़ी लड़ाई उसके अपने मन के डर, चुप्पी और हिचकिचाहट से होती है। टाटा ट्रस्ट्स के सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान खुद से जीत में इसी अंतर्द्वंद को सामने लाया गया है। यह अभियान महिलाओं को समय पर सर्वाइकल कैंसर की जांच कराने और अपनी सेहत को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करता है। इस सत्र में डॉ. गौरवी मिश्रा, डिप्टी डायरेक्टर, सेंटर फॉर कैंसर एपिडेमियोलॉजी, टाटा मेमोरियल सेंटर; डॉ. सविता गोस्वामी, साइको-ऑन्कोलॉजिस्ट, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल; और वंदना गुप्ता, कैंसर सर्वाइवर और वी केयर फाउंडेशन की संस्थापक मौजूद रहीं। इस सत्र का संचालन डॉ. रुद्रदत्त श्रोत्रिय, हेड, मेडिकल ऑपरेशन्स, टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन ने किया। उन्होंने कहा, भारत में हर साल सर्वाइकल कैंसर के कारण करीब 15 लाख स्वस्थ जीवन वर्ष का नुकसान होता है, खासकर 30 से 65 वर्ष की महिलाओं में। इसकी सबसे बड़ी वजह है - जागरूकता की कमी और हिचकिचाहट। कई महिलाएं शुरुआती लक्षणों को गंभीरता से नहीं लेतीं, और जो लेती हैं, वे डर या शर्म के चलते जांच टाल देती हैं। कुछ को तो यह भी नहीं पता होता कि बिना लक्षणों के भी खतरा हो सकता है। ऐसे में समय पर स्क्रीनिंग बेहद जरूरी है। हमारा उद्देश्य है कि महिलाएं अपनी सेहत को प्राथमिकता दें और बिना हिचक जांच कराएं।

## रांची के सदर अस्पताल को मिली राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि

### आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर रचा नया इतिहास

रांचीः झारखंड की राजधानी रांची स्थित सदर अस्पताल ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। आयुष्मान भारत - मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के सफल क्रियान्वयन में यह अस्पताल पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान पर रहा है। यह न केवल झारखंड के स्वास्थ्य तंत्र की क्षमता का प्रतीक है, बल्कि यह पूरे देश के लिए एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है कि सरकारी संस्थान भी प्रतिबद्धता और दक्षता से कार्य कर बेहतरीन परिणाम दे सकते हैं।

### सरकारी स्वास्थ्य प्रणाली की एक नई पहचान

रांची सदर अस्पताल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क और समावेशी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावशाली क्रियान्वयन में सभी जिला अस्पतालों को पीछे छोड़ दिया है। मेडिकल कॉलेजों और अन्य सरकारी संस्थानों की श्रेणी में भी इसे चौथा स्थान प्राप्त हुआ है, जो अस्पताल की सेवा गुणवत्ता, दक्षता और व्यवस्था की व्यापक सराहना का प्रमाण है।

### दो लाख से अधिक मरीजों को मिला लाभ

इस योजना के अंतर्गत अब तक 2 लाख से अधिक आयुष्मान कार्डधारी मरीजों को निःशुल्क इलाज और समुचित चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा चुकी हैं। चाहे सामान्य बीमारियां हों या जटिल ऑपरेशन, मरीजों को किसी भी प्रकार का आर्थिक बोझ उठाए बिना इलाज की सुविधा मिली है। यह स्वास्थ्य सेवाओं को वास्तविक रूप से गरीब और जरूरतमंद लोगों तक पहुँचाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## रांची एयरपोर्ट पर उमरा जा रहे जायरीन ने मांगी देश राज्य की खुशहाली व अमनों सलामती की दुआएं

रांची : हज एंड उमरा पर जाना हर मुस्लिम की तमन्ना रहती है। सना हज एंड उमरा सर्विस से लगातार उमरा जाने वालों का जत्था रांची एयरपोर्ट से जा रहा है। इसी सिलसिला को जारी रखते हुए आज 23 जुलाई 2025 को सना हज एंड उमरा सर्विस से 35 जायरिन का जत्था बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उमराह के लिए रवाना हुआ। लगातार हर दूसरे महीने उमराह करने वालों का जत्था रांची एयरपोर्ट से उमराह के लिए उड़ान भर रही है।

## डीपीएस रांची ने कक्षा 12वीं कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज के मेधावी छात्रों को सम्मनित किया

रांचीः दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची के विवेकानंद ऑडिटोरियम में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (एसएससीई) 2025 में कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज संकाय के छात्रों द्वारा प्राप्त शानदार प्रदर्शन के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की गरिमा मुख्य अतिथि श्रीमती राजेश्वरी बी (आईएएस), डायरेक्टर, डिपार्टमेंट ऑफ़ पंचायती राज, झारखंड सरकार, और विशिष्ट अतिथि श्री जीशान क़मर (आईएएस), डायरेक्टर, डेरी डेवलपमेंट डायरेक्टरेट, झारखंड एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, मार्केटिंग बोर्ड, झारखंड ने बढ़ाई। उनके प्रेरणादायक शब्दों और स्नेहिल उत्साहवर्धन ने विद्यार्थियों को गहराई से प्रभावित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एक भावपूर्ण स्वागत गीत से हुई, जिसने पूरे सभागार को ऊर्जा से भर दिया। इसके बाद विद्यालय की प्राचार्या डॉ. जया चौहान द्वारा अतिथियों को सैपलिंग और स्मृति चिन्ह भेंट कर औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और छात्रों द्वारा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति हुई।



इस प्रेरणादायक समारोह में कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज संकाय के कुल 118 विद्यार्थियों (जिन्होंने 90% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए), को उनकी अकादमिक उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने स्वयं सभी छात्रों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए, जिससे पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

मुख्य अतिथि श्रीमती राजेश्वरी बी ने अपने संबोधन में कहा, "यह सफलता सजग विकल्पों, अथक प्रयास और उत्कृष्टता के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का परिणाम है। कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज संकाय हर प्रगतिशील समाज की रीढ़ होते हैं — यही विचारकों, नीति निर्माताओं, सृजनकर्ताओं और परिवर्तनकर्ताओं को गढ़ते हैं। मैं सभी विद्यार्थियों से आग्रह करती हूँ कि वे इसी भावना को आगे बढ़ाएं और ज्ञान, सहानुभूति तथा नवाचार के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं।" उन्होंने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि डीपीएस रांची हर साल न केवल शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट, बल्कि नैतिक रूप से भी सशक्त विद्यार्थियों को तैयार करता है।

विशिष्ट अतिथि श्री जीशान क़मर ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा, "आज की दुनिया में सफलता संकाय से नहीं, उद्देश्य से परिभाषित होती है। आप चाहे व्यवसाय, कानून, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, साहित्य या लोक सेवा में जाएं — उसे साहस और स्पष्टता के साथ अपनाएं। आज जिन उपलब्धियों का हम जश्न मना रहे हैं, वे सिर्फ शुरुआत हैं। आपकी शिक्षा आपके कार्यों का मार्गदर्शन करे और आपके कार्य समाज की सेवा करें। आप केवल डीपीएस रांची के छात्र नहीं हैं — आप भविष्य के नेतृत्वकर्ता है।"

# सीसीएल की राजेन्द्र नगर डिस्पेंसरी बनी पूर्णतः महिला संचालित – महिला सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (CCL) ने दिनांक 22 जुलाई 2025 को *राजेन्द्र नगर डिस्पेंसरी को पूर्णतः महिला संचालित डिस्पेंसरी के रूप में औपचारिक रूप से शुरू किया। इस ऐतिहासिक पहल का शुभारंभ सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री निलेंदु कुमार सिंह के कर-कमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) श्री हर्ष नाथ मिश्र भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उन्होंने इस पहल को कोयला उद्योग में महिलाओं के नेतृत्व विकास की दिशा में एक सशक्त कदम बताया।



डिस्पेंसरी का संचालन अब पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा, जिनमें डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ और अन्य सहयोगी कर्मी शामिल हैं। इस टीम का नेतृत्व डॉ. नेहा अग्रवाल कर रही हैं, जबकि उनके सहयोग में डॉ. पायल मिश्रा और अराधना बिरुआ जैसे समर्पित महिलाकर्मी भी हैं।

शुभारंभ अवसर पर दीप प्रज्वलन और शिलापट्ट अनावरण कर इस ऐतिहासिक पहल की शुरुआत की गई। सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह ने उपस्थित डॉक्टरों और स्टाफ से संवाद कर डिस्पेंसरी के सुचारु संचालन हेतु सुझाव लिए और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। निदेशक (HR) ने भी इस पहल को हर स्तर पर समर्थन देने की बात कही।

### वर्तमान में डिस्पेंसरी में उपलब्ध प्रमुख सेवाएँः

1. ओ.पी.डी
2. ओ.पी.डी फार्मेसी
3. ड्रेसिंग रूम

इस अवसर पर CMS - CCL डॉ. रत्नेश जैन, डॉ. भरत सिंह, डॉ. दीपाली, डॉ. रत्नेश सिंह, प्रिति तिग्गा, डॉ.सत्य प्रकाश रंजन सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

यह पहल न केवल महिलाओं के नेतृत्व को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि कोयला उद्योग में लैंगिक समानता की दिशा में भी एक मजबूत उदाहरण पेश करेगी।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/2013/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मेदार।